चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 16 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-79, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





शनि के उपग्रह एन्सेलाडस में ठहरी जीवन की तलाश 16

फिल्म के लिए मिल रही तारीफ से भावुक हुईं परिणीति 15








## पीसीएस अधिकारी ने फंदे पर लटककर की आत्महत्या

आजमगढ़, एजेंसी

- पत्नी के निधन के बाद अवसाद में चल रहे थे, गाजीपुर में थे तैनात

जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र में पीसीएस अधिकारी ने रविवार देर रात फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली।

पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बूढ़नपुर कस्बा निवासी आलोक कुमार सिंह (43) गाजीपुर जिले में बतौर एसडीएम तैनात थे और नगर पालिका गाजीपुर के प्रभारी ईओ का काम भी देख रहे थे। 2003 बैच के पीसीएस अधिकारी बीते 15 दिनों से अवकाश पर थे। उन्होंने बताया कि एक साल पूर्व आलोक कुमार की पत्नी का निधन हो गया था। उसके बाद से ही वे डिप्रेशन में चल रहे थे। रविवार को आलोक कुमार घर पर अकेले थे और इसी दौरान उन्होंने घर में ही फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। देर रात पट्टीदारों व पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी । सूचना पर अतरौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की दो पुत्रियों हैं। दोनों बाहर रहकर पढ़ाई कर रही हैं।




# इस बार मानसून में सामान्य से ज्यादा बरसेंगे मेघ

## देश के 20 राज्यों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक इस बार जून से सितंबर माह तक मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा। 104 से 110 फीसद के बीच बारिश को मौसम विभाग सामान्य से बेहतर मानता है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक 20 राज्यों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है।

आईएमडी के महानिदेशक (डीजी) मृत्युंजय महापात्र ने सोमवार को बताया कि आईएमडी अपने पूर्वानुमान में अल नीनो, ला नीनो, हिंद महासागर द्विध्रुव स्थितियां और उत्तरी गोलार्ध में बर्फीले आवरण संबंधी स्थिति के प्रभाव पर विचार करता है। यह सभी स्थितियां इस बार भारत में अच्छे मानसून के अनुकूल हैं। महापात्र ने कहा कि 1971 से 2020 तक के बारिश के आंकड़ों पर गौर करें तो हाल के वर्षों में 1 जून से 30 सितंबर के बीच पूरे देश में औसतन 87 सेंटीमीटर बारिश होती है। अगर वर्षा 96 फीसदी से 104 प्रतिशत के बीच होती है तो वह सामान्य मानी जाती है। दीर्घावधि औसत की 106 फीसदी बारिश सामान्य से अधिक की श्रेणी में आती है और अगर वर्षा दीर्घावधि औसत की 105 फीसदी से 110 फीसदी के बीच होती है तो इसे सामान्य से अधिक माना जाता है। बारिश एलपीए का 90-96 प्रतिशत के बीच होती है तो उसे सामान्य से कम माना जाता है।



### इन राज्यों में सामान्य से ज्यादा हो सकती है बारिश

केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र , गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, प .बंगाल, सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, पुडुचेरी, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, लक्षदीप, दादरा और नगर हवेली, दमन-दीव।

- **इन राज्यों में सामान्य बारिश का अनुमान :** छत्तीसगढ़, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख।
- **यहां सामान्य से कम बारिश का अनुमान :** ओडिशा, असम, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा।

### प्रदेश में सबसे गर्म रहा प्रयागराज, पारा 42 के पार

**लखनऊ :** मौसम बदलने की संभावनाओं के साथ तापमान तेजी से बढ़ा है। प्रदेश में सबसे गर्म प्रयागराज रहा। यहां का तापमान 42 डिग्री रहा। सोमवार को प्रदेश के अधिकतर जनपदों का तापमान 34 डिग्री से अधिक रहा। लखनऊ का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के करीब रहा। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, आगे भी तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। इस बार वर्षा मई माह के अंतिम सप्ताह से आरंभ हो जाएगी। वर्षा का क्रम दो चरणों में रहेगा। इस बार सामान्य से अधिक होने वाली वर्षा कई वर्षों के रिकार्ड से अधिक रहेगी।

## एक नजर

### हुसैन की याचिका पर कोर्ट ने ईडी से मांगी दलील

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को ईडी से उस तर्क में लिखित दलील देने को कहा, जिसमें एजेंसी ने दावा किया है कि 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के संबंध में हुसैन के खिलाफ धन शोधन मामले को रद करने के अनुरोध वाली पूर्व आप नेता की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने ईडी के वकील द्वारा पूर्व पार्षद हुसैन की याचिका की पोषणीयता पर सवाल खड़ा करने के बाद यह आदेश पारित किया। कोर्ट ने अगली सुनवाई सितंबर के लिए सूचीबद्ध की और हुसैन के वकील को ईडी के जवाब पर प्रत्युत्तर दाखिल करने की छूट दी। साथ ही अगली तारीख पर निचली अदालत के रिकॉर्ड भी पेश करने का निर्देश दिया।

### प. एशिया में तनाव बढ़ने से सेंसेक्स 845 अंक लुढ़का

**मुंबई :** शेयर बाजारों में सोमवार को दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और सेंसेक्स 845 अंक और लुढ़क गया। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित रही। तीस शेयरों वाले बीएसई सेंसेक्स 845 .12 अंक यानी 1 .14 प्रतिशत की गिरावट के साथ दो सप्ताह के निचले स्तर 73,399 .78 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 929 .74 अंक तक टूटा था। एनएसई का निफ्टी भी 246 .90 अंक यानी 1 .10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,272 .50 अंक पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 793 .25 अंक और निफ्टी 234 .40 अंक के नुकसान में था।

### 17 तक बढ़ी पूर्व मंत्री सेंथिल की हिरासत

**चेन्नई।** सत्र अदालत ने सोमवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी .सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 17 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। उन्हें ईडी ने धनशोधन के मामले में जून 2023 में गिरफ्तार किया था।

# जो प्रधानमंत्री मोदी का विजन वही हमारे लिए मिशन : योगी

## मुख्यमंत्री ने भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर पार्टी कार्यालय में की पत्रकार वार्ता

- सीएम बोले, देश को मोदी की गारंटी पर है विश्वास
- नारा दिया- 80 बनेगा आधार एनडीए 400 के पार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी बताते हुए इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की उद्घोषणा करार दिया है। योगी के मुताबिक, आज देश का जो भी एंबीशन है वह पीएम मोदी का विजन बन चुका है और हमारे लिए वही मिशन है। इस देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है।

सोमवार को यहां भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, इस घोषणापत्र में हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराया है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के चार आधार हैं। उन्होंने उप्र. में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा कि '80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार।'

योगी ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल मात्र नहीं है। बल्कि यह भारत के विजन को मिशन मानकर प्रभावी ढंग से लागू करने के 140 करोड़ जनता की आकांक्षा बन चुकी है। संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है।

उन्होंने यह भी बताया कि संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। आजादी के अमृतकाल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है। हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अंत्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं।

# 21 सेवानिवृत्त जजों का सीजेआई को पत्र न्यायपालिका को किया जा रहा कमजोर

## पत्र लिखने वालों में उच्चतम न्यायालय के चार सेवानिवृत्त न्यायाधीश भी शामिल

नयी दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के 21 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के एक समूह ने सोचे समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक रूप से अपमान के जरिए न्यायपालिका को कमजोर करने के कुछ गुटों के बढ़ते प्रयासों पर प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को एक पत्र लिखा है। जजों ने कहा कि ये आलोचक संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित हैं तथा न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं।

यह पत्र भ्रष्टाचार के मामलों में कुछ विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दलों में वाकयुद्ध के बीच लिखा गया है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को भेजी गई चिट्ठी पर हस्ताक्षर करने वालों में सुप्रीम कोर्ट के चार पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एमआर शाह शामिल हैं। बाकी 17 विभिन्न उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश हैं। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने आलोचकों पर अदालतों और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के स्पष्ट प्रयासों के साथ कपटपूर्ण तरीके अपनाने का आरोप लगाया है।

- न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर अपनाए जा रहे कपटपूर्ण तरीके

पूर्व न्यायाधीशों ने न्यायपालिका से ऐसे दबावों के खिलाफ मजबूत होने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि कानूनी प्रणाली की पवित्रता और स्वायत्तता संरक्षित रहे। पत्र में कहा, हम विशेष रूप से गलत सूचना की रणनीति और न्यायपालिका के खिलाफ जनता की भावनाओं को भड़काने के प्रयासों में चिंतित हैं। यह कोशिश न केवल अनैतिक हैं, बल्कि हमारे लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के लिए नुकसानदायक भी हैं। पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि यह हमारे संज्ञान में आया है कि ये तत्व संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित होकर हमारी न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। उनके इस मामले में काम करने के तरीके कहीं अधिक कपटपूर्ण हैं। उन्होंने उन तरीकों से स्पष्ट रूप से दोषारोपण करके न्यायिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का प्रयास किया। इस तरह की कोशिश न केवल हमारी न्यायपालिका की पवित्रता का अपमान करती हैं, बल्कि न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के लिए सीधी चुनौती भी हैं।

### डराने-धमकाने के लिए पत्र लिखवाया गया: कांग्रेस

न्यायाधीशों के एक समूह द्वारा प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखा जाना न्यायपालिका को डराने-धमकाने की रणनीति का हिस्सा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि न्यायपालिका को सबसे बड़ा खतरा कांग्रेस से नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से है। 21 पूर्व न्यायाधीशों ने खत लिखा है जो इस बात की एक और मिसाल है कि किस प्रकार से प्रधानमंत्री और गृह मंत्री उच्चतम न्यायालय को धमकी दे रहे हैं, डरा रहे हैं और दबाव बना रहे हैं। उनका कहना था, उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि मणिपुर में संविधान नहीं बचा है। इसके बाद उसने कहा था कि चुनावी बॉण्ड असंवैधानिक है। उच्चतम न्यायालय में एक न्यायाधीश ने नोटबंदी की आलोचना की थी। इसलिए एक निष्पक्ष न्यायपालिका को डराने और धमकी देने के लिए यह तरीका अपनाया गया है।

# 23 तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी



**आबकारी नीति घोटाला**

- वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री

दिल्ली की अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत सोमवार को 23 अप्रैल तक बढ़ा दी।

सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की हिरासत की अवधि बढ़ा दी। इससे पहले, केजरीवाल को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। उनकी पूर्व की हिरासत अवधि सोमवार को समाप्त हो रही थी। ईडी ने यह कहते हुए केजरीवाल की हिरासत 14 दिन बढ़ाने की मांग की कि जांच महत्वपूर्ण चरण में है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की उस याचिका पर सोमवार को ईडी से 24 अप्रैल तक जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तारी को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के नौ अप्रैल के उस आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखा गया था।

### कविता की अर्जी पर सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली।** अदालत ने कविता की जमानत अर्जी पर सीबीआई को नोटिस जारी किया। सीबीआई और ईडी के मामलों के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया और संघीय एजेंसी को 22 अप्रैल तक अर्जी पर जवाब देने का निर्देश दिया। सीबीआई ने कविता को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में ईडी के गिरफ्तार करने के बाद से वह तिहाड़ जेल में थीं।

### ईडी ने चनप्रीत को किया गिरफ्तार, 18 तक हिरासत में

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में चनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए आप के कोष का कथित तौर पर प्रबंधन किया था। सूत्रों ने बताया कि सिंह को धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था और अगले दिन विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने सिंह को 18 अप्रैल तक ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी द्वारा इस मामले में यह 17वीं गिरफ्तारी है।

## रामनवमी पर श्रद्धालुओं को 19 घंटे दर्शन

**अयोध्या।** रामनवमी पर रामलला भक्तों को 19 घंटे दर्शन देंगे। रामलला के जन्मोत्सव पर 17 अप्रैल को सुबह चार से रात 11 बजे तक मंदिर में प्रवेश मिलेगा। दोपहर में 12:16 बजे सूर्याभिषेक होगा।

पांच मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक पर पड़ेंगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने सोमवार को उत्सव की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रृंगार, आरती आदि दर्शन के साथ-साथ चलते रहेंगे। दोपहर 12 बजे से पहले वस्त्र श्रृंगार होगा और 12 बजते ही पर्दा खुल जाएगा। मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नपेंद्र मिश्र ने बताया कि 12:16 बजे रामलला का सूर्याभिषेक होगा।

## चुनावी बॉण्ड रद करने के फैसले पर पुनर्विचार याचिका दायर

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने 2018 की चुनावी बॉण्ड योजना को कर दिया था रद

सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर 15 फरवरी के उस फैसले पर पुनर्विचार का अनुरोध किया गया है, जिसमें मोदी सरकार की राजनीतिक चंदे की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया गया था।

वकील मैथ्यूज जे. नेदुम्पारा द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका में कहा गया कि अदालत ने योजना के खिलाफ याचिका पर विचार किया और इस बात पर ध्यान दिए बिना ही कानून और योजना को रद कर दिया कि ऐसा करके वह संसद पर अपीलीय प्राधिकारी के रूप में कार्य कर रहा है। याचिका में कहा गया कि अदालत ने ऐसे मामले पर अपने विवेक का प्रयोग किया, जो विधायी और कार्यकारी नीति के विशिष्ट क्षेत्र में आता है। नेदुम्पारा ने दावा किया कि न्यायालय इस बात पर ध्यान देने में विफल रहा कि जनता की राय इस मामले में अलग-अलग हो सकती है और देशवासी संभवतः इस योजना के समर्थन में हो सकते हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 2018 की चुनावी बॉण्ड योजना को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सूचना के अधिकार का उल्लंघन करार देते रद किया था।

## मुंबई अपराध शाखा ने दो संदिग्ध को पकड़ा

**मुंबई :** महाराष्ट्र में मुंबई के पॉश बांद्रा इलाके में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के आवास के बाहर कई राउंड फायरिंग के 24 घंटे में मुंबई अपराध शाखा ने नवी मुंबई से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य अनमोल बिश्नोई ने कल शाम हमले की जिम्मेदारी ली थी।

मुंबई पुलिस अपराध शाखा के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि बांद्रा पुलिस की प्रारंभिक जांच के बाद अब मामले की जांच अपराध शाखा कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह पांच बजे बाइक सवार दो हमलावरों ने बांद्रा स्थित सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर पांच राउंड फायरिंग की।

# एक अक्टूबर से कर्ज लेने वालों को पूरी जानकारी उपलब्ध कराएंगे बैंक

मुंबई, एजेंसी

- व्यक्तिगत कर्जदारों, डिजिटल और छोटी राशि के कर्ज के संबंध में सभी जानकारी देना अनिवार्य

आरबीआई ने सोमवार को कहा कि बैंकों और एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां) को एक अक्टूबर से खुदरा और एमएसएमई कर्ज के लिए ऋण लेने वाले को ब्याज और अन्य लागत समेत ऋण समझौते के बारे में सभी जानकारी (केएफएस) देनी होगी। वर्तमान में, विशेष रूप से वाणिज्यिक बैंकों की तरफ से दिये गये व्यक्तिगत कर्जदारों, आरबीआई के दायरे में आने वाली इकाइयों के डिजिटल ऋण और छोटी राशि के कर्ज के संबंध में ऋण समझौते के बारे में सभी जानकारी देना अनिवार्य किया गया है।

रिजर्व बैंक ने बयान में कहा कि कर्ज के लिए केएफएस पर निर्देशों को सुसंगत बनाने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा, यह आरबीआई के दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों के उत्पादों को लेकर पारदर्शिता बढ़ाने और सूचना की कमी को दूर करने के लिए किया गया है। इससे कर्ज लेने वाला सोच-विचारकर वित्तीय निर्णय कर सकेंगे। यह निर्देश आरबीआई के नियमन के दायरे में आने वाले सभी इकाइयों (आरई) की तरफ से दिये जाने वाले खुदरा और एमएसएमई सावधि ऋण के मामलों में लागू होगा। कर्ज लेने वालों को एक मानकीकृत प्रारूप में प्रदान किया जाता है। एक अक्टूबर, 2024 को या उसके बाद स्वीकृत सभी नये खुदरा और एमएसएमई सावधि ऋण के मामले में दिशानिर्देश बिना किसी अपवाद के अक्षरशः पालन किया जाएगा। इसमें मौजूदा ग्राहकों को दिये गये नये कर्ज भी शामिल हैं।

## योगी और कंगना पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार:** वजीरगंज थाना क्षेत्र के शिवशंकर ने सीएम योगी व अभिनेत्री कंगना रानौत का आपत्तिजनक कार्टून बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल डाल दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वजीरगंज के परसिया गांव निवासी शिवशंकर ने फेसबुक पर शिवशंकर यदुवंश के नाम से फेसबुक आईडी बना रखी है। उसने खुद को यादव संगठन का महासचिव व वीर अहीर सेन निर्माण का जिला सचिव लिख रखा है। शिवशंकर ने सीएम योगी व कंगना रानौत का अभद्र पोस्टर बनाकर उसे फेसबुक पर पोस्ट किया था। साथ ही कंगना से मंडी(हिमाचल प्रदेश) का भाव पूछा था। यही नहीं, मुख्यमंत्री योगी का महिला वेष में अभद्र पोस्टर बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया था। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपी पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# गंगा एक्शन प्लान का 26 जिलों से मांगा हिसाब

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- गंगा ग्रामों में खर्च राशि का ऑडिट के साथ देना होगा उपभोग प्रमाण
- नदी से सटे जिलों में कराए थे ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य

**अमृत विचार :** गंगा एक्शन प्लान के तहत 26 जिलों के गंगा ग्रामों को स्वच्छ बनाने में खर्च धनराशि का केंद्र ने हिसाब मांगा है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के तहत नदी किनारे गंगा ग्रामों में क्या काम हुए, कितनी धनराशि खर्च हुई व कितनी शेष है। यह संबंधित जिला पंचायत राज अधिकारी को ऑडिट रिपोर्ट के साथ देना है। क्योंकि, कहीं अधूरे कार्य तो कहीं लाभार्थियों को योजना का लाभ न मिलने के कारण हिसाब नहीं दिया है। साथ ही 2023-24 में खर्च धनराशि का उपभोग प्रमाणपत्र भी मांगा है। इस योजना में केंद्र और राज्य सरकार ने समय-समय पर करोड़ों रुपये दिए थे। केंद्र और राज्य अंश का अलग-अलग हिसाब देना है। रिपोर्ट में किसी तरह का अंतर न आए यह पंचायती राज निदेशालय ने हिदायत दी है। जो निदेशालय में ग्राम पंचायत वार रिपोर्ट का परीक्षण करेगा और केंद्र को भेजेगा।

> तीन जिलों में कुछ शौचालयों की धनराशि बकाया है। इसका समाधान करा रहे हैं। संबंधित जिलों से ऑडिट रिपोर्ट और खर्च धनराशि का उपभोग प्रमाणपत्र मांगा है। जो शीघ्र ही केंद्र को भेजेंगे। - **राज कुमार**, मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उप्र

### प्रयागराज, हरदोई, मुजफ्फरनगर में फंसी पहली किस्त

गंगा एक्शन प्लान के तहत गांवों में ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य कराए गए हैं। इसमें साफ-सफाई, नाली निर्माण, व्यक्तिगत शौचालय, आरआरसी सेंटर आदि शामिल हैं। जिनके इस्तेमाल से नदी में सीवेज, कूड़ा, गंदा पानी, कृषि के अपशिष्ट आदि का प्रवाह रोकना है। इसमें व्यक्तिगत शौचालय मुख्य हैं। इनके लाभार्थियों का चयन पूर्व में हुआ था और सबसे अधिक धनराशि उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन, प्रयागराज, हरदोई और मुजफ्फरनगर में कुछ लाभार्थियों को शौचालय निर्माण की पहली किस्त नहीं मिल पाई है तो किसी की दूसरी बकाया है। इस वजह से उपभोग प्रमाणपत्र और ऑडिट प्रभावित है।

**29** जनपद **1004** ग्राम पंचायत **1605** राजस्व ग्राम

**गंगा एक्शन प्लान में यह जिले:** अमरोहा, बलिया, भदोही, बिजनौर, बदायूं, बुलंदशहर, चंदौली, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, गाजीपुर, हापुड़, हरदोई, कन्नौज, कानपुर नगर, कासगंज, कौशांबी, मेरठ, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, सम्भल, शाहजहांपुर, उन्नाव व वाराणसी।

## एक नजर

### मुख्य अभियंता ने अधिकारियों संग की समीक्षा

अमृत विचार,लखनऊ : ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता ने सोमवार को उपकेंद्र अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से 11 केवी तारों को डालने के कार्य को जल्द पूरा करने के लिए निर्देश दिए ।मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि समीक्षा बैठक में क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए प्रयास तेज करने और कर्मचारी को बिना अधिकारी के अनुमति के शटडाउन ना देने के लिए कहा है। इसके साथ ही बकायेदारों से राजस्व की वसूली को तेज करने और प्रीपेड मीटरों के स्टॉक को चेक करने के लिए भी निर्देशित किया है ।उपकेंद्र अधिकारियों को उपभोक्ताओं की समस्या को निपटाने के लिए ऑफिस में मौजूद रहने के लिए कहा है।

### 40 जिलों ने नहीं दिया युवा उत्सव का उपयोगिता प्रमाण पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल द्वारा कराए गए युवा उत्सव के उपयोगिता प्रमाण पत्र 40 जिलों ने नहीं दिए हैं। जबकि महानिदेशालय से बराबर पत्राचार कर कार्यकम संबंधित प्रमाण पत्र मांगे जा रहे हैं। वर्ष 2023-24 में मंडल व जनपद स्तर पर युवा उत्सव कार्यक्रमों हुए थे। इन कार्यक्रमों की महानिदेशालय ने पुष्टि के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र जिला युवा कल्याण अधिकारियों से मांगे हैं। जो सोनभद्र, लखीमपुर, महोबा, उन्नाव, सुल्तानपुर, चंदौली, प्रतापगढ़, कानपुर नगर, कन्नौज, जालौन, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, बुलंदशहर, ललितपुर, इटावा, शामली, बलरामपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, वाराणसी, मिर्जापुर, कौशांबी, कानपुर देहात, हापुड़, अमरोहा, सम्भल, बदायूं, अयोध्या, बाराबंकी संत कबीर नगर, देवरिया, चित्रकूट व हाथरस ने दिए हैं। जबकि शेष जिले प्रमाण पत्र नहीं उपलब्ध करा रहे हैं।

# लालू आबादी बढ़ाएं, मोदी पीएम आवास बढ़ाएंगे

## मुख्यमंत्री योगी ने बिहार में दो जनसभाओं को किया संबोधित, विपक्षियों पर जमकर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बिहार में औरंगाबाद और नवादा में जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान योगी ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल पर जमकर प्रहार किया।

योगी ने वहां औरंगाबाद में भाजपा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में जनसभा की, वहीं नवादा में विवेक ठाकुर के पक्ष में विजय संकल्प रैली को उन्होंने संबोधित किया। भाजपा पार्टी कार्यालय लखनऊ से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ ने लालू प्रसाद यादव पर तंज कसते हुए कहा कि ईश्वर उन्हें स्वस्थ्य रखे, वो आबादी बढ़ाएं, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच साल में तीन करोड़ गरीबों के आवास बनाएंगे। योगी ने कहा कि बिहार से कांग्रेस व राजद के दलदल को साफ करने के बाद बिहार में विकास की रफ्तार बढ़ेगी। औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजद से कोई उम्मीद न कीजिए। यह चुनाव नेशन फर्स्ट व फैमिली फर्स्ट का है।

## भाजपाई चुनाव जीतकर संविधान बदलने की बात कह रहे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मुजफ्फरनगर में चुनावी जनसभा को किया संबोधित



**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। समाजवादी पार्टी मुख्यालय लखनऊ से साझा की गई जानकारी के अनुसार अखिलेश यादव ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण बचाने का चुनाव है।

भाजपा के लोग और उनके कई सांसद देश में लोकसभा चुनाव जीतकर संविधान बदलने की बात कह रहे हैं। बाबा साहब ने जो संविधान बनाया है भाजपा उसी को खत्म करना चाहती है। भाजपा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों की विरोधी है। बाबा साहब ने देश की जनता को वोट और आरक्षण का जो अधिकार दिया है, भाजपा उसे खत्म करना चाहती है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने हार के डर से विपक्षी नेताओं पर झूठे मुकदमे लगवाकर जेल भिजवाया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और झारखण्ड के मुख्यमंत्री रहे हेमन्त सोरेन को जेल भेजा गया। जनता सब देख रही है। चुनाव में भाजपा का सफाया कर देगी। जनसभा को सपा के मुजफ्फरनगर लोकसभा प्रत्याशी हरेन्द्र मलिक, पूर्व सांसद कादिर राणा, पूर्व सांसद शाहिद सिद्दीकी, एमएलसी किरन पाल कश्यप, विधायक अतुल प्रधान समेत अन्य नेताओं ने भी सम्बोधित किया।

# चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक-प्रकाशक का नाम व पता अनिवार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

भारत निर्वाचन आयोग

- विज्ञापन करने वाली एजेंसियों की जिम्मेदारी तय
- भारत निर्वाचन आयोग ने जारी किए निर्देश

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम व पता अनिवार्य कर दिया है। विज्ञापन करने वाली एजेंसियों को जवाबदेह बनाने के तहत यह कार्रवाई की गई है। इस सिलसिले में आयोग ने निर्देश जारी किया है। आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को इसे सख्ती से लागू कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देश के तहत सभी प्रकार की चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक का नाम व पता का अनिवार्य रूप से उल्लेख करना होगा। यह कदम चुनाव प्रक्रिया में जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 ए के तहत चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पैम्फलेट, पोस्टर या बैनर के मुद्रण में मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते के बिना मुद्रित नहीं किया जा सकता।

आयोग ने यह निर्देश उन शिकायतों के बाद जारी किया, जिसमें दावा किया गया था कि नगर निकाय के नियंत्रण वाले होर्डिंग लगाने के स्थानों पर बिना प्रकाशक और मुद्रक की पहचान वाले होर्डिंग्स लगे हुए हैं। इस निर्देश के साथ आयोग ने अब 'आउटडोर मीडिया' पर प्रकाशित राजनीतिक विज्ञापनों के लिए स्थान किराए पर देने वाले सभी स्थानीय प्रशासन व नगरीय निकायों के लाइसेंसधारियों-ठेकेदारों की जवाबदेही भी तय कर दी है। सभी नगरीय निकायों व स्थानीय प्रशासन जो कि होर्डिंग्स, पोस्टर, बैनर लगवाने के लिए जिम्मेदार हैं, को आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना होगा।

### मतदाताओं को पता होगा विज्ञापन करने वाले का नाम

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव सामग्री की प्रिंटिंग में शामिल सभी पक्षों को अधिक सतर्क रहना होगा और उन्हें अपनी जवाबदेही का पूर्ण रूप से पालन करना होगा। इससे निर्वाचन प्रक्रिया में अधिक स्पष्टता आएगी और मतदाताओं को उचित जानकारी प्राप्त हो सकेगी। निर्वाचन आयोग का यह निर्देश चुनावी प्रक्रिया को और अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और उसे नैतिक बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। इससे चुनाव प्रचार में शामिल सभी मुद्रित सामग्री की उत्पत्ति और वित्तपोषण के स्रोतों की पहचान हो सकेगी, जो लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है।

# रामनवमी को लेकर डीजीपी ने जारी की गाइडलाइन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वरिष्ठ अधिकारी संवदेनशील स्थानों का करें भ्रमण

**अमृत विचार :** रामनवमी के त्योहार को लेकर प्रदेश की पुलिस अलर्ट हो गई है। सोमवार को पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने प्रदेश के समस्त एडीजी, आईजी, डीआईजी और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि त्योहार रजिस्टर की प्रविष्टियों का परीक्षण कर विगत वर्षों अथवा वर्तमान में कोई समस्या दिखाई पड़े तो उसका तत्काल निस्तारण कराया जाए।

शांति समिति, कार्यक्रम आयोजकों व धर्मगुरुओं के साथ वरिष्ठ अधिकारियों की अध्यक्षता में बैठक कर ली जाए।

उन्होंने कहा कि जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण मन्दिरों, मेला स्थलों, जुलूस एवं शोभा यात्राओं के मार्गों सहित सभी संवदेनशील स्थानों का भ्रमण कर लिया जाय तथा छोटे से छोटे जुलूसों के साथ भी आवश्यकतानुसार पुलिस व्यवस्थापन किया जाए। शरारती एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध नियमानुसार प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# दूसरे चरण में हेमा व अरुण की प्रतिष्ठा दांव पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** दूसरे चरण की आठ सीटों पर हो रहे चुनाव में भाजपा नेता व अभिनेत्री हेमा मालिनी व अभिनेता अरुण गोविल की प्रतिष्ठा दांव पर है। भाजपा ने हेमा मालिनी को मथुरा व अरुण गोविल को मेरठ से प्रत्याशी बनाया है। इस चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है।

इस चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा सीटों पर चुनाव है, जिसमें मथुरा व मेरठ सीट अहम मानी जा रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में मथुरा सीट से भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी ने 2,93,471 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। उन्हें 6,71,293 वोट मिले थे। हेमा मालिनी ने रालोद के प्रत्याशी कुंवर नरेंद्र सिंह को हराया था। रालोद प्रत्याशी को 3,77,822 वोट मिले थे। इस बार रालोद भाजपा गठबंधन में शामिल है। इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने हेमा मालिनी से मुकाबला करने के लिए मुकेश धनगर का प्रत्याशी बनाया है, जबकि बसपा ने सुरेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह, मेरठ सीट पर भाजपा ने टीवी धारावाहिक रामायण ने राम की भूमिका निभा चुके अरुण गोविल को चुनाव मैदान में उतारा है। सपा ने उनके मुकाबले अतुल प्रधान व बसपा ने देवव्रत कुमार त्यागी को चुनाव मैदान में उतारा है। पिछले चुनाव में भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल ने इस पर जीत दर्ज की थी। उन्होंने बसपा के हाजी मोहम्मद याकूब को हराया था।

इसी तरह, 2019 के चुनाव में अमरोहा सीट पर बसपा ने जीत हासिल की थी, बसपा के प्रत्याशी रहे कुंवर दानिश अली ने भाजपा के कंवर सिंह तंवर को हराया था। इस पर दानिश अली कांग्रेस से प्रत्याशी हैं, जबकि बसपा ने मुजाहिद हुसैन को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने कुंवर सिंह तंवर को फिर चुनाव मैदान में उतारा है। बागपत सीट पर इस बार भाजपा गठबंधन में शामिल रालोद ने राजकुमर सांगवान को प्रत्याशी बनाया है, जबकि सपा ने मनोज चैधरी व बसपा ने प्रवीण बंसल को चुनाव मैदान में उतारा है।



राजधानी स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर चुनाव के प्रचार सामग्री की दुकान पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

# 11 हजार छात्रों को आरटीई के तहत मिलेंगी निशुल्क पुस्तकें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आश्रम पद्धति के छात्राओं को दी जाएंगी पुस्तकें

**अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राओं को आरटीई (शिक्षा के अधिकार) के तहत निशुल्क पुस्तकें दी जाएंगी। समाज कल्याण विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग में इसको लेकर आपसी सहमति बन गई है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 56 यूपी बोर्ड के विद्यालय हैं। यूपी बोर्ड के विद्यालय में कक्षा छह से आठ तक के लगभग 11 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। आरटीई के तहत इनको पुस्तकें निशुल्क दिए जाने का प्रावधान हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से पुस्तकें नहीं दी जा रही थीं। पुस्तकें न मिलने से छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही थी। उन्होंने बताया कि विभाग के अपर राज्य परियोजना निदेशक से इस संबंध में बात की गई और उनको पूरे मामले की जानकारी दी गई। अपर राज्य परियोजना निदेशक ने छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुस्तकें देने को कहा है।

## किसी भी आरटीओ कार्यालय में फिटनेस करा सकेंगे वाहन स्वामी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के व्यवसायिक वाहन स्वामियों को परिवहन विभाग ने बड़ी राहत प्रदान की है। वाहन मालिकों को फिटनेस के लिए अधिक भागदौड़ नहीं करनी होगा। वाहन स्वामी अब प्रदेश के किसी भी अपने वाहन की फिटनेस करवा सकेंगे। परिवहन विभाग ने एनीव्हेयर व्हीकल्स फिटनेस व्यवस्था लागू कर दी है। वाहनों के फिटनेस आवेदन करने पर वाहन 4.0 पोर्टल पर फिटनेस की नई व्यवस्था के तहत लाइव नजर आएगा। इससे वाहन स्वामी के सामने उस आरटीओ कार्यालय आने की मजबूरी नहीं होगी जहां उसके वाहन का नंबर दर्ज है।

# पहले चरण के लिए प्रचार को 48 घंटे शेष आरोपों-प्रत्यारोपों का जमीनी घमासान होगा

अजय दयाल, लखनऊ

- अखिलेश, मायावती ने भी तेज की रैलियां, अब जल्द नजर आएगी दो लड़कों की जोड़ी भी
- मोदी, योगी और शाह एनडीए प्रत्याशियों के लिए कर रहे ताबड़तोड़ जनसभाएं

**अमृत विचार :** प्रदेश में पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान है। राज्य की आठ सीट के लिए होने वाले मतदान में अब मात्र तीन दिन शेष हैं। यानि प्रचार के लिए तो अब दो दिन ही मान कर चलिए। ऐसे में इन चंद घंटों में खासकर एनडीए और इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारकों के बीच पश्चिमी उप्र. में आरोप-प्रत्यारोपों का जमीनी घमासान देखने को मिलेगा। इस बीच, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी और उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसी हस्तियां एनडीए प्रत्याशियों के प्रचार में ताबतोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। वहीं, देर से ही सही, लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और बसपा नेत्री मायावती व राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद भी अब जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। सभी दलों का फिलहाल फोकस पश्चिमी यूपी पर है।

भाजपा के सहयोगी दल भी प्रदेश के चुनावी रण में पसीना बहाने में पीछे नहीं रहे। हालांकि, राजनीतिक दलों के नेताओं, आम कार्यकर्ताओं से लेकर आम मतदाताओं को अभी भी सबको प्रदेश के दो लड़कों की जोड़ी की संयुक्त रैली, रोड-शो का इंतजार है। बहरहाल, बुधवार को राहुल और अखिलेश की जोड़ी नजर आने वाली है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के मुख्य नेताओं ने आपस में बैठकर पिछले दिनों चुनाव के अगले चरणों की भी रूपरेखा बना ली है। प्रचार के दौरान आप नेता संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी नजर आ सकती है।

दरअसल, दिल्ली का रास्ता तय कराने वाले उत्तर प्रदेश में सात चरणों में चुनाव होगा। पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को है। पहले चरण में पश्चिमी यूपी की कुल आठ सीटों पर चुनाव होना है। इसमें बिजनौर, कैराना, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना, पीलीभीत, रामपुर और सहारनपुर सीट शामिल हैं। जिसमें से कई सीट पर भाजपा और सपा को अंदरूनी कलह से निपटना होगा।

### प्रचार को लेकर कुछ और है विपक्ष की राजनीतिक सोच

बहरहाल, चुनाव प्रचार की रेस में एनडीए के मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन के नेता नि :संदेह देर से शामिल हुए हैं। इसपर भाजपा के स्टार प्रचारकों ने चुटकी भी ली कि, एनडीए की तैयारी देखकर विपक्षी खेमा प्रचार से भी दूर है। वहीं, सूत्र बता रहे हैं कि, उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन में शामिल दल खामोशी से प्रचार की रणनीति पर आगे बढ़ रहे हैं। बड़ी रैलियों के बजाय लोकसभा क्षेत्र के स्तर पर छोटी-छोटी सभाएं करने पर जोर है। हर चरण के चुनाव में एक-दो ही बड़ी रैलियां करने की योजना पर काम हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि इसके पीछे विपक्ष की रणनीति भाजपा में अतिआत्मविश्वास भरकर अपनी चिन्हित कई सीटों से दूर रखना है।

### विपक्षी दलों के लिए वित्तीय प्रबंधन भी बड़ी चुनौती

कांग्रेस के एक पुराने नेता का तर्क है कि पिछले कई चुनावों में कांग्रेस ने बड़ी चुनावी रैलियां तो कीं, लेकिन परिणाम लगभग सिफर ही रहा। इस बार कांग्रेस को वित्तीय प्रबंधन की भी चिंता है। वहीं, प्रत्याशी भी खामोशी से चुनाव लड़ना चाहते हैं। यही स्थिति अमूमन अन्य दलों की भी है। क्योंकि क्षेत्र में जो भी उनकी मजबूत बेल्ट हैं, वह नहीं चाहते कि भाजपा की उनमें भी सेंधमारी हो। सूत्रों की मानें तो इंडी गठबंधन में शामिल दलों की रणनीति यह है कि उनके परंपरागत वोटबैंक में अतिरिक्त मतदाताओं को बिना किसी शोर-शराबे के जोड़ने का प्रयास करते हुए जीतने की जुगत भिड़ाई जाए, बाकी 'अंडर करंट' पर निर्भर रहें।

### एनडीए को पहले चरण में ही बड़ी चुनौती

प्रदेश में मिशन 80 लेकर चल रही भाजपा के सामने पहले चरण में ही बड़ी चुनौती है। पहले चरण में रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना लोस. सीट के लिए चुनाव होना है। इन्हीं आठ में से पांच सीटों पर भाजपा 2019 में पराजित हुई थी। हालांकि, पिछले चुनाव में सपा का साथ देने वाला रालोद इस बार राजग के साथी बन चुका है। बहरहाल, ताजा चुनौती कुछ और भी है। कई इलाके में राजपूत समुदाय सत्तारूढ़ दल के खिलाफ महा पंचायतें कर रहा है। इस तरह की महापंचायतें सहारनपुर, मेरठ और गाजियाबाद में हो चुकी हैं। मतदान पर इसका क्या-क्या प्रभाव पड़ेगा यह बड़ा सवाल है?

# जयवीर सिंह, आदित्य यादव व छत्रपाल सिंह ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- तीसरे चरण में 18 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार :** तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए हो रहे चुनाव के लिए सोमवार को 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें मैनपुरी से भाजपा से मंत्री जयवीर सिंह, बदायूं में सपा से पूर्व मंत्री शिवपाल यादव के पुत्र आदित्य यादव, बरेली सीट के लिए भाजपा से छत्रपाल सिंह समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इस चरण की सीटों पर अब तक कुल 19 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए पीस पार्टी से राशिद ने नामांकन पत्र भरा। हाथरस (अजा) सीट के लिए समाजवादी पार्टी से जसवीर, स्वराज भारतीय न्याय पार्टी से घनश्याम सिंह व निर्दलीय प्रत्याशी जयपाल ने नामांकन पत्र भरा। आगरा (अजा) सीट के लिए भाजपा से सत्यपाल सिंह बघेल ने नामांकन पत्र भरा। फतेहपुर सीकरी सीट के लिए निर्दलीय प्रत्याशियों में अम्बेडकरी हसनुराम अम्बेडकरी व रामेश्वर सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। फिरोजाबाद सीट के लिए समाजवादी पार्टी से अक्षय यादव व भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी से उपेन्द्र सिंह ने नामांकन पत्र भरा।

मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा से जयवीर सिंह ने नामांकन पत्र भरा। एटा सीट के लिए भाजपा से राजवीर सिंह ने नामांकन पत्र भरा। बदायूं सीट के लिए समाजवादी पार्टी से आदित्य यादव व राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से किशोर कुमार ने नामांकन पत्र भरा। आंवला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा से धर्मेन्द्र कश्यप ने नामांकन पत्र भरा। बरेली सीट के लिए भाजपा से छत्रपाल सिंह, जनशक्ति एकता पार्टी से रोहताश कुमार, वंचित समाज इंसाफ पार्टी से लइक अहमद मंसूरी व निर्दलीय प्रत्याशी में नितिन मोहन ने नामांकन पत्र भरा।

### 19 तक प्रत्याशी कर सकेंगे नामांकन

तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और दो सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं व बरेली सहित 12 जिलों के अंतर्गत तीसरे चरण के 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र आते हैं। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 20 अप्रैल को की जायेगी। प्रत्याशी 22 अप्रैल को नाम वापसी कर सकेंगे।

# कब्र में दफन अतीक अहमद राजनीति में जिंदा

## लोकसभा चुनाव में अतीक के नाम पर वोटों के ध्रुवीकरण की जुगत में पक्ष और विपक्ष

विनय सिंह, लखनऊ

- पिछले वर्ष 15 अप्रैल को पुलिस हिरासत में हुई थी अतीक व अशरफ की हत्या
- पुण्यतिथि पर कब्रिस्तान के बाहर भगोड़ा पत्नी का इंतजार करती रही पुलिस



**अमृत विचार :** उप्र. के दुर्दांत अपराधी, पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या एक साल पूर्व 15 अप्रैल को की गई थी। गली-मोहल्लों और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अब चर्चा न के बराबर होती है लेकिन वोट की राजनीति ने उसे जिंदा कर रखा है। मौजूदा लोकसभा चुनाव में अतीक की चर्चा कर मतों का ध्रुवीकरण करने में कोशिश में लगे हैं। भाजपा और सपा दोनों ही दलों के लिए अतीक एक मुद्दा बना हुआ है।

अपराधी अतीक के खिलाफ हुई कार्रवाइयों को भाजपा अपनी सफलताओं में गिना रही है, जबकि सपा उसकी हत्या के मुद्दे को उठाकर मुस्लिमों की सहानुभूति को वोटों में बदलने की फिराक में है। मंगलवार को अतीक की पुण्यतिथि थी। जिस कालिंदीपुरम कब्रिस्तान में अतीत दफन है, उसके बाहर सिविल ड्रेस में पुलिस कर्मियों का पहरा रहा।

दरअसल पुलिस को अनुमान था कि अतीक की भगोड़ा घोषित अतीक की पत्नी शाइस्ता और जैनब कब्रिस्तान पहुंच सकते हैं। हटवा में रह रहे बेटे आबान व एहजम के भी कब्रिस्तान जाने की संभावना थी। पुलिस ने दोनों भाइयों की निगरानी बढ़ा दी गई थी, क्योंकि उनकी जान को भी खतरा है। भगोड़ा शाइस्ता और जैनब को लेकर भी पुलिस को आशंका थी कि वह कब्रिस्तान पहुंच सकती हैं, लेकिन वह भी नहीं पहुंची।

हालांकि पुण्यतिथि पर किसी भी दल के बड़े नेता ने अतीत की हत्या पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी लेकिन इस लोकसभा चुनाव में अतीक मुद्दे के रूप में सामने आया। सत्ता पक्ष जहां और विपक्ष अपने-अपने हिसाब से मुद्दे को भुना रहे हैं। खुलेआम तो कोई नहीं बोलता लेकिन इशारा अतीक पर ही रहता है।

### चित्रकूट जेल में बंद हैं अतीक-अशरफ के हत्यारोपी

बांदा के लवलेश तिवारी, हमीरपुर के सनी सिंह और कासगंज के अरुण मौर्य पर अतीक अहमद की हत्या करने का आरोप था। पुलिस तीनों के खिलाफ चार्जशीट फाइल कर चुकी है। फिलहाल तीनों जेल में बंद हैं। न्यायिक आयोग ने नौ महीने में हत्या मामले की जांच पूरी की थी। 18 जनवरी को जांच रिपोर्ट कैबिनेट में भेज दी गई थी।

### अतीक की 1800 करोड़ की संपत्तियों पर हुई कार्रवाई

उमेश पाल हत्याकांड के बाद पुलिस ने अतीक अहमद और उसके सिंडीकेट को खत्म करने का अभियान चलाया। अतीक, अशरफ, उसके परिवार और आईएस-227 गैंग के सदस्यों की करीब 1800 करोड़ की नामी-बेनामी संपत्तियां कुर्क की गई।

### अतीक के दोनों बेटों की हिस्ट्रीशीट खुली

अतीक अहमद के दोनों बेटों उमर और अली की प्रयागराज के खुल्दाबाद थाने में मंगलवार को हिस्ट्रीशीट खोल दी गई। उमर का हस्ट्रीशीट नंबर 57 बी और अली अहमद उर्फ अली अतीक का हिस्ट्रीशीट नंबर 48 बी है। अतीक की हिस्ट्रीशीट का नंबर 39 और अशरफ का 93बी था। अतीक अंतरराज्ययीय गैंग आईएस 227 का सरगना था। खुल्दाबाद थाने में ही अतीक और अशरफ की भी हिस्ट्रीशीट खुली थी। अतीक पर 105 मुकदमे दर्ज थे। उमर पर तीन और अली पर 11 मुकदमे दर्ज हैं।

### 4000 करोड़ की संपत्तियों का लेखा-जोखा तैयार

पुलिस ने अतीक और अशरफ की मौत के बाद मिले दस्तावेजों का आकलन कर करीब चार हजार करोड़ के आसपास की संपत्तियों का लेखा-जोखा तैयार किया है। कुछ नामी संपत्तियां तो अतीक के परिवार के नाम हैं और उस पर उनके लोग काबिज हैं। पूछताछ, छापेमारी, घर, कार्यालय, रिश्तेदारों के यहां से मिले संपत्तियों के दस्तावेजों के अनुसार अतीक का साम्राज्य 4000 करोड़ का था। जांच एजेंसियों को अतीक की दुबई में भी संपत्ति का पता चला है। दुबई में फ्लैट के साथ ही सफेदपोश के साथ कारोबार में रकम लगी होने की जानकारी भी मिली है।

# आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर के स्थान पर वैद्य लिखें: दुर्गा शंकर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डॉ. त्रिपाठी आयुर्वेद निदानशाला एवं पंचकर्म सेन्टर शुरू

**अमृत विचार:** कोविड महामारी के दौरान हमारी आयुष पद्धतियों के द्वारा ही जनमानस ने अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर अपना जीवन सुरक्षित किया। आयुर्वेद के चिकित्सकों से अपने नाम के आगे डॉक्टर न लिखकर वैद्य लिखने का आग्रह किया। यह बात सोमवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने डॉ.त्रिपाठी आयुर्वेद निदानशाला एवं पंचकर्म सेन्टर के उद्घाटन अवसर पर कही।

भगवान धन्वन्तरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करने के बाद उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई हजार आरोग्य केन्द्र बन चुके हैं। उन्होंने कहा, हमारी भारतीय चिकित्सा पद्धति चाहे आयुर्वेद हो, योग हो, सिद्धा हो, प्राकृतिक हो सभी में 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामय' की कामना की गई है। यह 'पंचकर्म सेन्टर' लोगों के लिये वरदान सिद्ध होगा।

प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी ने कहा कि पंचकर्म सेन्टर से लखनऊ ही नहीं, वरन आने वाले समय में प्रदेश के जनमानस को भी आयुर्वेद के माध्यम से उपचार की विशिष्ट सुविधा प्राप्त होगी। निदेशक आयुर्वेद डॉ. प्रकाश चन्द्र सक्सेना ने आयुर्वेद का दैनिक जीवन में महत्ता पर प्रकाश डाला। राजवैद्य शिव शंकर त्रिपाठी ने मुख्य सचिव समेत सभी अतिथियों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन वैद्य माण्डवी बाजपेयी व वैद्य दीपांजली त्रिपाठी ने किया।

# अब नहीं काटने होंगे निर्वाचन कार्यालय के चक्कर, घर बैठे मिलेगी अनुमति

संवाददाता, रायबरेली



एफजी कॉलेज में चल रहे मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण में जांच करती जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व सीडीओ पूजा यादव।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए बचत भवन सभागार में सभी राजनीतिक पार्टियों के जनप्रतिनिधियों के साथ नामांकन, पोस्टल बैलट से मतदान एवं विभिन्न प्रकार की अनुमति जारी करने के संबंध में बैठक की गई।

जिलाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव संबंधी सभी अनुमतियों के लिए सुविधा पोर्टल, मोबाइल एप विकसित किया है। इसके माध्यम से प्रत्याशी, राजनैतिक दल ऑनलाइन आवेदन कर जनसभा, रैली, लाउडस्पीकर, नुक्कड़ सभा, वाहन, हेलीकॉप्टर, हेलीपैड, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग, अस्थाई पार्टी कार्यालय आदि की अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए अब प्रत्याशियों व राजनैतिक दलों को निर्वाचन कार्यालय के चक्कर नहीं काटने होंगे। इन सभी अनुमतियों के लिए उन्हें सुविधा एप पोर्टल पर 48 घंटे पूर्व ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उन्होंने कहाकि अनुमति न मिलने की दशा में आयोजन जब रैली, वाहन प्रयोग विधिक रूप से अमान्य माना जाएगा एवं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के रूप में लिया जाएगा।

## पीठासीन व मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण में 32 मतदान कर्मी रहे नदारद

**रायबरेली।** चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण फीरोज गांधी महाविद्यालय में आयोजित किया गया। दो पालियों में आयोजित प्रशिक्षण में कुल 1600 पीठासीन कार्मिकों को सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें से 32 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 14 और द्वितीय पाली में 18 अनुपस्थित रहे। जिला विकास अधिकारी ने सभी अनुपस्थित कार्मिकों को उनके कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से निर्देशित किया है कि वह 16 अप्रैल को उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित कार्मिकों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त न करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने फिरोज गांधी कॉलेज में चल रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मियों को मतदान संबंधी जरूरी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी गहनता से प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, जिससे मतदान वाले दिन किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

**रायबरेली।** जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल एवम शांतिपूर्ण संपन्न कराने तथा समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारियों के साथ बचत भवन में बैठक की। उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी निर्वाचन से संबंधित जिम्मेदारियां दी गई है, उसका पालन करना सुनिश्चित करें। आयोग से प्राप्त निर्देशों की प्रतियां समय-समय पर संबंधित प्रभारी अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए। निर्धारित समय सारणी व निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही और शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने नोडल अधिकारियों से उनसे संबंधित कार्यों की प्रगति जानी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व, नगर मजिस्ट्रेट के अतिरिक्त निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मंत्री ने बताई संकल्प पत्र की विशेषता

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां तेजी से घोषणा पत्र जारी कर रही है। इसी को देखते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी ने भी 2024 लोकसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र कल जारी किया। संकल्प पत्र की विशेषताओं को बताने के लिए प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री सहकारिता जेपीएस राठौर सोमवार को रायबरेली पहुंचे।

राज्यमंत्री जेपीएस राठौर ने अखिलेश यादव के काशी विश्वनाथ मंदिर की सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों की पुजारी वाली वेशभूषा पर ट्वीट पर पलटवार करते हुए सहकारिता मंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव को सिर्फ श्मशान, कब्रिस्तान और तुष्टीकरण ही दिखाई देता है। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार सहकारिता जेपीएस राठौर ने बीजेपी के द्वारा घोषित संकल्प पत्र की विशेषता बताई।

संकल्प पत्र की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी जो कहती है वो करती है। बीजेपी ने कहा कि राम मंदिर बनायेगे तो बनाया। किसानों को उनके खाते में सीधे रुपये भेजे जा रहे हैं, बीच मे कोई बिचौलिया नही है। 2024 लोकसभा के संकल्प पत्र के अनुसार बीजेपी यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करेगी। वन नेशन वन इलेक्शन लागू किया जाएगा। देश मे बुलेट ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जाएगी। बीजेपी सरकार ने वंदे भारत जैसी ट्रेनें चलाकर यात्रियों का समय बचाया है। सरकार बनने पर स्लीपर वंदे भारत ट्रेनें चलेंगी। इसके साथ ही वंदे मेट्रो कोच भी चलेंगे। रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित न होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब तक दूसरे चरण को होने वाले के दौरान वायनाड में वोट नहीं पड़ जाएंगे तब तक कांग्रेस रायबरेली और अमेठी से प्रत्याशी घोषित नहीं करेगी। भाजपा के जारी किये चुनावी घोषणा पत्र को मोदी की गारंटी बताया है।

उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों में भी भाजपा ने जो संकल्प पत्र जारी किये थे उन्हें पूरा किया गया चाहे वो कश्मीर में धारा 370 हटाये जाने का मामला हो या फिर राम मन्दिर निर्माण का। भाजपा ने दस सालों के शासन काल में पूरे किये हैं।

# 15 दिन भी नहीं चली 210 मेगावाट की यूनिट, आई तकनीकी खराबी

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर दो के साथ बड़ा दुर्भाग्य जुड़ा है। विगत करीब एक साल से यह यूनिट चल नहीं पा रही है। बीती दो अप्रैल को दो महीने बाद इसे दुरुस्त करके चलाया गया था, जिसमें रविवार की रात तकनीकी खराबी आ गई और यूनिट को बंद करना पड़ा है।

यूनिट संख्या दो में रविवार की शाम को ब्वायलर ट्यूब में गैस रिसाव हो रहा था। यह रिसाव लगातार बढ़ता जा रहा था। जिसके कारण इसे देर रात 11 बजे बंद करना पड़ा है। उसके बाद ब्वायलर का तापमान घटाया जा रहा है। तापमान सामान्य होने पर इसकी मरम्मत की जाएगी।

## ब्वायलर ट्यूब में रिसाव से बंद करनी पड़ी यूनिट

एनटीपीसी की यूनिट नंबर दो में विगत करीब दो माह तक मरम्मत का काम हुआ था। इस यूनिट को पहली अप्रैल को चालू किया गया था, यह दो अप्रैल को अपने पूरे भार पर आई थी। उसके बाद यह यूनिट पंद्रह दिन भी नहीं चल पाई और 14 अप्रैल की रात करीब 11 बजे ब्वायलर ट्यूब में रिसाव के कारण बंद करना पड़ा है।

## एक साल से लगातार आ रही है खराबी

एनटीपीसी के यूनिट संख्या दो विगत एक साल से नहीं चल पा रही है। यह एनटीपीसी की सबसे पुरानी यूनिटों में से एक है। ऊंचाहार परियोजना के पहले चरण में 210 मेगावाट प्रत्येक यूनिट क्षमता की यूनिट संख्या एक और दो का निर्माण किया गया था। बताया जाता है कि इस यूनिट में पुरानी तकनीक के बड़े मजबूत उपकरण लगे हुए है। इधर करीब एक साल से यूनिट नंबर दो में कोई न कोई खामी आ जाती है, जिसके कारण यह यूनिट चल नहीं पा रही है।

# पॉलिटेक्निक हो रहा तैयार, जल्द होगी पढ़ाई

परशदेपुर, रायबरेली



राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का भवन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को अब पॉलिटेक्निक की पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। डीह ब्लॉक के गोपालपुर में चल रहा राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण कुछ ही समय में पूर्ण होने वाला है। कार्यदाई संस्था द्वारा शासन को हैंडओवर करने के पश्चात कुछ ही महीने में कॉलेज शुरू हो सकता है।

चार वर्ष पहले दिवंगत विधायक दल बहादुर कोरी की मांग पर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने सलोन विधान सभा में पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलने का आश्वासन दिया था। केंद्रीय मंत्री के प्रयासों से 17 फरवरी 2020 को शासन से इसके निर्माण की स्वीकृति मिली थी। 24 सितंबर 2020 को गोपालपुर में दिवंगत विधायक दल बहादुर कोरी ने विधि-विधान से पूजन के बाद मंत्रोच्चार के बीच नींव रखी थी। कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद लखनऊ ने मेसर्स ऑटोक्रेट कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड व मेसर्स रामसेवक हरगोविंद सहाय को अनुबंधित किया। उसके बाद तेजी से निर्माण कार्य शुरू हुआ। पॉलिटेक्निक का कार्य पूर्ण करने की अवधि कार्य पूर्ण करने नवंबर 2023 थी लेकिन अब जल्दी ही कार्य पूर्ण होने वाला है। इसके बाद इसे शासन को हैंडओवर कर दिया जायेगा।

## जोरों से चल रहा निर्माण कार्य

परशदेपुर से रायबरेली मार्ग पर करीब 4 किलोमीटर दूर जाने पर बाईं तरफ मंगालपुर मजरे गोपालपुर गांव जाने का रास्ता है। यहां से एक किलोमीटर दूर जाने पर पॉलिटेक्निक कॉलेज मिलेगा, जिसका निर्माण कार्य जोरों से चल रहा है।

# नपं अध्यक्ष की कुर्सी पर पति को देख सभासदों ने जताई आपत्ति

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** नगर पंचायत लालगंज के अध्यक्ष कक्ष में उनके पति के बैठने पर सभासदों ने ऐतराज किया है। सभासद दीपक मिश्रा, अतुल शर्मा व राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने अधिशासी अधिकारी से अध्यक्ष के ना रहने पर कक्ष बन्द रखने की मांग की है। लिखित शिकायत की प्रतिलिपि सचिव नगर विकास विभाग, मण्डलायुक्त और जिलाधिकारी को भेजी गयी है।

नगर के तेज तर्रार युवा सभासद दीपक मिश्रा, अतुल शर्मा व जिला योजना समिति सदस्य सभासद राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने अधिशासी अधिकारी से शिकायत करते हुए कहा कि नगर पंचायत लालगंज का अध्यक्ष कक्ष अध्यक्ष की अनुपस्थिति में खुला रहता है, जहां पर उनके पति दीपेन्द्र गुप्ता व कई अन्य साथी जमावड़ा लगाये रहते हैं। आरोप है कि अध्यक्ष कक्ष में अध्यक्ष के ना रहने पर दीपेन्द्र गुप्ता जनता की फरियाद सुनते हैं और निराकरण के लिये विधिवत कर्मचारियों को आदेश करते रहते हैं। सभासदों ने कहा कि दीपेन्द्र गुप्ता बोर्ड में पारित प्रस्तावों की अवहेलना करते हुये मनमाने ढंग से काम करवाते हैं। सभासदों ने पत्र में आरोप लगाते हुए कहा है कि दीपेन्द्र गुप्ता नगर पंचायत के अभिलेखों को मंगाकर उनसे छेड़छाड़ करते हैं।



अमरनाथ यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

# अमरनाथ यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जारी किया प्रमाण पत्र

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला चिकित्सालय रायबरेली में आज अमरनाथ यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षणप्रारंभ कर दिया गया है। प्रतिदिन 40 अमरनाथ यात्रियों का रजिस्ट्रेशन करके उनका स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महेंद्र मौर्य को एक ज्ञापन देकर ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र अवस्थी के द्वारा अमरनाथ यात्रियों के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की गई थी।

उक्त के संबंध में कार्रवाई करते हुए अभिलंब जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया। मेडिकल बोर्ड में डा महेश प्रताप सिंह ऑर्थो सर्जन कमरा नंबर 30, डा अशोक वर्मा फिजिशियन, कमरा नंबर 7, डा मोहम्मद सलीमुद्दीन कार्डियोलॉजिस्ट कमरा संख्या 29, डा प्रवीण पाल ऑर्थो सर्जन कमरा नंबर 31, डा श्वेता पैथोलॉजी नंबर 37 में प्रतिदिन स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे।

मंडल अध्यक्ष राजेंद्र अवस्थी ने बताया कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 29 जून से प्रारंभ हो रही है। इस अवसर पर गंगेश चौरसिया, विशालेश्वर तिवारी, अनिलसिंह, राजेंद्र अवस्थी, महेंद्र अग्रवाल, विकास साव, जय जिवनानी, राम प्रकाश श्रीवास्तव, गोविंद श्रीवास्तव, पंकज मिश्रा, जगदीश चनानी, देवेश दिक्षित आदि उपस्थित रहे।

## दबंगों का किसान की तैयार फसल पर कब्जा

**रायबरेली।** उच्चाधिकारियों और सरकार का अपनी फरियाद लेकर थाने आए पीडितों को त्वरित न्याय का आदेश नसीराबाद पुलिस के लिए कोई मायने नही रखता। क्योंकि थानेदार की कमान राजेश कुमार मौर्या के हाथों में आने के बाद नसीराबाद थाने के हालात बदल गए गए है। हालात यह है कि नयाय की आस लेकर लगातार थाने आ रहे पीड़ितों की शिकायतों पर थानेदार खास रूचि नहीं दिखा रहें हैं। फिलहाल यह सिपाही आजकल नसीराबाद थाने में चर्चा का विषय बना हुआ है थाना क्षेत्र के किया मजरे रायपुरटोड़ी निवासी प्रकाश चंद्र अवस्थी पुत्र प्रेमशंकर ने बताया कि घटना बीते 17 फरवरी की है, जहां गांव के ही हरीराम पुत्र रामअधार, दीपक कुमार, अनिल कुमार, नीरज आदि लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर पीडित को रास्ते में रोककर पहले तो गाली-गलौज किया।

# भाजपा के चुनावी संकल्प घोषणा पत्र का स्वागत

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के द्वारा जारी किए गए विकसित भारत संकल्प घोषणा पत्र का भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने कहा कि डॉ अम्बेडकर की जयंती पर मोदी सरकार ने आगामी पांच वर्षों के विजन को संकल्प पत्र के जरिए भारत की जनता के सामने रखा है जो निश्चित रूप से विकसित भारत की संकल्पना को पूर्ण करेगा। भाजपा के संकल्प घोषणा पत्र का पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे, निवर्तमान विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, सरेनी प्रभारी सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी, जिला महामंत्री शरद सिंह, वरिष्ठ नेता पुष्पेंद्र सिंह, जन्मेजय सिंह, अनूप पांडे, शिव प्रकाश पांडे, कैलाश बाजपेई, सुरेंद्र गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, जगन्नाथ पांडे, दिवाकर मिश्रा, विकेश द्विवेदी, सचिन रस्तोगी आदि ने जोरदार स्वागत किया है।

## जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की हुई बैठक

**रायबरेली।** जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष व फ्रंटल संगठन प्रभारी विजयशंकर अग्निहोत्री की उपस्थिती में आयोजित की गई। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हाफिज रियाज ने कहा कि जबसे भाजपा की केंद्र में सरकार आयी है, तबसे अल्पसंख्यकों में भय का माहौल है, कभी बुलडोजर के नाम पर तो कभी झूठे मुकदमों का खौफ दिखाकर मुस्लिम समाज को परेशान किया जा रहा है। बैठक में आरिफ खान, शोएब अख्तर अंसारी, रवींद्र कुमार जैन, फरीद अहमद, शमशाद खान, मोहम्मद मुबीन, सुबराती राइनी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पागल कुत्ते ने आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों पर बोला हमला

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के कई गांवों में एक पागल कुत्ते ने आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों को अपना निशाना बनाया है। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर सभी का इलाज किया गया। सोमवार की दोपहर क्षेत्र के लोगो के लिए आफत बनकर टूट पड़ी। कस्बे में घूम रहे एक पागल कुत्ते ने पहले कुछ लोगो को काटा तब तक लोग सम्भल पाते इस दौरान कई लोगो पर हमला बोल दिया। कस्बे की रहने वाली सन्तोष कुमारी पत्नी ओमप्रकाश, संगीता, आयर्न यादव पुत्र राजकुमार कमलपुर, लवकुश पुत्र पप्पू निवासी पूरे महाबल, गया प्रसाद पुत्र अयोध्या निवासी पडेरा, अरमान कंडारा, मोहिनी निवासी अंगूरी को काट लिया। पागल के आतंक से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीण घरों के बाहर लाठी डंडे लिए बैठे है, मानना है कि कही वह फिर न किसी के ऊपर हमला बोल दे। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। ग्रामीणों ने आला अधिकरियो से उसे पकड़वाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि शहर क्षेत्र में भी कुत्तो का खूब आतंक है।

## पीड़ित ने राष्ट्रपति से की इच्छा मृत्यु की मांग

**रायबरेली, अमृत विचार।** ऊंचाहार खरौवां कुआं निवासी इंद्रेश कुमार अपने हक के लिए जिला मुख्यालय पर महीनों धरना दे चुका है। परेशान होकर धर्म परिवर्तन की धमकी भी दे चुका है, किंतु उसको न्याय नहीं मिल रहा है। मामला ये है कि इंद्रेश के पिता राम प्यारे ने अपनी भूमि संख्या 2824 में आंशिक भाग करीब ढाई विस्वा का बैनामा हरिकिशन नाम के व्यक्ति को किया था। किंतु उसने जबरन साढ़े सात विस्वा में कब्जा करके भवन निर्माण कर लिया। इससे अपने जमीन को पाने के लिए गरीब परेशान है। इसी भूमि के शेष भाग पर जब पीड़ित अपना निर्माण करने पहुंचा तो रेलवे लाइन के किनारे भूमि स्थित होने के कारण रेलवे और राजस्व अधिकारियों ने उसका निर्माण ढहा दिया। खास बात यह है कि एसडीएम ने अपनी जांच आख्या में इस बात को स्वीकार किया है कि उसकी जमीन के अधिक भाग पर अवैध कब्जा करके निर्माण किया गया है, किंतु राजस्व विभाग अवैध कब्जा को हटाने में रुचि नहीं ले रहा है। सरकारी मनमानी से परेशान पीड़ित अब राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की मांग कर रहा है।

## सार-संक्षेप

### खेल-खेल में बच्चों ने लगा दी आग, पांच बीघा फसल राख



हटका गांव में जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** स्कूल में छुट्टी होने के बाद खेलते हुए घर जा रहे बच्चों ने खेल-खेल में गेहूं की फसल में आग लगा दी, जिससे दो किसानों की पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। किसानों ने मिलकर किसी तरह आग पर काबू पाया है। यह अग्निकांड सोमवार की दोपहर क्षेत्र के गांव हटका में हुआ है। गांव से थोड़ी दूर पर आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल है। सोमवार की दोपहर स्कूल में छुट्टी हुई तो बच्चे खेलते हुए अपने घरों को जा रहे थे। इस बीच बच्चों ने माचिस जलाकर खेलना शुरू किया। माचिस की जलती हुई एक तीली किसी बच्चे ने खेत में फेंक दी, जिससे खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। खेत को जलता हुआ देखकर बच्चे भाग गए। आग ने इस विकराल रूप धारण किया और आग से धुंआ की तेज धुंध आसमान में उठी तब ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई। उसके बाद पूरा गांव दौड़कर खेतों में पहुंचा और आग को बुझाने का प्रयास शुरू हुआ। जब तक किसान आग पर काबू पाते तब तक गांव के रामकृष्ण मिश्र और भैयाराम मिश्र की पांच बीघा फसल जलकर राख हो चुकी थी।

### कथा सुनकर भाव-विभोर हुए श्रोता

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बा खीरों में स्थित संकट मोचन धाम मन्दिर परिसर में चल रही रामकथा में रविवार को रात में कथावाचक बाल व्यास कृष्ण मोहन "कान्हा जी" ने भक्तों को रामजन्म के लिए भक्त भगवान के संबंध, भगवान के वास्तविक स्वरूप का वर्णन करते हुए सुंदर कथा सुनाकर भाव विभोर कर दिया। उपस्थित भक्त नौ वर्षीय कथा वाचक बाल व्यास कान्हा की कथा सुनकर उनके आध्यात्मिक ज्ञान की सराहना कर रहे थे। बाल व्यास कान्हा ने भक्तों को बताया कि भगवान का जो वास्तविक स्वरूप है वह सत चित आनन्द रूप ही है। जिसका दर्शन पाने के लिए बड़े बड़े धर्मात्मा जन्म जन्मांतर प्रयत्न करते रहते हैं। किन्तु जो जीव प्रेम और सच्चे मन से उनका स्मरण करता है। उसे भगवान सहजभाव से ही दर्शन देकर उसका कल्याण कर देते हैं। जीव उसी अजन्मा अविनाशी ईश्वर का अंश है। "ईश्वर अंश जीव अविनासी। जड़ चेतन घन आनन्द रासी"। इसी तरह देर रात तक बाल व्यास कान्हा भक्तों को अध्यात्म गंगा में गोते लगवाते रहे। इस अवसर पर संकट मोचन धाम के प्रमुख वंदिका प्रसाद श्रीवास्तव, शासकीय अधिवक्ता अशोक त्रिवेदी आदि सहित काफी संख्या में महिला पुरुष भक्त उपस्थित थे।

### प्रबंधक राजकरन सिंह का निधन, शोक



राजकरन सिंह (फाइल फोटो)

**सरेनी, रायबरेली।** सरेनी क्षेत्र के दुधवन गांव निवासी प्रख्यात समाजसेवी व विवेकानंद इंटर कॉलेज दुधवन के प्रबंधक राजकरन सिंह का शुक्रवार की देर रात को निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को गेगासों गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधियों और हजारों की संख्या में सामान्य लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। निधन पर पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह, पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, शिक्षक नेता राम प्रताप सिंह, शिवभूषण द्विवेदी, कमलाकांत मिश्रा, ग्राम प्रधान काल्हीगांव देशदीपक सोनी, डॉ. ओपी सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रभात सिंह, त्रिलोकचंदी, अजय प्रताप सिंह उर्फ रोहित, महिकर सिंह, समाजसेवी शैलेंद्र अग्निहोत्री, सुधीर अग्निहोत्री, वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेश त्रिवेदी, राकेश त्रिवेदी सहित तमाम क्षेत्रीय लोगों ने शोक संवेदना व्यक्ति की है।

### बिल मांफी के लिए किसानों को कराना होगा पंजीकरण

**सलोन, रायबरेली।** सरकार ने किसानों को राहत पहुंचाने के लिए विद्युत बिल माफी योजना लागू की है। जिसके तहत प्रदेश के निजी नलकूप धारी उपभोक्ताओं को 1400 यूनिट तक हर माह की विद्युत खपत पर कोई भी बिल नहीं देना होगा। इससे अधिक विद्युत खपत करने पर उपभकताओं को अतिरिक्त विद्युत बिल का भुगतान करना होगा। उपभक्ताओं को इस योजना का लाभ लेने के लिए अपने नजदीकी विद्युत वितरण केन्द्र पर जाकर पंजीकरण कराना होगा। किसानों के विद्युत बिल माफी योजना में पंजीकरण कराने के लिए उपभोक्ता का 1 अप्रैल 2023 तक बकाया विद्युत बिल का पूर्ण भुगतान होना चाहिए। नलकूप में लगा विद्युत मीटर पूर्णतया सही दशा में कार्य करता हुआ पाया जाना चाहिए। तथा नलकूप का इस्तेमाल पूर्णतया कृषि के लिए ही किया जा रहा हो। अधिशाषी विद्युत अभियंता मनोज कुमार विश्वकर्मा ने बताया की विद्युत वितरण खंड के अंतर्गत आने वाले ऐसे पात्र सभी उपभोक्ता जो विद्युत बिल माफी योजना के अंतर्गत आते है वो योजना का लाभ पाने के लिए विद्युत खंड कार्यालय में रजिस्ट्रेशन करा कर योजना का लाभ उठा सकते है।

### बीएसएनएल उपभोक्ताओं का हुआ मोह भंग

**सलोन, रायबरेली।** भारत संचार निगम लिमिटेड के ब्राडबैंड, लैंडलाइन व मोबाइल सेवा विद्युत विभाग से मिल रही विद्युत आपूर्ति पर निर्भर हो गयी है। सोमवार को विद्युत विभाग द्वारा फीडर लोड को विभाजित करने को लेकर नगर में लगभग नौ घण्टे विद्युत आपूर्ति बाधित की गयी थी। जिसके बाद सुबह 11 बजे से शाम छः बजे तक आपूर्ति बाधित की गयी थी। ।जिसके बाद से बीएसएनएल का नेटवर्क पूरी तरह ध्वस्त हो गया। देर शाम समाचार लिखने तक बीएसएनएल का नेटवर्क नहीं दिखाई दिया। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से सलोन क्षेत्र के 70 हजार उपभोक्ताओं का बीएसएनएल से मोहभंग हो गया है। उपभोक्ताओं को दूसरी कम्पनी के मोबाइल नेटवर्क का सहारा लेना पड़ रहा है। वंही एसडीओ अनिल कुमार से इस सम्बंध में मोबाइल पर सम्पर्क किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नही किया।

### युवक पर दुराचार का केस दर्ज

**डलमऊ,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम निवासी नाबालिक किशोरी के साथ प्रेम प्रसंग के चलते किशोरी को मिलने के बहाने बुलाकर उसके साथ प्रेमी द्वारा दुराचार करने के आरोप में डलमऊ पुलिस द्वारा गांव के ही आरोपी युवक पर दुराचार का मुकदमा दर्ज किया गया। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि पीड़िता किशोरी की माता की तहरीर के आधार पर गांव के ही आरोपी युवक के विरुद्ध नाबालिक के साथ बिना स्वेच्छा के दुराचार करने के आरोप में पीड़ित की मां की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध दुराचार का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### मंत्री ने किया भाजपा कार्यालय का उद्घाटन

**सलोन, रायबरेली।** यूपी के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता सलोन बाईपास जानकी पुरम में भाजपा के विधान सभा कार्यालय का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे। उद्घाटन के दौरान मंत्री नंदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा करता है। इसलिए पुनः एक बार फिर मोदी की रिकार्ड सीटो के साथ सरकार बनने जा रही है। उनको मजबूती प्रदान करने के लिए भारत सरकार और प्रदेश के कई दिग्गज मंत्रियों का कार्यक्रम भी लग चुका है। मंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो गया है। इस मौके पर विधायक अशोक कोरी, नप. अध्यक्ष चन्द्र शेखर रस्तोगी, चन्द्र शेखर सिंह, अंजनी साहू, राम कुमार जायसवाल, सुधीर सिंह, प्रदीप गुप्ता, आजाद सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### खरीद नियंत्रण प्रकोष्ठ कंट्रोल रूम स्थापित

**रायबरेली।** रबी विपणन में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत गेहू खरीद कार्य के लिये जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय में खरीद नियंत्रण प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। जिसमें गेंहू क्रय कार्य की समीक्षा के साथ-साथ क्रय के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही की जायेगी। खरीद प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों के लिये दूरभाष 0535-2975003 पर फोन करना पड़ेगा। जिला खाद्य विपणन अधिकारी व अपर जिला खरीद अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि खरीद नियंत्रण प्रकोष्ठ का प्रभारी रमेश चन्द्र श्रीवास्तव को बनाया गया है।

### थ्रेसर की चपेट में आने से युवक का कटा हाथ

**लालगंज।** खेतों में गेहूं की कटाई करते समय थ्रेसर की चपेट में आने से युवक का हाथ कट गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लाया गया जहां से जिला अस्पताल किया गया। लालगंज कोतवाली क्षेत्र महाखेड़ा निवासी राहुल पिता प्रेमशंकर खेतों में गेहूं की कटाई कर रहा था तभी वह नियंत्रण खो दिया और थ्रेसर की चपेट में आ गया।

## एक नजर

### 15 लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपी पकड़े गए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोठी पुलिस ने सोमवार को शराब बनाने के उपकरण व पांच लीटर कच्ची शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। जैदपुर पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

### 20 लोगों पर की गयी शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका को देखते हुए सोमवार को 20 लोगों पर कार्रवाई की।

### 130 ग्राम मार्फीन के साथ शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सफदरगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र मसौली के ग्राम कटरा निवासी अर्जुन को हरीपुरवा मोड़ से 130 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### ट्रक व पिकअप में टक्कर

**कोठी बाराबंकी, अमृत विचार :** कोठी थाना क्षेत्र के हैदरगढ़-बाराबंकी मार्ग स्थित मीरापुर चौराहे के पास सोमवार सुबह बाराबंकी की ओर जा रहे बालू लदा ट्रक सामने से सब्जी लदी आ रही पिकअप से टकरा गया। । पिकअप में चालक रामरूप व अजीम सवार थे। उधर, ट्रक चालक व क्लीनर फरार हो गए।

### जुर्माना देकर छूटे दोषी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार को कुर्सी के रामलोटन को आचार संहिता उल्लंघन के मामले में जबकि अश्लील टिप्पणी के मामले में देवा थाना क्षेत्र के कौशल, हैदरगढ़ से अखिलेश यादव, व मंशा राम लोध को 500 रुपये का जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई गई। आरोपी जुर्माना देकर छूट गये।

# मानव श्रृंखला बना मतदाताओं को किया जागरूक

## चार हजार छात्र-छात्राओं ने लिया भाग, डीएम-एसपी ने पैदल ही किया चार किमी तक निरीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:**



मानव श्रृंखला का निरीक्षण करते डीएम-एसपी व अन्य। अमृत विचार



मतदाता जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला बनाती छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सोमवार को जिलाधिकारी आवास से जेब्रा पार्क तक मानव श्रृंखला बनाई गई। इसमें जनपद के विभिन्न कॉलेजों से आये करीब 4 हजार छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता से जुड़े आकर्षक स्लोगन लिखी तख्ती और बेनर लेकर लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। इस दौरान जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार को मानव श्रंखला का खुली जिप्सी से निरीक्षण करना था, लेकिन बच्चों का उत्साह देखकर वह पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, सीडीओ अ. सुदन और अन्य अधिकारियों के साथ पैदल ही चल पड़े। उन्होंने चार किमी लंबी मानव श्रृंखला का पैदल ही निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान छात्र-छात्राओं से मिलकर उन्हें मतदान की अहमियत बताई और उनके सुझाव भी जाने।

कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले एसडीएम सदर विजय कुमार त्रिवेदी ने जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार, सीडीओ और एसपी को मतदाता जागरूकता की कैप अलंकरण की। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद मुख्यालय के विभिन्न इंटर कॉलेज और महाविद्यालय से आए हुए छात्र-छात्राओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए मतदाता जागरूकता अभियान की मानव श्रृंखला का अवलोकन किया। इससे पहले जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने जनपद के विभिन्न इंटर कॉलेजों जैसे जमील-उर-रहमान किदवई गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय बाराबंकी, मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महिला महाविद्यालय बाराबंकी, साईं इंटर कॉलेज, एमबी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन सहित अनेक कॉलेज के बच्चों को पूर्व निर्धारित स्थान पर खड़ा करवाकर मानव श्रृंखला का आकार प्रदान कराया।

विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ एनसीसी कैडेट, स्काउट-गाइड, रोवर्स-रेंजर द्वारा लगाए जा रहे मतदाता जागरूकता के नारों से माहौल पूर्ण रूप से सकारात्मक दिखा। यातायात विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग के तमाम वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षकों के देखरेख में पूर्ण अनुशासन में मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम श्वेता मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय, जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य, सीओ सिटी, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी यातायात सहित अनेक विभागों से आए अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा मुख्य रूप से आशीष पाठक, तौहीद खान, अनंत कुमार अस्थाना, इकबाल फातिमा, आर एस धीमान, रितु अग्निहोत्री, अभिसारिका वर्मा, राहुल सूर्यवंशी, राजेंद्र त्रिपाठी, रामाधार भारती सहित अनेक शिक्षकों ने सहयोग प्रदान किया।

### 103 केन्द्रों पर आयोजित सम्मेलन में सास-बहू-ननद को मतदान के प्रति किया गया जागरूक



सास-बहू सम्मेलन में भाग लेतीं महिलाएं। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता के लिये सोमवार को जनपद के 103 केन्द्रों पर सास-बहू और ननद सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें 4393 महिलाओं ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में उपस्थित सास-बहुओं और ननद को मतदान के महत्व से अवगत कराया गया। सम्मेलन में उपस्थित सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलायी गयी। सम्मेलन में ब्लॉक फतेहपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र बेलहरा में सास रामावती ने अपनी बेटी बेबी और बहू नीता के साथ वोट देने की बात कही। आंगनबाड़ी केन्द्र लालपुर में बहू पूजा ने कहा कि वह 20 मई को अपनी सास कमला और ननद बबली के साथ मतदान करने अवश्य जाएंगी। सिद्धौर ब्लॉक में कादिरपुर आंगनबाड़ी केन्द्र पर सास दुलारी देवी ने कहा कि वह अपनी बहू को मतदान कराने अवश्य ले जाएंगी।

## अमृत विचार मतदाता जागरूकता की मुहिम

# गर्भवतियों को मतदान केंद्र पर नहीं होगी कोई परेशानी




मतदाता के सवाल का जाह्नवी ने चित्र के माध्यम से दिया जवाब। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 9 की छात्रा जाह्नवी ने गर्भवती महिला मतदाता के सवाल का जवाब चित्र के माध्यम से दिया है। अगर आपके मन में भी मतदान से जुड़ा ऐसा कोई सवाल हो तो आप हमें sveepbarabanki2024@gmail.com व amritvicharbarabanki@gmail.com पर भेजें। अमृत विचार बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों के माध्यम से आपके सवाल और जवाब प्रकाशित करेगा। मुहिम खत्म होने पर तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को अमृत विचार व जिला प्रशासन सम्मानित करेगा।

## सार-संक्षेप

### घर से नकदी समेत लाखों की चोरी

**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे लगभग दो लाख रुपये के जेवर व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नान्दकुई निवासी सन्तलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार की रात वह घर के बाहर सो रहा था। तभी चोर घर में घुसे और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवर कमर गुच्छा, मंगल सूत्र, मांग टीका, नथुनी, जंजीर, चांदी की अंगूठी, बिछुआ तथा दो हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद चोर उनके बड़े भाई ओमप्रताप के घर में घुसे और कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़ा लेकिन कुछ ले नहीं जा सके। घटना की जानकारी रविवार की सुबह हुई। कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### 10 वर्ष बाद शुरू हुआ जैदपुर-कमरावां मार्ग का निर्माण

**सतरिख बाराबंकी : अमृत विचार :** एक दशक के लंबे इंतजार बाद बाराबंकी जैदपुर मार्ग से कमरावां गांव को जाने वाली सड़क का निर्माण शुरू हो गया है। बंकी ब्लॉक के जैदपुर मार्ग से कमरावा जाने वाली सड़क का निर्माण वर्ष 2013 में कराया गया था। तब से इसकी मरम्मत नहीं हो सकी थी। इससे सड़क उखड़ कर गड्ढों में तब्दील हो गई थी। कमरावां की प्रधान मुमताजउल निशां, मुईन अहमद, बंसराज वर्मा, रमाकांत कनौजिया तथा बृजेश कुमार रावत सहित कई अन्य ग्रामीणों ने करीब चार महीना पहले डीएम सहित अन्य उच्चाधिकारियों को पत्र देकर सड़क बनवाने की मांग की थी। इस पर डीएम ने लोक निर्माण विभाग खंड तीन को कार्य कराने के निर्देश दिए थे। प्रधान मुमताजुउल निशा ने बताया कि सड़क का निर्माण शुरू हो गया है। लोक निर्माण विभाग खंड तीन के सहायक अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि ठेकेदार को समय से गुणवत्तापरक कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### नहीं रहे उस्ताद फखरे आलम



**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** मदरसा जियाउल इस्लाम के उस्ताद मास्टर फखरे आलम का सोमवार को निधन हो गया। खबर आम होते ही उनके मकान मस्तान रोड मरकज मस्जिद के पास लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। बाद नमाज जोहर ईदगाह में हजारों की तादाद में लोगों ने उनके अंतिम संस्कार में शिरकत की। इसमें दिल्ली मरकज निजामुद्दीन के जिम्मेदार मोलवी मुहम्मद शरीफ, जामा मस्जिद के इमामो खतीब मोलवी हबीब, मरकज मस्जिद के इमामो खतीब मोलवी तौसीफ, कपूर थला जामा मस्जिद लखनऊ के इमामो खतीब मोलवी तौहीद, फतेहपुर चेयरमैन इरशाद अहमद कमर, पूर्व चैयरमेन मोहम्मद मशकूर, बेलहरा चैयरमेन प्रतिनिधि अयाज खां सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मुस्लिम कौम ने एक नेक रहबर को खोया

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** मुस्लिम कौम ने अपने एक अच्छे और नेक रहबर को खो दिया। हमेशा लोगों को सही राह दिखाने और उनके प्रति अपने मन में हमेशा दयालु रहने वाला शख्स अब इस दुनिया में नही रहा। उक्त विचार मदरसा जियाउल इस्लाम के पूर्व शिक्षक व तब्लीगी जमाअत के जिम्मेदार मास्टर फखरे आलम के निधन पर सोमवार को दिल्ली मरकज निजामुद्दीन के मौलाना मुहम्मद शरीफ ने व्यक्त किये। इस दौरान मौलाना अताउर रहमान नदवी नाजिम दारुल उलूम, फ़तेहपुर ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मिल्लत ने एक अनुभवी और निस्वार्थ नेता और एक महान व्यक्तित्व को खो दिया है।

### महिला को पीटकर घर से भगाया, केस दर्ज

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** शादी के तीन महीने बाद ससुरालीजनों ने महिला को दहेज की लालच में मार-पीटकर घर से भगा दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर भगौली निवासी मुनीर अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उन्होंने अपनी पुत्री गुलफ्सा बानो की शादी 17 जनवरी 2024 को फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिठवारा निवासी गयासुद्दीन के साथ की थी। शादी के कुछ दिन बाद ही उनकी पुत्री को कम दहेज लाने के चलते पति गयासुद्दीन, सास समसुल, ननद नाजिया, देवर मुन्ना आयेदिन पीटते थे। रविवार को उन लोगों ने पुत्री को पीटकर घर से भगा दिया और कहा कि मोटरसाइकिल, अलमारी, बेड के बिना वापस आयी तो जान से मार देंगे। पुलिस ने पति, सास, ननद, देवर के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया है।

### आरएसएस ने पूजीं कन्याएं, लिया आशीर्वाद



कन्या पूजन करते आरएसएस के पदाधिकारी। अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा नवरात्र के उपलक्ष्य में श्री शक्तिधाम महादेव तालाब मंदिर परिसर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान कन्याओं की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया गया। सोमवार को मंदिर परिसर में 121 कन्याओं का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक सुदीप ने पंक्तिबद्ध बैठाकर कर पैर पखारने के बाद तिलक लगाया व चुनरी ओढ़ाकर पूजा की। इसके पश्चात सभी कन्याओं को भोज कराया। जिला प्रचारक ने कहा कि कन्याएं साक्षात् देवी का रूप होती है। इस मौके पर जिला कार्यवाह सुधीर, खंड प्रचारक रामसूरत, खंड कार्यवाह ओंकार, राजीव नयन तिवारी, डीके सिंह, रामकृपाल मिश्रा, अंकित मिश्रा, आनंद सिंह, राजेश पाठक, गंगा प्रसाद तिवारी, सरवन सरदार, आयुष यादव आदि मौजूद थे।

# उद्यान निदेशक ने परखी योजनाओं की हकीकत



योजनाओं का जायजा लेते उद्यान निदेशक डॉ. विजय बहादुर द्विवेदी।

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** बागवानी और औद्योनिक खेती सहित सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लेने के लिए उद्यान निदेशक डॉ. विजय बहादुर द्विवेदी ने सोमवार को जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने विकास खंड हरख व रामसनेही घाट के किसानों से मिलकर औद्योनिक खेती को बढ़ावा देने की अपील की। इस मौके पर उनके साथ जिला उद्यान अधिकारी महेश श्रीवास्तव मौजूद रहे। विकास खंड हरख के गांव मरखापुर के किसान राजकिशोर वर्मा के खेत में पहुच कर निदेशक उद्यान ने एकीकृत बागवानी मिशन के तहत मशरूम की खेती के सम्बन्ध में जानकारी ली।

राजकिशोर ने बताया कि सरकार की योजनाओं का उन्हें लाभ मिला और उन्होंने मशरूम की खेती से दो साल में पचास लाख रूपये का फायदा लिया। हरख के ही लक्ष्मणपुर गांव में राम आसरे वर्मा फूड प्रोसेसिंग कम्पनी के प्रोड्यूसर कुलदीप और नीरज से मिल मोटे अनाज के साथ सब्जियों के उत्पादन और बिक्री आदि की जानकारी ली। नीरज ने बताया उत्पादन अधिक होने से सब्जियों को प्रदेश के अलावा बाहर भी निर्यात किया जा रहा है। इसी तरह ग्राम अमरहिया में रामकुमार वर्मा की आयल मिल, ग्राम मीनापुर में रबी, जायद की फसलों के उत्पादन के बारे में जाना समझा। निदेशक ने पद्मश्री रामसरन वर्मा के फार्म हाउस पहुंचकर खेती से जुड़े किसानों व छात्रों को पद्मश्री रामसरन द्वारा प्रशिक्षण दिलवाया। निदेशक उद्यान डा. विजय बहादुर द्विवेदी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित होने वाले किसानों की जानकारी उद्यान अधिकारी से ली और बेहतर काम के लिए उनकी सराहना की।

# मतपत्र से हुए 11 लोस चुनाव, रद हुए 1.16 लाख वोट

## लेखाजोखा

- सबसे अधिक 1989 के चुनाव में रद हुए थे 18,530 मत
- 1962 से 1999 तक हुए चुनाव में बैलेट पेपर से डाले गए थे वोट

**नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी**



**अमृत विचार :** मतपत्र से वोट डालने के दौरान मतदाताओं की लापरवाही और नियमों की जानकारी के अभाव में 11 चुनावों में जिले के एक लाख 16 हजार से अधिक मतदाताओं के वोट रद हो गए। स्थिति यह थी कि 1989 के लोकसभा चुनाव में कुल पड़े वोटों में से 4.05 फीसदी यानी 18530 वोट रद कर दिए गए थे जो कि इन 11 चुनावों में सबसे अधिक रहा।

2004 के लोकसभा चुनाव से पहले जिले में लोकसभा चुनाव के लिए बैलेट पेपर से मतदान किया जाता था। बैलेट पेपर पर मतदाता मुहर को प्रत्याशी के नाम और चुनाव चिह्न के सामने लगाते थे। यदि किसी मतदाता द्वारा मुहर दो प्रत्याशियों के नाम के बीच लगाई जाती या मुहर की स्याही दूसरे प्रत्याशी के नाम के आगे भी लग जाती या अधूरी मुहर लगाई जाती थी तो उक्त वोट को निरस्त कर दिया जाता था। बैलेट पेपर से वोट डालने के दौरान लापरवाह या पर्याप्त जानकारी न होने के चलते 1962 से 1999 तक हुए 11 चुनावों में कुल एक लाख 16 हजार 830 मतदाताओं के वोट रद हो गए थे। 1967 में 6.92 और 1991 के लोकसभा चुनाव में 3.65 तथा 1999 के चुनाव में 1.63 फीसदी वोट रद हुए थे।

| वर्ष | कुल पड़े वोट | वैलिड वोट | रद वोट |
|---|---|---|---|
| 1962 | 233201 | 223476 | 9725 |
| 1967 | 301217 | 285759 | 15458 |
| 1971 | 265580 | 257976 | 7604 |
| 1977 | 305749 | 298295 | 7454 |
| 1980 | 311092 | 304293 | 6799 |
| 1984 | 387428 | 380210 | 7218 |
| 1989 | 456710 | 438180 | 18530 |
| 1991 | 450698 | 434209 | 16489 |
| 1996 | 507199 | 498070 | 9126 |
| 1998 | 582282 | 574168 | 8114 |
| 1999 | 631347 | 621036 | 10313 |
| कुल रद वोटों की संख्या | 1,16, 830 | | |

**नोट :** 1962 से पहले चुनाव में रद हुए वोटों को संख्या भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है। जबकि 2004 के चुनाव से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का प्रयोग किया जाने लगा है।

### संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा आज से

**बाराबंकी, अमृत विचार:** सत्यप्रेमीनगर स्थित श्री भुइहारे बाबा मंदिर परिसर में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत मंगलवार से होगी। देवीगंज के कथावाचक मधुकर तिवारी कथा सुनाएंगे। कथा दोपहर 1 से 3 बजे व शाम 7 से रात्रि 10 बजे तक होगी। क्षेत्रीय सभासद प्रतिनिधि देवेंद्र प्रताप सिंह 'ज्ञानू' ने बताया कि 23 अप्रैल को प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।



मधुकर तिवारी।

# मोदी सरकार को महंगाई से लेना-देना नहीं



बैठक को संबोधित करते सदर विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव व साथ में मौजूद गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया।

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी तनुज पुनिया ने सोमवार को सपा के सदर विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव के साथ विकास खण्ड देवा क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान सपा विधायक सुरेश यादव ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में गरीब की थाली, नौजवान की बेरोजगारी का जिक्र न होना साबित करता है कि देश की मोदी सरकार को महंगाई और बेरोजगारी से कोई लेना देना नहीं है। वहीं तनुज पुनिया ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र से उनका असली चेहरा जनता के सामने आ गया है।

## दावा

### भाजपा प्रदेश महामंत्री व एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ल ने संकल्प पत्र के बारे में दी जानकारी

# आत्मनिर्भर व विकसित भारत का ब्ल्यूप्रिंट है भाजपा संकल्प पत्र

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**




पत्रकारों से मुखातिब भाजपा प्रदेश महामंत्री व एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश महामंत्री व एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ल ने पार्टी के जिला कार्यालय में कहा कि भाजपा सिर्फ एक दल नहीं, बल्कि भारत के 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान शिल्पी बाबा साहब आंबेडकर की जयंती पर 18वीं लोकसभा के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया। यह संकल्प पत्र नए भारत का, श्रेष्ठ भारत का, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का ब्ल्यूप्रिंट है।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि हर भारतवासी मोदी के विजन को अपना मिशन मानकर योगदान देगा। यह पहला आम चुनाव है जिसमें लोग 4 जून को आने वाले परिणाम के प्रति आश्वस्त हैं। 80 करोड़ लोगों को अगले पांच वर्ष तक मुफ्त राशन तथा 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत की सुविधा के साथ इसका दायरा बढ़ाने की गारंटी देता है। इसके अलावा भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई छेड़ने, समान नागरिक संहिता लागू करने, अदालती कार्यवाही में तेजी लाने के साथ ही वन नेशन-वन इलेक्शन की प्रतिबद्धता भी संकल्प पत्र में दोहराई गई है। उन्होंने कहा पीएम सूर्य योजना के तहत हर गरीब परिवार का बिजली बिल शून्य करने के साथ ही उनकी कमाई बढ़ाने का संकल्प भी लिया गया है। मोदी ने विगत दस साल में जो परिवर्तन करके दिखाया है, उसी नए भारत का हम दर्शन कर रहे हैं। योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ हर तबके को मिलते हुए देश ने पहली बार देखा है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई, संदीप गुप्ता, गुरुशरण लोधी, प्रमोद तिवारी, आशुतोष अवस्थी, रोहित सिंह और रामेश्वरी त्रिवेदी समेत कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पेड़ पर लटकता मिला शव

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार:** देवा थाना क्षेत्र के माती इलाके में एक पेड़ पर एक युवक का शव संदिग्ध हालात में लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खनवार गांव निवासी पिंटू (30) ठेलिया पर आइसक्रीम बेचता था। सोमवार की सुबह करीब 9 बजे देवा कोतवाली क्षेत्र की माती चौकी अंतर्गत माधवपुर गांव स्थित एक बंजर जमीन पर लगे नीम के पेड़ की डाल पर मफलर के सहारे उसका शव लटकता पाया गया। कुछ दूरी पर उसका ठेला खड़ा था। सूचना मिलने पर माती चौकी इंचार्ज शिवसागर तिवारी ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## एक नजर

### पटना हाईकोर्ट के जज ने पियारेदास साहिब की तपस्थली पर टेका माथा

बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार : पटना हाईकोर्ट के जज नवनीत कुमार पांडेय ने सोमवार को क्षेत्र के जरौली गांव पहुंचकर सत्य साईं पियारे दास साहिब की तपस्थली पर माथा टेका। यहां पहुंचने पर न्यायमूर्ति का पीठाधीश्वर महंत हनुमान दास ने स्वागत किया। इस दौरान महंत कमलेश दास और महंत प्रेम जीवन समेत तहसील रामसनेहीघाट के अधिकारी और कोतवाली असंद्रा का पुलिस बल मौजूद रहा।

### आग लगने से हजारों का नुकसान

सिद्धौर, बाराबंकी, अमृत विचार : सिद्धौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़ी सेमरी में सोमवार को अपराह्न करीब तीन बजे फुरकान पुत्र मेहंदी हसन के सामने छप्पर के नीचे रखे भूसे में आग लग गई। पास में बंधी तीन बकरियां झुलस गईं। इस घटना में एक बाइक भी जल गयी है।

### आग ने चार किसानों की मेहनत पर फेरा पानी

सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार : क्षेत्र के जोंधी गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग के चलते चार किसानो त्रिनेत्र बक्स सिंह, लालता, चन्द्रशेखर सिंह व माताफेर मौर्य की फसल जल गयी। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

### भट्टी की चिंगारी से होटल व दुकान में लगी आग

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी : अमृत विचार भट्टी की चिंगारी से होटल व किराने की दुकान में आग लग गयी। लोगों ने आग पर काबू पाया। पड़ोस में स्थित परिषदीय विद्यालय आग की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया।

थाना लोनी कटरा अंतर्गत सीमावर्ती गांव भीतरी में हनुमान रावत लकड़ी की गुमटी में किराने की दुकान है। उसी में वह होटल भी चलाते हैं। होटल व किराने की दुकान पर दो छप्पर रखे थे। सोमवार को समोसा बनाते समय भट्टी से निकली चिंगारी से छप्पर में आग लग गई। दुकान में रखा किराने का सामान व लकड़ी की गुमटी जल गयी। इस घटना में दुकानदार का हजारों का नुकसान हो गया।

# कुछ मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं की गयीं पूरी तो कुछ में हैं अधूरी

**जायजा**

▶▶ **शौचालय अधूरा तो किसी बूथ पर पानी तक नहीं**

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** इस बार लोकसभा चुनाव में सांसद चुनने में जिले के विधानसभा क्षेत्र रामनगर के 3 लाख 47 हजार 969 मतदाताओं की भी अहम भूमिका रहेगी। कुछ दिनों पूर्व सेक्टर मजिस्ट्रेट ने विधानसभा के 37 मतदान केंद्रों पर खामियां पाई थीं। संबंधित को तत्काल व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए थे। जिसमें सभी जगह व्यवस्था दुरुस्त हो गई है। ग्राम थालखुर्द में मतदान केंद्र पर बाउंड्री वॉल का कार्य चल रहा है। ग्राम महंगूपुर में शौचालय ठीक करवाया जा रहा है। शेष इक्का दुक्का मतदान स्थलों पर शौचालय स्वच्छ जल सहित अन्य समस्याएं व्याप्त हैं। जिन्हें सुधारने का काम तहसील कर्मी कर रहे हैं। वही इस पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण उप जिलाधिकारी रामनगर पवन कुमार द्वारा किया जा रहा है। अमृत विचार की टीम ने कुछ ऐसे बूथों की स्थिति को कैमरे में कैद किया।

> सभी मतदान केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। लगभग सभी मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं भी पूर्ण हैं। कुछ मतदान केंद्रों पर बाउंड्री वॉल, पानी व शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। वहां कार्य चल रहा है। जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा।
>
> -पवन कुमार, उपजिलाधिकारी, रामनगर।



प्राथमिक विद्यालय जुरौंडा का बदहाल पड़ा शौचालय। अमृत विचार



प्राथमिक विद्यालय बिछलखा में खराब पड़ीं टोटियां। अमृत विचार

**केस 1 — शौचालय अधूरा, पानी भी नहीं**

विकास खंड सूरतगंज के ग्राम जुरौंडा के प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए मतदान स्थल पर साफ सफाई बेहतर है। बिजली पेयजल की व्यवस्था ठीक है। रैंप भी बना है। लेकिन विकलांगों के लिए बनाया गया शौचालय संचालित नहीं हो पाया है।

**केस 2 — छोटी-छोटी दिखी कमियां**

बिछलखा के प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र पर प्रकाश, शौचालय, साफ सफाई व्यवस्था बेहतर है। बूथ पर पेयजल समेत अन्य कमियां मिलीं। जिन्हें जल्द दुरुस्त कराने का दावा किया गया है।

**केस 3 — यहां ठीक दिखी व्यवस्था**

विकासखंड रामनगर के ग्राम लोहटी जई के प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र पर प्रकाश, शौचालय, पेयजल, रैम्प आदि की व्यवस्था बेहतर है। वहीं ग्राम सीहामऊ के प्राथमिक विद्यालय के मतदान केंद्र पर रैम्प, साफ सफाई प्रकाश पेयजल प्रकाश शौचालय आदि की व्यवस्था ठीक मिली।






# गर्मी बढ़ने के साथ ही बढ़ी मरीजों की संख्या

## जिला अस्पताल की ओपीडी में उपचार कराने के लिए रोजाना पहुंच रहे हैं सैकड़ों मरीज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** तापमान में उतार-चढ़ाव के बीच बीमारियां बढ़ रही हैं। इस दौरान अस्पतालों में सबसे ज्यादा हीट स्ट्रोक लू लगने सहित उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। चिलचिलाती धूप और गर्म हवा के कारण घर से बाहर निकलना लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से लगातार तापमान बढ़ने के कारण अस्पताल की ओपीडी में मरीजों का आंकड़ा भी दोगुना हो गया है। रोजाना साढ़े चार सौ से अधिक मरीज उपचार करवाने पहुंच रहे हैं। इसके अलावा निजी अस्पतालों में भी गर्मी जनितरोगों के उपचार के लिए मरीजों की भीड़ दिख रही है।

जिला अस्पताल में मरीजों का दबाव बढ़ रहा है। इसके अलावा अन्य विभाग के स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी में मरीज पहुंच रहे हैं। अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 300 से 500 मरीज रोजाना ओपीडी में आ रहे हैं। इनमें कमजोरी, थकान, बुखार, डिहाईड्रेशन, उल्टी-दस्त, टायफाइड, उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या सर्वाधिक है। विशेषज्ञ डॉक्टरों के अनुसार इस मौसम में छोटी-छोटी सावधानी रखें। एसी रूम, एसी कार से सीधे धूप में जाना भारी पड़ सकता है।

इस मौसम में सबसे ज्यादा हीट स्ट्रोक का खतरा रहता है. इसमें शरीर में पानी की कमी होना, आंखों में जलन होना लू के लक्षण हैं। हालांकि अब तक ऐसे मामले नहीं आए हैं, लेकिन जिला अस्पताल में पहुंच रहे ज्यादातर मरीज उल्टी, दस्त, डिहाईड्रेशन के शिकार हैं। इसमें बच्चों और युवाओं की संख्या ज्यादा है।



जिला अस्पताल में कतार में लगे मरीज। अमृत विचार

> इस मौसम में बच्चों की विशेष देखभाल की आवश्यकता है। बच्चों के खानपान पर ध्यान रखने के साथ ही उन्हें तेज धूप में घर के बाहर न जाने दें। पानी पीते रहें। रेशेदार मौसमी फलों का सेवन करें। उल्टी-दस्त या बुखार की स्थिति में तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लें।
>
> -डॉ. राजेश कुशवाहा, चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय

**बरतें सावधानी**

ठंडे माहौल से सीधे धूप में न जाएं। लगातार पानी पीते रहें। शरीर में पानी की कमी न होने पाए। सूर्य की किरणों के सीधे सम्पर्क में आने से बचें। हल्के रंग के सूती कपड़े पहने। सिर को टोपी, कपड़े या हेलमेट से ढककर रखें।

## सार-संक्षेप

### सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी विदाई



विदाई समारोह में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : ब्लॉक संसाधन केंद्र सतरिख में प्राथमिक शिक्षक संघ के विभिन्न संगठनों द्वारा सोमवार को ब्लॉक स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्मृति चिह्न देकर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री अरुणेंद्र कुमार वर्मा ने शिक्षकों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन वर्मा ने कहा कि आपकी विभाग में दी गई सेवा से सदैव मार्गदर्शन लिया जाएगा। बीईओ अर्चना यादव ने कहा कि आप विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं हमारे परिवार का हिस्सा सदैव बने रहेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष यूटा डॉ आशुतोष कुमार, जिलाध्यक्ष अटेवा अमित कुमार वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप सिंह, संतोष, मनोज, राकेश समेत कई लोग मौजूद रहे।

### शार्ट सर्किट से नौ बीघा गेहूं की फसल जली



आग में जलकर राख हुई फसल। अमृत विचार

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को अलग- अलग स्थानों पर लगी आग से गेहूं की खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गई। पहली घटना जोंधी गांव में घटी। खेतों के ऊपर से गुजरे बिजली के तारों से निकली चिंगारी से चन्द्रशेखर सिंह की दो बीघा, माताफेर की एक बीघा, लालता बख्श एवं त्रिनेत्र सिंह की एक-एक बीघा खेत में खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाई। इसके बाद कोरीना मजरे रामनगर गांव में दोपहर बाद लगी आग में बब्लू सिंह, पंकज सिंह, हरवा दीन व कल्याण सिंह की लगभग एक-एक बीघा गेहूं की फसल जलगई। ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच मौके पर पहुंचे अग्नि शमन कर्मियों ने आग बुझा दी। कांशीराम कालोनी के समीप एक बांस के कोठ में आग लग गई जिसे अग्नि शमन कर्मियों ने बुझाया।

### बाढ़ पुनर्वास केंद्र का तहसीलदार ने किया निरीक्षण



निर्माण कार्य का निरीक्षण करतीं तहसीलदार। अमृत विचार

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : ब्लॉक के बतनेरा गांव में सोमवार को नवनिर्मित बाढ़ पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण रामनगर तहसीलदार महिमा मिश्रा ने किया। उन्होंने कार्यदाई संस्था के कर्मचारियों को गुणवत्ता परक निर्माण किए जाने के निर्देश दिए हैं। दरअसल यह बाढ़ पुनर्वास केंद्र बन जाने से बाढ़ प्रभावित लोगों को ठिकाना मिल सकेगा। यहां बाढ़ पीड़ित आकर रुकेंगे और भोजन पानी उन्हें यहीं मिलेगा। धूप व गर्मी से भी निजात मिलेगी। यह भवन तीन मंजिला बनेगा। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार महिमा मिश्रा ने पिलर के लिए खोदे गड्ढों में डाली गई सरिया के साथ ही प्रोजेक्ट की लम्बाई व चौड़ाई आदि की गहनता से जानकारी ली। उन्होंने इंजीनियर को निर्देश दिया कि सामने की डामर सड़क की ऊंचाई से ही इसका प्लेट फार्म बनवाया जाए, ताकि सीपेज का प्रभाव न रहे। इसके अलावा निर्माण में अच्छी सीमेंट का उपयोग करें। तहसीलदार महिमा मिक्षा ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय हेतमापुर जाकर वहां की सुविधाए देखीं और बच्चों के लिए तैयार किए जा रहे एमडीएम की गुणवत्ता भी परखी। यहां मीनू के हिसाब से रोटी और सब्जी बनी थी। उन्होंने किचन की साफ-सफाई निर्देश रसोइये को दिए।

# खेत गये युवक का पेड़ से लटकता मिला शव

टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : थाना टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम रहिमापुर में घर से खेत में गेहूं काटने की बात कहकर निकले युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर गमछे के सहारे लटकता मिला। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। थाना टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम रहिमापुर निवासी मगन कनौजिया (40) पुत्र बनवारीलाल कनौजिया का शव सोमवार शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर खेत में लगे पेड़ पर गमछे के सहारे लटकता हुआ मिला। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने देखा तो उन्होंने गांव पहुंचकर परिजनों को इस घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन अवाक रह गए और रोते-बिलखते हुए मौके पर पहुंच गए। थोड़ी ही देर में मौके पर अन्य ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के साथ कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने गांवों में पहुंचकर जनसंपर्क किया। भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने सोमवार को टिकैतगंज के बाबा परमहंस कुटी, लिलौली के चंद्रपुरी आश्रम, बसारा के बाबा कुटी, वाजिदपुर के शिव मंदिर आदि स्थानों पर जनसंपर्क कर ग्रामीणों से समर्थन मांगा। उनके साथ कुर्सी के विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा व कार्यकर्ता मौजूद थे। उन्होंने कहा कि कुर्सी विधानसभा के अंदर भाजपा सरकार में जितना काम हुआ है। अब एक बार फिर आप लोगों का समर्थन चाहिए। वहीं भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने महादेव तालाब सिहाली रोड पर स्थित चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भी किया।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सीएचसी रामनगर में पिछले एक माह से ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेस के तहत 108 एवं 102 एंबुलेंस पर कार्यरत सभी ईएमटी हेतु एडवांस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में 2 दिवसीय 16 बैच के माध्यम से बाराबंकी, बलरामपुर, बहराइच एवम श्रावस्ती जनपद के लगभग 450 ईएमटी एवं चारों जिलों के सभी एंबुलेंस सुपरवाइजरों को एडवांस प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके पूर्व सभी ईएमटी को विभिन्न चिकित्सा उपकरण एवं दवाओं की जानकारी दी जा चुकी है। समापन बैच में रामनगर सीएचसी के एमओआईसी मुकुंद पटेल और डाक्टर स्वप्निल के द्वारा भी सभी ईएमटी को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर एंबुलेंस सर्विसेस के बाराबंकी मंडल के रीजनल मैनेजर विवेक मिश्र भी मौजूद थे जिनके द्वारा एक माह तक लगातार बिना रुके प्रशिक्षण देने हेतु ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ के प्रशिक्षक अनुज वर्मा एवं हिमांशु बाजपेई, प्रोग्राम मैनेजर शिवांश श्रीवास्तव, जिला प्रभारी इरफान सिद्दीकी, लवकुश वर्मा, अवनीश सिंह, पुष्कर वर्मा एवं ईएमटी शिवकुमार को धन्यवाद ज्ञापन भी किया गया।



प्रशिक्षण के समापन पर मौजूद कर्मचारी। अमृत विचार

### उपेक्षा का आरोप लगा दिया इस्तीफा

सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार: भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुबेहा व जिला कार्यकारिणी समिति के सदस्य रन बहादुर सिंह उर्फ राना ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित विभिन्न पदों से त्याग पत्र दे दिया। उन्होंने पार्टी नेताओं पर उपेक्षा का आरोप लगाया। राना ने कहा कि वह 37 वर्षों से पार्टी की सेवा कर रहे हैं, लेकिन कुछ वर्षों से पुराने कार्यकर्ताओं को नजर अंदाज किया जा रहा है।

# सभी वर्गों के हित के लिए काम करती है भाजपा : शर्मा

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो जाति बिरादरी व मजहब से अलग हटकर सभी वर्गों के लोगो के हितों के लिए काम करती है। ये बातें मुख्य अतिथि प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने कस्बा रामनगर में चेयरमैन रामशरण पाठक के संयोजन व रामचन्द्र शुक्ल के संचालन में अयोजित होली मिलन समारोह में कहीं।

सतीश शर्मा ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी अपराध व अपराधी मुक्त हो चुका है। विधायक साकेंद्र प्रताप ने कहा कि रामनगर के लोगों को राम की लाज रखनी है। भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने कहा कि मैं यहां के लोगों की बहू और बेटी दोनों हूं। नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने अतिथियों का आभार जताया। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शशांक कुसमेश, अवधेश श्रीवास्तव, रामनाथ मौर्य, ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी, डीडीसी भुल्लन वर्मा, अध्यक्ष टिकैतनगर जगदीश गुप्ता ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख आकाश पांडेय, रामबाबू त्रिवेदी, तेज प्रताप सिंह, देवा अध्यक्ष हारून वारसी, दरियाबाद अध्यक्ष सरफराज कुरैशी हैदरगढ़ अध्यक्ष आलोक तिवारी, राधा कृष्ण मिश्रा, शिक्षाविद व प्रबंधक आरएलबी बाराबंकी रामकिशोर शुक्ला, सभासद अवनीश मिश्रा, टिंकू तिवारी, शुभम, दयाशंकर तिवारी आदि मौजूद रहे।



होली मिलन समारोह में राज्यमंत्री सतीश शर्मा का स्वागत करते पदाधिकारी।

**महंगाई की मार** — पिछले 10 दिनों में अरहर की दाल 30 से 40 रुपये तक हुई महंगी

# दाल की बढ़ती कीमत ने बिगाड़ा रसोई का बजट

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** खाने की थाली में सबसे अहम हिस्सा मानी जाने वाली अरहर दाल की बढ़ती कीमत रसोई का बजट बिगाड़ रही है। 10 दिन पहले जो अरहर की दाल 130 से 140 रुपये किलो मिल रही थी वह आज की तारीख में 160 से 170 रुपये किलो मिल रही है। इस प्रकार 10 दिनों में 30 से 40 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जबकि थोक बाजार में अन्य दालों में पांच से दस रुपये की बढ़ोतरी देखी जा रही है। थोक बाजार में अरहर दाल की 30 किलो की बोरी 4710 से 4750 रुपये तक पहुंच गई। जो 10 दिन पहले 4200 रुपये में उपलब्ध थी।

फुटकर किराना दुकानों में अरहर की फूल दाल 160 से 170 रुपये किलो बिक रही है। कुछ दिन पहले 130 से 140 रुपये में मिल रही थी। बाजारों के जानकारों का कहना है कि इस वर्ष अरहर की फसल पर मौसम की मार पड़ी है। इसकी वजह से फसल काफी कमजोर हुई है और मांग की तुलना में आवक नहीं के बराबर है। दाल की बढ़ रही कीमतों की वजह से केंद्र सरकार ने दालों की जमाखोरी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का का आदेश दिया है। कई बार जमाखोरी के चलते दालों की कीमतों में उछाल होता है।

**गृहणियां बोलीं, मजबूरी में ढीली करनी पड़ रही जेब**

फतेहपुर कस्बे की निवासिनी बिट्टू बताती हैं कि लगातार बढ़ रही अरहर की दाल की कीमत की वजह से रसोई का सारा बजट बिगड़ गया। दोपहर के खाने में पकने वाली दाल रसोई से दूर हो गई है। अन्य दालों का प्रयोग करके देखा, लेकिन जो स्वाद अरहर की दाल में है वह अन्य दालों में कहां।



बिट्टू, गृहणी



रुचि गुप्ता, गृहणी

भिटरिया कस्बा निवासिनी रुचि गुप्ता ने बताया कि अरहर दाल प्रोटीन के मामले में सबसे अच्छी दाल है। दस दिनों से दाल की बढ़ रही कीमत ने सोच में डाल दिया है। रसोई के बजट को बढ़ाना पड़ रहा है। बिना दाल भोजन करने से संतुष्टि नहीं मिलती है।

### होटल बुक कराने में 48 हजार की ठगी

फतेहपुर बाराबंकी, अमृत विचार: ऑनलाइन होटल बुक कराने के चक्कर में युवक 48 हजार रुपये की ठगी का शिकार हो गया। युवक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इब्राहिमपुर निवासी संदीप वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि वह चण्डीगढ़ के हयात रेजीडेन्सी होटल में कमरा आनलाइन बुक कर रहा था। उसने कॉल की तो बात करने वाले ने होटल का बैंक खाता भेजते हुए कहा कि इसमें पैसा भेज दो। संदीप ने 41 हजार व सात हजार पांच सौ रुपये दो बार में आनलाइन ट्रांसफर कर दिये। रुपये ट्रांसफर करने के बाद उन्हें लगा कि उनके साथ ठगी हो गयी है।

# न्यायिक अधिकारियों को दी विदाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेशानुसार जिले में कार्यरत न्यायिक अधिकारियों का स्थानान्तरण विभिन्न जनपदों में हुआ है। यहां कार्यरत मौसमी मद्धेशिया अपर प्रधान न्यायाधीश, अजय श्रीवास्तव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नाजनीन बानो अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अभिषेक त्रिपाठी अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रंजना सरोज अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, विपिन यादव अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, शैलेन्द्र नाथ सिविल जज (सीडि)/एसीजेएम, खान जीशान मसूद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिद्धार्थ चतुर्वेदी अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अनुजया कृष्णा सिविल जज, ज्योत्सना नागवंशी सिविल जज (जूडि)/एफटीसी, नसीम अहमद न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय फतेहपुर का स्थानान्तरण विभिन्न जनपदों में हुआ। इस अवसर पर नवीन प्रशासनिक भवन, सिविल कोर्ट में स्थानान्तरित न्यायिक अधिकारियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में प्रभारी जनपद न्यायाधीश आनन्द कुमार, दुर्ग नारायण प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, सूर्य प्रकाश शर्मा पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण व अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।



नवीन प्रशासनिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद न्यायिक अधिकारी।

## अष्टम महागौरी



मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

बीज मंत्र-श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः।

## एक नजर

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

गोसाईगंज (अयोध्या)। अमृत विचार : कोतवाली इलाके में एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। उपनिरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि रविवार रात्रि लगभग नौ बजे स्टेशन मास्टर ने सूचना दी कि अंकारीपुर व गेल्हापुर के बीच एक युवक का कटा हुआ शव पड़ा है। तलाशी के दौरान मृतक के पास से एक मोबाइल बरामद हुआ। जिस पर आई उसकी बहन की कॉल से युवक की पहचान पप्पूराम (38) स्व. राधेश्याम निवासी भटपुरवा थाना अहिरौली, अम्बेडकरनगर के रूप में हुई। युवक की किस ट्रेन से कटकर मौत हुई, इसकी जानकारी नहीं हो सकी।

### एक्सप्रेस ट्रेन से कटा युवक, मौत



अयोध्या, अमृत विचार। लखनऊ-वाराणसी रेल प्रखंड पर बनबीरपुर रेलवे क्रॉसिंग के निकट सोमवार को एक युवक का रेलवे ट्रैक पर रक्तरंजित शव मिला है। मृतक की शिनाख्त इसी थाना क्षेत्र के गाँव दराबगंज निवासी सालिकराम निषाद उर्फ़ रवि (32) पुत्र रामानन्द के रूप में हुई है। कैंट थाना प्रभारी संजय मौर्य ने बताया कि घटना सुबह 9.30 बजे लखनऊ से अयोध्या की ओर आ रही एक्सप्रेस ट्रेन से हुई। प्राथमिक पड़ताल में यह बात सामनेआई है कि सालिकराम निषाद उर्फ़ रवि पारिवारिक कलह के चलते परेशान था और उसने आत्महत्या की है। फ़िलहाल मौत के वजह की जानकारी के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# रामनवमी : पांच मिनट तक होगा रामलला का सूर्याभिषेक

## 12 बजकर 16 मिनट पर गर्भगृह में प्रवेश करेंगी सूर्य की किरणें

अयोध्या कार्यालय



धर्मपथ पर कारपेट बिछाने का काम शुरू हो गया है। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामनवमी के दिन 17 अप्रैल की दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक पर तिलक करेंगी। इसकी पुष्टि मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने सोमवार को की। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को रामलला के सुविधाजनक दर्शन प्राप्त होंगे।

मंदिर निर्माण समिति की एक दिवसीय बैठक सोमवार को राम जन्मभूमि परिसर में संपन्न हुई। इसमें चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में राम नवमी की अंतिम तैयारी और मन्दिर निर्माण कार्य को लेकर मंथन हुआ। इसके बाद शाम को पत्रकारों से वार्ता करते हुए नृपेंद्र मिश्र ने कहा मंदिर का संपूर्ण परकोटा और श्रद्धालुओं के लिए सुविधा केंद्र सहित राम मंदिर से जुड़े संपूर्ण कार्य 2024 के दिसंबर तक पूर्ण हो जाएंगे। उन्होंने कहा हम लोग इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि इस चैत्र राम नवमी के अवसर पर रामलला के ललाट दोपहर 12 बजकर 16 मिनट सूर्य की किरणें पांच मिनट तक पड़ेंगी। उन्होंने कहा रामनवमी मेले के अवसर पर प्रशासन और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट समन्वय करके श्रद्धालुओं के लिए रामलला के दर्शन की सरल और सुलभ व्यवस्था करेंगे। इस दौरान एलएंडटी और टाटा के इंजीनियर मौजूद रहे।





जन्म महोत्सव पर बधाई गीत प्रस्तुत करते कलाकार।

### मशहूर कलाकारों ने प्रारंभ किया गायन

मंदिर के जन्मभूमि पथ पर बने स्वागत द्वार से लेकर गर्भगृह तक को आकर्षक लाइट और फूलों से सजाया जा रहा है। मन्दिर परिसर में मशहूर कलाकारों के द्वारा सोमवार शाम से संगीत गायन, बधाई गीतों का आयोजन प्रारम्भ हो गया है।


### जहां रुकें वहीं अपना सामान रख कर आएं : चंपत

श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने आने वाले भक्तों से अपील की है कि भक्त जहां रुक रहे हैं वहीं अपना सामान, मोबाइल फोन, जूता-चप्पल व पर्स आदि प्रतिबंधित सामान रखकर आएं। इससे उनका समय भी बचेगा और उनको किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। थोड़ी दूरी उन्हें नंगे पैर चलना पड़ेगा। उन्होंने रामलला के दर्शन के लिए आने वाले सभी भक्तों से व्यवस्था बनाने में ट्रस्ट का सहयोग करने की अपील की है।

# यात्री सेवा केंद्र से बुक होंगे ट्रेन के टिकट

अयोध्या कार्यालय

▸▸ भक्तों को होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक व एलोपैथिक इलाज की भी मिलेगी सुविधा



**अमृत विचार :** रामलला के दर्शन करने आ रहे भक्तों को अब ट्रेन में टिकट बुक करने के साथ-साथ होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक और एलोपैथिक इलाज की भी सुविधा मिलेगी। यही नहीं उनको आराम करने, सामान रखने और स्वच्छ पेयजल आदि मूलभूत सुविधाएं भी मिलेंगी।

इसकी घोषणा सोमवार को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने की। पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि जन्मभूमि पथ और राम पथ के मध्य सुग्रीव किला के पास श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा स्थापित किए गए यात्री सेवा केंद्र का ट्रस्ट 24 घंटे संचालन की तैयारी में है। भक्तों की सेवा के लिए इस स्थान पर सभी प्रकार की जन सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी मौसम में यात्रा के दौरान बीमारियां हो सकती हैं। इसके लिए यहां पर एलोपैथिक, होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक के डॉक्टर बैठेंगे। भक्तों के लिए चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी। किसी भी यात्री को रेलवे के आरक्षण की सुविधा प्राप्त हो इसके लिए एक काउंटर खोला जाएगा। जिसमें रेलवे के कर्मचारी बैठेंगे और रेल आरक्षण करने या रद्द करने की सुविधा भक्तों को मिलेगी। इसके साथ ही भक्तों के बैठने, आराम करने, महिला व पुरुष शौचालय, पीने का स्वच्छ पानी सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं देने की तैयारी चल रही है। कुछ दिनों में यह व्यवस्था लागू हो जाएगी।

### बड़ा बैग व छोटा फोन रखने की मिलेगी सुविधा

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि यात्री सेवा केंद्र में भक्तों को अपना बड़ा बैग रखने के लिए क्लब रूम और छोटा मोबाइल फोन रखने के लिए लॉकर की भी सुविधा मिलेगी।

### अब 19 के बाद आएं राज्यपाल मुख्यमंत्री व अन्य वीआईपी

महासचिव चंपत राय ने बताया कि रामनवमी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए ट्रस्ट ने 16, 17, 18 और 19 को चार दिन के लिए सभी तरह के पास निरस्त कर दिए हैं। उन्होंने बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले राज्यपाल, मुख्यमंत्री व न्यायाधीश सहित अन्य वीआईपी प्रोटोकॉल में शामिल अतिथियों को 19 अप्रैल के बाद दर्शन के लिए आने का निवेदन किया है। कहा कि इन दिनों में सभी रामभक्त एक ही मार्ग से मंदिर में दर्शन करने जाएंगे और एक ही मार्ग से बाहर निकलेंगे।

### दर्शन मार्ग पर पांच माह तक रहेगी छांव

राम मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए अगले पांच महीने सितंबर तक दर्शन मार्ग पर छांव की व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके लिए जर्मन हैंगर लगाए गए हैं। साथ ही जगह-जगह कैनोपी का भी इंतजाम किया गया है। इससे गर्मी में श्रद्धालुओं को छांव मिलती रहेगी।

### ट्रस्ट की अपील : जो जहां है वहीं से करे दर्शन

चंपत राय ने सोमवार को ट्रस्ट की तरफ से सभी रामभक्तों से अपील करते हुए कहा कि रामनवमी के दिन जो भक्त जहां है वहीं से रामलला के दर्शन करे। श्रीराम जन्म भूमि मंदिर परिसर में होने वाले सभी कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण प्रसार भारती (दूरदर्शन) पर किया जाएगा। अयोध्या में करीब 100 स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही है।जिस पर भी भक्त सीधा प्रसारण देख सकेंगे।

### 50 हजार की क्षमता वाले शू-रैक तैयार

अयोध्या, अमृत विचार : श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए नौ प्रमुख स्थल मार्गों पर 23 ब्लॉक में 50000 क्षमता के शू-रैक तैयार कराए गए हैं। जहां पर श्रद्धालु अपने जूते चप्पल जमा करते हुए दर्शन को जा सकते हैं। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने सोमवार को पादुका सेवा के लिए बनाये गये कैंपों का निरीक्षण सेवा में लगे हुए स्वयंसेवकों को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि पादुका सेवा के कैम्प के साथ-साथ प्रमुख मार्गों पर लगभग छह किमी. कारपेट बिछाये जाने की कार्रवाई की जा रही है।

# रामनवमी पर सुबह साढ़े तीन बजे से लगेगी भक्तों की लाइन

अयोध्या कार्यालय



पत्रकारों से वार्ता करते तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामनवमी पर रामलला के दर्शन के लिए भक्तों को सुबह चार बजे से रात्रि 11 बजे तक मंदिर में प्रवेश मिलेगा। मंदिर में श्रद्धालु 19 घंटे दर्शन करेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने सोमवार को रामनवमी की तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि श्रृंगार आरती सुबह पांच बजे होगी, लेकिन दिनचर्या में रामलला के वस्त्र बदलने और भोग लगाने के लिए समय-समय पर मात्र तीन-चार मिनट के लिए पर्दा रहेगा। कहा कि अभी तक सामान्य रूप से सुबह 6:30 बजे के बाद दर्शन प्रारंभ होते हैं। दिनभर में भगवान को पांच बार भोग लगाया जाता है। सुबह 6:30 व 9.00 बजे बाल भोग लगाया जाता है। दोपहर 12:30 बजे राजभोग और शाम चार बजे नैवेद्य के रूप में अल्पाहार रामलला को समर्पित होता है। इसके बाद शयन के पहले रात्रि में भोजन भोग में लगाया जाता है। इसके बाद शाम को दर्शन को बिना बाधित किये छह बजे संध्या आरती की जाएगी। श्रद्धालुओं के भीड़ का दबाव को देखते हुए रात की आरती की जाएगी। इस मौके पर विहिप के संरक्षक मंडल के सदस्य दिनेश जी, ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा भी मौजूद थे।

# अयोध्या-लखनऊ के बीच शटल बस सेवा आज से

अयोध्या कार्यालय



▸▸ मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 20 तक चलेंगी बसें

**अमृत विचार:** चैत्र रामनवमी मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अयोध्या-लखनऊ के बीच शटल बस सेवा शुरू की जा रही है। यह सेवा 20 अप्रैल तक चलेगी।

रामनवमी पर अयोध्या आने वालों की भीड़ है। जानकारों के मुताबिक रामनवमी के एक दिन पहले व एक दिन बाद तक नियमित ट्रेनें फुल है। आरक्षण की वेटिंग 150 के ऊपर पहुंच गई है। वंदे भारत ट्रेन में सीटें खाली है पर इसका किराया ज्यादा होने से बसों पर यात्रियों का बोझ बढ़ने की उम्मीद है। एआरएम रोडवेज आदित्य प्रकाश ने बताया कि परिवहन निगम लखनऊ से अयोध्या के लिए शटल बस सेवा शुरू कर रहा है। इसमें में 50 बसें चलाई जाएंगी। ये बसें लखनऊ के चारबाग, कैसरबाग, अवध बस स्टेशन से चलेंगी। सेवा मंगलवार (आज) से शुरू होने की संभावना है। जैसै-जैसे यात्री बढ़ेंगे बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। यह बसें 20 अप्रैल तक चलेंगी।

### मेले के लिए रोडवेज बसों का संचालन शुरू

अयोध्या। अमृत विचार : चैत्र रामनवमी मेले को लेकर रोडवेज बसों का संचालन शुरू हो गया है। एआरएम आदित्य प्रकाश ने बताया कि अयोध्या में अस्थायी बस स्टेशन से सोमवार को बसों का संचालन शुरू कर दिया गया। बसें गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, लखनऊ, सुल्तानपुर रूट पर लगाई जा रही हैं। अभी यात्रियों का दबाव कम होने से ज्यादा बसें नहीं उतारी गई हैं। मेले में भीड़ के दबाव के मद्देनजर लगभग 400 बसें लगाने की योजना है। शटल बस सेवा के साथ ही अयोध्या परिक्षेत्र की बसें भी लखनऊ-अयोध्या रूट पर चलेंगी।

# पत्नी को गुजारा भत्ता न देने पर अधिवक्ता गिरफ्तार

बड़ागांव (अयोध्या)



**अमृत विचार :** रौनाही थाना पुलिस ने अदालत के आदेश के बावजूद गुजारे भत्ते का भुगतान न करने और अदालत पर हाजिर न होने के चलते एक अधिवक्ता को गिरफ्तार किया है।

रौनाही थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत हाजीपुर बरसेंडी के हाजीपुर गांव निवासी अधिवक्ता कुलभूषण त्रिपाठी ने नेहा त्रिपाठी से विवाह किया था। अनबन के चलते रिश्ता टूट गया और नेहा त्रिपाठी ने वर्ष 2016 मं परिवारिक न्यायालय में मामला दाखिल किया। अपर न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय ने मामले के विचारण में नेहा त्रिपाठी व पुत्री को प्रति माह 10 हजार रुपये भरण-पोषण अदा करने का आदेश दिया था। हालांकि उसके अधिवक्ता पति ने भरण-पोषण के भुगतान में आनाकानी की और अदालत पर भी नहीं हाजिर हुए। जिसके चलते अदालत ने एसएसपी को कुर्की और बकाया वसूली का आदेश किया था।

चौकी प्रभारी सत्ती चौरा गोविंद अग्रवाल ने बताया कि 29 मार्च 2024 तक कुलभूषण को कुल आठ लाख 24 हजार 400 रूपये का भुगतान करना था, लेकिन उसने केवल 83 हजार 500 रुपया ही जमा कराया। बकाया धनराशि देने से आनाकानी के चलते अदालत ने एसएसपी को बकाया रकम वसूली के लिए कुर्की का आदेश जारी किया था, जिसके तहत पुलिस ने बकाया वसूली के लिए गिरफ्तारी की है। अदालत ने उसे 30 दिन की अवधि के लिए सिविल अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

## मेले में गर्मी से बचाव के लिए उठाएं जरूरी कदम : डीएम

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** डीएम नितीश कुमार ने चैत्र रामनवमी के दौरान गर्मी के मद्देनजर गर्मी से बचाव के लिए सोमवार को जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। कहा कि संबंधित विभाग इस पर त्वरित कार्रवाई करें। उन्होंने पॉवर कॉर्पोरेशन के अफसरों को मेले के दौरान निर्वाध विद्युत आपूर्ति करने, सम्पूर्ण मेला परिसर में साफ सफाई व्यवस्था और आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था का निर्देश नगर निगम के अफसरों को दिया। कहा कि रामनवमी मेले में विदेश और दूसरे प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त मात्रा में होल्डिंग एरिया बनाए जाए। होल्डिंग एरिया में धूप से बचाव के लिए पर्याप्त कैनोपी व पीने के पानी की व्यवस्था की जाए। बताया कि नया घाट पुलिस चौकी के पीछे कंट्रोल रूम में मेला नियंत्रण कक्ष के नम्बर 05278-232043, 232044, 232046, 232047, 9120989195, 9454402642 पर कोई भी व्यक्ति मेला के सम्बंध में जानकारी दे सकता है।

# लोस चुनाव : मतदान कराने बिजनौर गए 585 होमगाड्‌र्स



समारोह में होमगार्ड को किट प्रदान करते हुए। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मतदान कराने के लिए 585 होम गार्डस को सोमवार को बिजनौर के लिए रवाना किया गया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में होमगार्डस के मंडलीय कमांडेट हंसराज, व जिला कमांडेट राघवेंद्र कुमार शुक्ल ने मेडिकल किट प्रदान कर जवानों को रवाना किया।

अफसरों ने चुनाव के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के साथ किए जाने वाले और न किए जाने वाले कार्यों की ब्रीफिंग भी की। जिला कमांडेट शुक्ल ने बताया कि जिले से 585 जवानों को बिजनौर के लिए रवाना किया गया। यहां यह पहले चरण का चुनाव कराएंगे। इसके बाद दूसरे चरण में गाजियाबाद, तीसरे चरण में फिरोजाबाद और चौथे चरण में फर्रुखाबाद में ड्यूटी करेंगे। इसके बाद जवान पांचवे और छठवें चरण में अयोध्या सहित अन्य जिलों के मतदान के दौरान यहां पहुंचेंगे। जवानों की रवानगी के दौरान विभाग के रमेश चंद्र, अरविंद सेन, अरविंद, कमलेश, हेमेंद्र सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### अनियंत्रित पिकअप की टक्कर से बालिका की मौत

रुदौली अयोध्या। अपने परिवार के साथ बाजार जा रही पांच वर्षीय बालिका को अनियंत्रित गति से जा रही पिकप ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बच्ची की इलाज के दौरान सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में मौत हो गई। घटना थाना बाबा बाजार क्षेत्र के बहापुर पेट्रोल पंप के पास सोमवार को घटी। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम बाबा बाजार के साप्ताहिक बाजार में अपने परिवार के साथ आ रही सानिया( 5) वर्ष पुत्री सूरज गौतम निवासी ग्राम बहापुर मजरे भवानीपुर को मां कामाख्या मंदिर की तरफ से आई पिकअप ने बहापुर पेट्रोल पम्प के निकट टक्कर मार दी। गंभीर हालत में सानिया को सीएचसी रुदौली में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लिया है। ड्राइवर मौके से भाग निकला।

### चार दुकानों से नमूने संग्रहित किए

अयोध्या, अमृत विचार : खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल ने सोमवार को 9 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुये कुल चार खाद्य पदार्थो के नमूने संग्रहित किए। बेनीगंज स्थित एक प्रतिष्ठान पर विक्रय के लिए उपलब्ध एवं प्रदर्शित डायमण्ड सिंग ब्रांड के 50 पैकेट नमकीन, चिली सॉस के 4 पैकेट, मैग्गी मंचूरियन के 2 पैकेट व ब्रिटानिया केक के 2 पैकेट को एक्सपायर्ड एवं खराब गुणवत्ता का होने के कारण नष्ट कराया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 750 रुपये आंकी गई। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी। संग्रहीत किये गये खाद्य पदार्थों में मूंगफली दाना, साबूदाना, फलाहारी व आलू चिप्स का नमूना भेजा गया है।

### सीओ रेलवे ने चलाया तलाशी अभियान



कैंट रेलवे स्टेशन परिसर का जायजा लेते सीओ रेलवे। अमृत विचार

अयोध्या। चैत्र रामनवमी मेले को लेकर जीआरपी के मेला ड्यूटी पर मुस्तैद होने के बाद पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रथम विकास पांडेय व द्वितीय हृषीकेश यादव ने सोमवार को स्टेशनों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रमुख स्टेशनों पर जाँच-तलाशी अभियान चलवाया है। जीआरपी अयोध्या कैंट के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार राय ने बताया कि अधिकारियों ने भीड़ की सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक हिदायत दी है। इस दौरान चौकी प्रभारी अयोध्या धाम जंक्शन सुशील कुमार मिश्रा समेत उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षी और आरक्षी आदि मौजूद रहे।

### गन्ना सर्वे के समय प्रिंट आउट जरूर लें किसान

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : मिले क्षेत्रों में सर्वे के लिए कर्मचारियों की टीमें निकल पड़ी। यह टीमें खेतों में बोए गए गन्ने और पेड़ी का सर्वे करेंगी। किसानों को सर्वे का मैसेज भेजा जाने लगा है। किसान सर्वे के बाद इसका प्रिंट आउट जरूर प्राप्त करें। अयोध्या की दो और अंबडेकरनगर की एक चीनी मिल के आंशिक क्षेत्र में बोए और पेड़ी गन्ना का सर्वे कराया जा रहा है। इसके लिए कुल 90 टीमें लगाई गई है। इनमें गन्ना विभाग के साथ मिल के कर्मचारी हैं। सोमवार को टीमें सर्वे के लिए भेज दी गई, लेकिन कुछ टीमों को अब तक मशीनों का आवंटन न होने से वह नहीं निकली है। गन्ना सर्वे जीपीएस आधारित है। रौजागांव चानी मिल में गड़बड़ी के चलते यहां सर्वे की शुरूआत प्रभावित हुई है। जिला गन्ना अधिकारी हुदा सिद्दीकी ने बताया कि गन्ने सर्वे का काम शुरू करवा दिया गया है। अगले दो दिन में सर्वे में तेजी आएगी। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वह सर्वे के पहले अपना ऑनलाइन घोषणा पत्र जरूर भरे। सर्वे के लिए मैसेज भेजा जा रहा है। सर्वे के समय किसान अपने खेत पर जरूर उपस्थित रहें। जिससे सर्वे में गड़बड़ी न हो। साथ ही सर्वे के बाद टीम के लोगों से अपने सर्वे का प्रिंट आउट जरूर ले। इससे उनको सुविधा होगी।

सुविधा | मेडिकल कॉलेज में शुरू होने जा रहा है जिले का पहला 10 बेड का चिकित्सालय

# एक ही छत के नीचे टीबी मरीजों की जांच व इलाज

अयोध्या कार्यालय




▸▸ पुराने ट्रॉमा सेंटर में लगेंगे बेड, वहीं पर होंगे बलगम परीक्षण के भी इंतजाम

**अमृत विचार :** वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में जिले में भी काम तेज हो गया है। अयोध्या के मेडिकल कॉलेज एक ही छत के नीचे टीबी मरीजों को जांच व इलाज की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा 10 बेड आरक्षित कर वहां भर्ती करने की भी व्यवस्था की जाएगी।

दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में 500 बेड संचालित हो रहे हैं। नए भवन के संचालन के बाद से ट्रॉमा/इमरजेंसी की सुविधा वहीं शुरू हो गई है। इसके बाद पुराने ट्रॉमा सेंटर का रंगरोगन कराकर उसे 10 बेड का टीबी चिकित्सालय बनाने की तैयारी चल रही है। मेडिकल कॉलेज में टीबी विभाग के चिकित्सक डॉ. एसके वर्मा ने बताया कि अभी तक नौ नंबर में डीआरटीबी सेंटर में मरीजों का इलाज किया जा रहा था। यहां पर चार बेड पर एमडीआर और एसडीआर के गंभीर मरीजों को भर्ती किया जा रहा था। पुराने ट्रॉमा सेंटर के टीबी चिकित्सालय में तब्दील होते ही वहां टीबी मरीजों के लिए 10 बेड आरक्षित हो जाएंगे।

### ...ताकि अस्पताल में न फैले संक्रमण

डॉ. एसके वर्मा ने बताया कि पुराने ट्रॉमा सेंटर में टीबी चिकित्सालय के शुरू होते ही वहां पर बलगम परीक्षण केंद्र भी खुल जाएगा।जिससे कि एक ही छत के नीचे मरीजों को सारी व्यवस्थाएं मिल जाएं। उन्होंने बताया कि व्यवस्था ऐसी रहेगी कि कोई भी टीबी मरीज पूरे अस्पताल में भ्रमण न करके सीधा चिकित्सालय में पहुंचे और वहीं से इलाज कराकर लौट जाए। इससे अन्य मरीजों में फैलने वाले संक्रमण को भी रोका जा सकेगा। उन्होंने बताया कि दवाओं के लिए भी चिकित्सालय में इंतजाम किया जाएगा।

> टीबी मरीजों को अलग शिफ्ट करने के लिए चिकित्सालय की शुरुआत की जाएगी। हमारी कोशिश थी कि हाल फिलहाल में ही इसका संचालन कर दिया जाए, लेकिन आचार संहिता लगने से हम रुक गए हैं। चुनाव बाद व्यवस्थाएं संचालित हो जाएंगी। - डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, प्रिंसिपल, मेडिकल कॉलेज।

# पहले दिन कटी 121 रसीद जमा हुए 55 लाख रुपये

अयोध्या कार्यालय

▸▸ वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कर जमा करने की हुई शुरुआत




**अमृत विचार :** एक बार फिर से नगर निगम के टैक्स विभाग में रौनक लौट आई हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कर जमा करने के लिए सोमवार से शुरुआत हो गई है। नए सॉफ्टवेयर के अपडेट होते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। दिन भर टैक्स डिपार्टमेंट में हलचल दिखी।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान लक्ष्य से भी अधिक का राजस्व वसूल कर नगर निगम ने प्रदेश के 17 नगर निगमों में छठवां स्थान हासिल किया था। 27 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 36 करोड़ रुपये की वसूली की गई थी। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि अब हमारा सॉफ्टवेयर अपडेट हो चुका है। हालांकि अभी लक्ष्य नहीं तैयार किया गया है। इस वित्तीय वर्ष में 40 करोड़ रुपये की वसूली का अनुमान लगाया जा रहा है। टैक्स विभाग में सोमवार को 121 रसीद कटी हैं, निनमें पौने चार लाख रुपये कर के रूप में व करेत्तर में 51 लाख रुपये जमा हुए हैं। उन्होंने बताया कि लोग अपना गृह व जलकर आकर अब जमा करा सकते हैं।

## एक नजर

### आवेश अहमद बने कांग्रेस के जिला महासचिव



सुलतानपुर, अमृत विचार : जिला कांग्रेस कमेटी की नई सूची में युवा कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष आवेश अहमद को महासचिव बनाया गया है। आवेश अहमद इससे पूर्व राष्ट्रीय छात्र संगठन के भी जिला उपाध्यक्ष रहे हैं। लंभुआ विधानसभा के भदैया ब्लाक के करोमी शरीफ़ के निवासी आवेश अहमद के चयन से युवा कांग्रेसियों में उत्साह है। युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र, मेराज अहमद, मोहित तिवारी, शहबाज खान, आशुतोष मिश्र अंशू, विवेक ओझा, आमिर पठान, आदिल असलम आदि ने खुशी जताई है।

### 1150 ग्राम गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

सुलतानपुर, अमृत विचार : लम्भुआ कोतवाली के उपनिरीक्षक अनिल सक्सेना को मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति गांजे के साथ खड़ा है। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 1150 ग्राम गांजा पाया गया। युवक की शिनाख्त अमर बहादुर यादव निवासी ग्राम पैगूपुर खुनशेखपुर थाना लम्भुआ के रुप में हुई।

### अपहृत किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

सुलतानपुर, अमृत विचार : कुड़वार थाना क्षेत्र के एक गांव से बीते दिनों घर से गायब हुए किशोरी के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण व पाक्सो एक्ट में केस दर्ज कर लिया था। सोमवार को पुलिस ने लापता हुई किशोरी को बरामद करते हुए आरोपी युवक को उसके घर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त मो इलियास निवासी महराजगंज थाना कुड़वार को न्यायालय भेजा गया है।

# आवंटन के बाद भी फुटपाथ पर काबिज हैं पटरी दुकानदार

## पालिका की योजना को नहीं मिल पा रहा मूर्त रूप, सांसद के ड्रीम प्रोजेक्ट पर जिम्मेदार बने हैं लापरवाह

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए वेंडिंग जोन बनाया गया है। फुटपाथ के दुकानदार वेंडिंग जोन में जाने के बजाय सड़कों की फुटपाथ पर कब्जा जमाए है। जब नगर पालिका का आभियान चलता है तो दुकानदार वेंडिंग जोन में दिखावे के लिए पहुंच जाते हैं। जिसकी वजह से शहर में जाम खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है।

शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए गोपालदास पुल के नीचे बनाया गया वेंडिंग जोन खाली पड़ा है। जिन फुटपाथ दुकानों को वेंडिंग जोन में जाना था, उनकी सड़कों पर ठेले लगे हुए हैं। नगर पालिका के तमाम दावों के बावजूद अभी तक वेंडिंग जोन शुरू नहीं हो सका है। प्रशासन ने शहर में जाम की समस्या को देखते हुए फुटपाथ कारोबारियों को वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराया था। किंतु यह काम केवल कागजों पर ही हुआ। असल में वहां एक या दो दिन से अधिक दुकानें नहीं लगाई जा सकीं। दिखावे के लिए कुछ दुकानें थोड़ा सामान रख परिजनों को बैठा दे रहे हैं। नतीजा यह हुआ कि गोलाघाट से लखनऊ नाका रेलवे ओवरब्रिज तक सड़क की दोनों पटरियों पर तमाम ठेले लगते हैं। यही स्थिति कोतवाली व तहसील के आसपास की है। मेडिकल कॉलेज के पास सब्जी मंडी सड़क पर चलती है। सड़क चौड़ी होने के बाद भी कोई राहत नहीं है। चौक घंटाघर पर ठेलों के चलते पैदल चलना भी मुश्किल है। इसके अलावा सुपर मार्केट रोड, डाकखाना, शाहगंज चौराहा, बांध मंडी, पंचरास्ता, राहुल तिराहा का भी यही हाल है।

> शहर में लगातार अभियान चलाकर पथ विक्रेताओं से फुटपाथ पर दुकान नहीं लगाने की अपील की जा रही है। कुछ लोगों पर जुर्माना भी लगाया गया है। यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। जुर्माने के बाद यदि फुटपाथ पर कोई दुकान लगाता मिला तो सामान जब्त होगा।
> – **लालचंद्र सरोज**, ईओ, नगर पालिका परिषद सुलतानपुर



वेंडिंग जोन में खाली दुकानें। सड़क पर सजी दुकानें। अमृत विचार

### झूठा साबित हुआ अधिकारियों दावा

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लालचंद्र सरोज का दावा है कि वेंडिंग जोन में करीब 400 दुकानदारों की व्यवस्था की गई है। उनकी रोज जीपीएस से मॉनिटरिंग की जाती है। वेंडिंग जोन के खाली स्थलों पर भी फुटपाथ दुकानदारों के बैठने की व्यवस्था की गई है। जबकि वहां की तस्वीर साफ बताती है कि नगर पालिका की सारी मॉनिटरिंग और दावे झूठे हैं।

### शहर की हृदयस्थली की सड़कें व फुटपाथ बिक चुकीं

शहर की हृदयस्थली कहा जाने वाला चौक तक आने-जाने के लिए अच्छी डबल लेन सड़के और डिवाइडर बने हुए हैं। किंतु यहां पर दो पहिया वाहन लेकर जाना भी मुश्किल है। क्योंकि, फुटपाथ से लेकर सड़के तक बिकी हुई हैं। यहां पटरी, सड़क से लेकर डिवाइडर तक दुकानें लगती हैं। यह दुकानें लगाने वाले बताते हैं कि रोज दुकान लगाने का नकद पैसा देते हैं। यह रकम 100 रुपये प्रतिदिन से लेकर 200 रुपये प्रतिदिन तक है। यह रकम वसूलने वाले वह दुकानदार भी हैं, जिनके सामने दुकानें लगती हैं और इसमें सरकारी तंत्र भी भागीदार है। यही वजह है कि यहां पर कभी अभियान चलता नहीं देखा गया।

# आग से 15 बीघा गेहूं की फसल जली

**हादसा**

- काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू

धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के कोरों गांव के सिवान में सोमवार की सुबह लगी आग में लगभग 15 बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गयी। हल्ला गुहार पर पहुंचे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई। ग्रामीणों की मानें तो अज्ञात द्वारा खेत के बगल बाग में पत्ती जलाने से लगी आग।

घटना के मुताबिक कोरों गांव के बगल सिवान में सुबह 11 बजे अचानक गेहूं के खेत से आग की लपटें उठने लगी। सिवान में काम कर रहे लोगों के गोहार पर ग्रामीण घटनास्थल पर बाल्टी लेकर पहुंचे और ट्यूबवेल से पानी निकाल आग बुझाने मे लग गये। घंटों की कड़ी मेहनत के बाद लोग आग पर काबू पा सके। लेकिन तब तक गांव निवासी गयानाथ मिश्रा और अमर सिंह का 8 बीघा और रामरुप का 3 बीघा तथा गौरव मिश्रा का 4 बीघा की गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों का कहना है कि खेत के बगल बाग मे महुआ बीनने के लिये किसी ने सूखी पत्ती जलायी थी, जिसकी चिंगारी उड़कर खेत में गिरी और आग लग गयी।



धनपगंज के कोरों गांव में आग से जली गेहूं की फसल। अमृत विचार

## जनहित याचिका पर आज होगी हाईकोर्ट में सुनवाई

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** कादीपुर में दो थानों का क्षेत्राधिकार स्थानांतरण आदेश रद्द करने के लिए दाखिल जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई होगी। इससे पूर्व कोर्ट ने मामले पर सरकार से जवाब तलब किया था। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अताऊ रहमान मसूदी और बृजराज सिंह ने याची अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा को एफिडेविट दाखिल करने का आदेश भी दिया था। अधिवक्ता ने बताया कि सीजेएम ने ट्रांसफर के नोटिफिकेशन की छायाप्रति उपलब्ध करा दी है। सभी की निगाहें मंगलवार को नियत सुनवाई पर टिकी हैं।

# सीजेएम बने नवनीत सिंह, कई अन्य न्यायिक अधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

- मथुरा से आए संतोष कुमार ने संभाला एडीजे प्रथम का कार्यभार

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट के निर्देशन में न्यायिक अधिकारियों का ट्रांसफर होने के बाद प्रयागराज से आये नवनीत सिंह को जिले के सीजेएम के रूप में पदभार मिला है। मथुरा से आए संतोष कुमार को एडीजे प्रथम कोर्ट की जिम्मेदारी मिली है।

बदायूं से आए विजय कुमार द्वितीय को एफटीसी प्रथम/स्पेशल जज गैंगस्टर कोर्ट का प्रभार मिला है। जलाल मोहम्मद अकबर को एडीजे चतुर्थ रहे अंकुर शर्मा के स्थान पर जिम्मेदारी मिली है। लखनऊ से आई शालिनी सागर को फैमिली कोर्ट की जिम्मेदारी मिली। वाराणसी से आए नीरज कुमार श्रीवास्तव को स्पेशल जज पॉक्सो कोर्ट का प्रभार मिला है। वाराणसी से आये राकेश पांडेय को एडीजे द्वितीय/स्पेशल जज एससी-एसटी एक्ट कोर्ट पर नई तैनाती मिली है। गाजियाबाद से आए शुभम वर्मा को सिविल जज (प्रवर खंड) कक्ष संख्या-15 का प्रभार मिला है। बाराबंकी से आई अनुजया कृष्ण को सिविल जज (अवर खंड) दक्षिणी कोर्ट की जिम्मेदारी मिली। वहीं, आस्था मिश्रा को सिविल जज (अवर खंड) उत्तरी का प्रभार मिला। आगरा से आई मुक्ता त्यागी को एसीजेएम प्रथम की जिम्मेदारी मिली। लखीमपुर खीरी से आए अविनाश चंद्र गौतम को एसीजेएम/सिविल जज (प्रवर खंड) पद की जिम्मेदारी मिली है। बदायूं से आई मनाली चन्द्र को किशोर न्याय बोर्ड के चेयरमैन का प्रभार मिला है। वहीं, वाह्य न्यायालय- कादीपुर कोर्ट से क्षितिज पांडेय का ट्रांसफर होने के बाद रिक्त हुई अदालत पर सुलतानपुर में ही तैनात रहे अपर सिविल जज/न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या-29 संतोष कुमार वर्मा को जिम्मेदारी मिली है।

# पेड़ से लटकता मिला युवती का शव

कादीपुर, सुलतानपुर

- हत्या या आत्महत्या में उलझी पुलिस नाक से निकल रहा था खून, दोनों पैर नोच लिए थे किसी जानवर ने

**अमृत विचारः** सोमवार को गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवती का शव पेड़ से लटकता मिला। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस ने युवती के शव का पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के अमरेथू डड़िया गांव में सोमवार को एक 27 वर्षीय युवती का शव जामुन के पेड़ से लटकता पाया गया। जिसकी शिनाख्त कुकुढ़ीपुर मालापुर गांव निवासी पूनम (27) पुत्री स्व. बखेडू निषाद के रुप में हुई। ग्रामीण जब खेतों की तरफ जा रहे थे तो उन्हें ट्यूबवेल के पास सूनसान जगह पर जामुन के पेड़ से लटकती दिखी थी। उसके नाक आदि स्थानों से खून निकला था, साथ ही दोनों पैर को जानवर ने नोच लिया था। सूचना पर कादीपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। घटना स्थल पर पहुंची मृतका की मां दशहरा देवी ने बताया कि मेरी लड़की पूनम की शादी तीन वर्ष पहले बीबीगंज बाजार के पास ढाका गांव में हुई थी। मृतका पूनम का एक दो वर्ष का बेटा शिवा है। पूनम के बड़ी बहन की शादी ककरहवा अमरेथू डड़िया में हुई है। वह अपनी बहन के यहां आई थी। फिलहाल मृतका पूनम के शव गले में दुपट्टे से कसा हुआ पेड़ के पास बैठी हुई दशा में मिला था। पेड़ की डाल व जमीन की दूरी कम होने से लाश का पैर जमीन पर होने के कारण मामला हत्या और आत्महत्या की गुत्थी में उलझ गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

> युवती के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। युवती कुछ मंद बुद्धि थी। हत्या है या आत्महत्या है। यह पीएम रिपोर्ट के बाद ही साफ होगा। –**विनय कुमार गौतम**, सीओ कादीपुर

## सड़क हादसे में बाइक सवार मां-बेटा घायल

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः** सोमवार विनय कुमार दूबे (32) अपनी मां रामलली (60) पत्नी गिरजा प्रसाद निवासी पूरे सूबेदार मजरे मिझूटी थाना बल्दीराय के साथ बाइक से हलियापुर की तरफ आ रहे थे। अयोध्या रायबरेली मार्ग पर जैसे ही मुड़ रहे थे कि पीछे से अयोध्या की तरफ से आ रही कार से टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार दोनों लोग गिर गए। उनको काफी चोटें आई। कार चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। वहीं, उसी तिराहे पर ड्यूटी कर रहे हलियापुर थाना के पुलिस कर्मियों ने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को पिठला हॉस्पिटल भिजवाया है। वहां से दोनों को अयोध्या रेफर कर दिया गया है।

# श्री रामनवमी रथयात्रा को लेकर पुलिस सतर्क

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचारः** नगर पंचायत कोइरीपुर में श्री रामनवमी पर्व के मौक़े पर निकलने वाली रथयात्रा मद्देनजर चांदा पुलिस ने नगर पंचायत में गणमान्य नागरीकों के साथ बैठक किया। बैठक में क्षेत्राधिकार लंभुआ अब्दुस सलाम, थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह के अलावा नगर पंचायत कोइरीपुर के अध्यक्ष प्रतिनिधि कासिम राईन, पूर्व चेयरमैन सुधीर साहू, कुलदीप अग्रहरी, विजय, सुरेश, सलाहुद्दीन आदि रहे। पुलिस ने अपील किया शांति व्यवस्था बनाएं रखे।

दरअसल हफ्तेभर पूर्व बुधवार को गो वध के अफवाह से कस्बे में दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए। झड़प में दो लोग बुरी तरह घायल भी हुए। इसी विवाद में हिन्दू संगठनों के कुल 14 लोग नामजद किए गए। चांदा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 लोगों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा। एक बार फिर बुधवार को ही रामनवमी है। परंपरागत ढंग से शोभायात्रा निकल जाएगी। थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस सतर्क है। श्रीरामनवमी रथ यात्रा के मद्देनजर कस्बे में ड्रोन के अलावा सीसीटीवी कैमरो से गतिविधि पर नज़र रहेगी। पुलिस के साथ-साथ अर्ध सैनिक बलों की एक कंपनी मुस्तैद है।

## सार-संक्षेप

### महाविद्यालय में कराया गया कन्या भोज

सुलतानपुर, अमृत विचार : रामबरन स्नातकोत्तर महाविद्यालय विभारपुर के प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने एक भंडारे का आयोजन किया, जिसमें 21 कन्याओं को भोजन कराकर उन्हें दान भेंट किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रशासक संजय सिंह, प्राचार्य अजय त्रिपाठी, अभय आईटीआई के प्राचार्य अशोक पांडेय, राम प्रताप दुबे, दिलीप कुमार दुबे, अमर प्रताप सिंह, महेश जायसवाल, जीके सिंह व राम मणि यादव आदि लोग मौजूद रहे।




कन्या भोज कराते प्रबंधक।

### दो जिंदा कारतूस के साथ आरोपित गिरफ्तार

सुलतानपुर, अमृत विचार : सोमवार कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह हमराहियों के साथ क्षेत्र में आदर्श चुनाव आचार संहिता के अनुपालन व संदिग्ध वाहनों व लोगों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच बीच सूचना मिली कि धरौली गांव के पानी की टंकी के पास एक संदिग्ध युवक खड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस को देख युवक भागने का प्रयास किया तो पुलिस वालों ने पकड़ कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए युवक की शिनाख्त अंकुर हरिजन निवासी धरौली के रुप में हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ़ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।

### 36 केन बीयर के साथ युवक पकड़ा गया

सुलतानपुर, अमृत विचार : सोमवार को करौंदीकला थाने में तैनात कांस्टेबल बलराम सिंह, अमन प्रताप सिंह बांगरकला बाजार में मौजूद थे। तभी सूचना मिली कि अंडे की दुकान पर अवैध रूप से बीयर बेची जा रही है। चेकिंग के दौरान पुलिस को अंडे की दुकान में 36 केन बीयर बरामद हुई। पुलिस बीयर व युवक को थाने लाकर उसके खिलाफ़ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पकड़े गए युवक की पहचान दीपक गुप्ता निवासी गोवापट्टी बांगरकला थाना करौंदीकला के रुप में हुई।




राणा प्रताप महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को किया गया सम्मानित।

### जनसंख्या विस्फोट के कारण और प्रभाव पर हुई संगोष्ठी

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग ने सोमवार को जनसंख्या विस्फोट के कारण और प्रभाव विषय पर एक छात्र संगोष्ठी की। मुख्य वक्ता सम्बोधित करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ आलोक कुमार ने कहा कि जनसंख्या विस्फोट के कारण विश्व आज अनेकों समस्याओं से जूझ रहा है। भारत में भी बेरोजगारी और अपराध वृद्धि के मूल में यही है। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभिषेक शुक्ला ने कहा कि कुछ सुरक्षात्मक उपाय और जन जागरूकता के माध्यम से जनसंख्या विस्फोट रोका जा सकता है। बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा शिखा पांडे , निलेश कुमार गौतम और धर्मेंद्र ने अत्यधिक जनसंख्या वृद्धि के कारण होने वाली समस्याओं और उसके रोकथाम के बारे में बताया। संगोष्ठी में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शशांक शेखर सिंह एवं डॉ संतोष कुमार सिंह ने अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों का समाधान किया ।

### मारपीट कर पत्नी को घर से निकाला, केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : अधिक दहेज मांगने पर जब नहीं मिला तो शौहर ने बीवी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। समझौते के लिए जब परिजन उसके घर गए तो शौहर ने बीवी को तलाक दे दिया। तहरीर पर पुलिस ने शौहर व उसके परिजनों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आजमगढ़ जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र के खैरुद्दीनपुर निवासी गुड़िया पुत्री सनुल्लाह ने जिले के अखंडनगर थाने पर तहरीर दी है। दी गई तहरीर में उसने बताया कि एक वर्ष पहले उसका निकाह सुलतानपुर जिले अखंडनगर थाना क्षेत्र के महरूपुर निवासी शेरेयार के पुत्र शहबाज से हुआ था। निकाह पर उसके पिता ने दो पहिया वाहन, एक लाख नगदी, गृहस्थी का सामान के साथ सोने के जेवरात भी दिए थे। साथ ही शहबाज को घर बनवाने के लिए एक लाख रुपये नगद और दिया था। आरोप है कि अब दो लाख रुपए और लाने के लिए कह रहे हैं। मेरे मना करने पर प्रताड़ित कर रहे हैं। हद तो तब हो गई जब पैसे के लिए शौहर व उसके परिजनों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। मायके आने पर जब उसके पिता मेरे ससुराल बात करने गए तो शहबाज ने तलाक दे भाग निकला। अखंडनगर थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह ने बताया कि तहरीर पर शौहर साहित छह परिवारीजनों पर गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया गया है।



मतदाता जागरूकता को लेकर विद्यार्थियों से पूछे गए सवाल। अमृत विचार

### विद्यार्थियों को मतदान के लिए दिलाई गई शपथ

सुलतानपुर, अमृत विचार : निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुपालन में स्वीप योजनान्तर्गत छात्र छात्राओं को शपथ दिलाते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। जिसके क्रम में सोमवार को श्री शोभाराम राष्ट्रीय इंटर कॉलेज चांदीपुर में मतदाता जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे विद्यालय के छात्र, छात्राओं को मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सभी से अपील की गई कि अपने मत का प्रयोग अनिवार्य रूप से करे। वही दूसरों को भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें। मजबूत लोकतंत्र के लिये शत-प्रतिशत मतदान होना जरूरी है। इस मौक़े पर विद्यालय के सभी स्टाफ व छात्र, छात्राएं मौजूद रहे।

## एक वोट की कीमत पर किया गया जागरूक

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के वाणिज्य विभाग द्वारा दिन सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्रोफेसर जयशंकर शुक्ल द्वारा एक वोट की कीमत पर प्रकाश डालते हुए मतदान हेतु प्रेरित किया गया। डॉ वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वच्छ मतदान हेतु शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम का संचालन मिस्टर अनन्त रत्न सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष मिस्टर जगराम, डॉ राशिद अली, डॉ गोमती प्रसाद राय, डॉ ऋषिकेश पांडेय, दृष्टि जायसवाल एवं लवकुश यादव उपस्थित रहे।

# न्यायिक अधिकारियों को दी विदाई



दीवानी से स्थानांतरित न्यायाधीशों को दी गई विदाई।

सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले के दीवानी न्यायालय से अन्य जिलों के लिए स्थानांतरित न्यायाधीश त्रिभुवन नाथ पासवान, अभिषेक सिन्हा व अनुपम शौर्य को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ तारकेश्वर सिंह, नागेंद्र सिंह, अंजली, निधि सिंह और अन्य कर्मचारियों ने उन्हें मोमेंटो व फूल माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी।

वहीं, पॉक्सो कोर्ट न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा के झांसी स्थानांतरित होने पर एडीजीसी सीएल द्विवेदी, विवेक सिंह, रमेश सिंह, रवींद्र प्रताप सिंह ने माल्यार्पण कर कार्यकाल की सराहना कर उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### सिविल जज प्रवर खंड को दी विदाई

कादीपुर, सुलतानपुर : बार एसोसिएशन कादीपुर ने सिविल जज प्रवर खंड क्षितीश पांडेय का विदाई समारोह आयोजित कर सम्मानित किया। उनका बाराबंकी के लिए तबादला हुआ है। अध्यक्ष रंजीत सिंह और सचिव लालचन्द्र शुक्ल पूर्व अध्यक्ष केके तिवारी ने शाल व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। यहां पर सिविल जज-एसीजेएम पांडेय ने कादीपुर के अधिवक्ताओं की कार्यशैली की सराहना किया। कार्यक्रम में आरबी सिंह, जगन्नाथ तिवारी, जेएस तिवारी, दयाराम पांडेय, विजय शंकर पाण्डेय, दुर्गाप्रताप सिंह, शेष नारायण तिवारी, उमाकांत तिवारी, उत्तम उपाध्याय, उमाशंकर पाल, अमरजीत वर्मा, जयकृष्ण पांडेय आदि मौजूद रहे।

**प्रेसवार्ता** भाजपा का घोषणा पत्र 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का रोड मैप

# भ्रष्टाचारी परिवार जेल जाने की करें तैयारी : अमरपाल

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** केंद्रीय चुनाव कार्यालय गोलाघाट पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री, राज्यसभा सदस्य, काशी क्षेत्र प्रभारी अमरपाल मौर्य ने भाजपा के संकल्प पत्र पर मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि घोषणा पत्र में विकास, कल्याण और 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की मोदी की गारंटी का रोड मैप प्रदर्शित किया गया है।

उन्होंने कहा भाजपा के संकल्प पत्र में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। जनता से मिले 15 लाख सुझावों और नमो एप पर मिले सुझावों को लेकर संकल्प पत्र तैयार हुआ है। इसमें गरीब, युवा अन्नदाता, और नारी के विकास का खाका खींचा गया है। उन्होंने बताया 76 पेज के संकल्प पत्र में भाजपा ने 5 साल तक पीएम राशन योजना को जारी रखने, 70 साल के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना से जोड़ने, उज्ज्वला योजना को आगे बढ़ाने, 3 करोड़ लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, 10 करोड़ किसानों को किसान सम्मन निधि जारी रखना और मुद्रा योजना को 10 लाख से 20 लाख करने का संकल्प है। संकल्प पत्र में एक राष्ट्र एक चुनाव और समान नागरिक संहिता को लाने का वादा किया है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री और राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कहा कि भाजपा में जो शामिल है जिस पर जांच चल रही है उसे बंद नहीं किया गया है। जो भी दोषी पाया जाएगा चाहे बीजेपी का होगा, समाजवादी या कांग्रेस या अन्य दल का होगा बख्शा नहीं जाएंगा। उन्होंने कहा राहुल गांधी का पूरा परिवार दोषी है । वह जेल जाने की तैयारी करें। उन्होंने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा उत्तर प्रदेश में रोजगार का एक ऐसा समय भी था कि किसी जाति विशेष में जन्म लेना पड़ता था तब नौकरी मिलती थी। हमारी सरकार ने उसको समाप्त किया है। योग्यता के आधार पर हमने नौकरी देने का काम किया हैं। पत्रकार वार्ता में भाजपा की जिला प्रभारी मीना चौबे, लोकसभा संयोजक जगजीत सिंह, अपना दल के जिलाध्यक्ष अविनाश पटेल, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश निषाद, विधायक राजेश गौतम, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी आदि मौजूद रहे।



पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य। अमृत विचार

## पिकअप पर लादकर भैंस उठा ले गए चोर

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कूरेभार थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में चोरों ने पशुपालक को मारपीट कर पशुशाला में बंधी लाखों रुपये की भैंस पिकअप पर लाद कर फरार हो गए। रविवार की रात श्रीराम पाल की पशुशाला के पास एक पिकअप आई। उस पर तीन लोग सवार थे। पशुशाला से चोर जब भैंस खोलने लगे तो पशुपालक जग गया। चोरों को देखकर जब उसने शोर मचाना चाहा तो चोर उस पर हमलावर हो गए। उसे जमकर मार पीट कर मरणासन्न कर दिया। लाखों रुपये की भैस चोर पिकअप पर लादकर फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# पहले पैसा तथा जमीन देने पर मिलती थी नौकरी:नंदगोपाल

## कार्यकर्ताओं को दिए चुनाव जीतने के गुर, भाजपा कार्यालय का उद्घाटन


चुनाव कार्यालय उद्घाटन के बाद प्रेस वार्ता करते मंत्री नंद गोपाल (नंदी)।

अमेठी

**अमृत विचार:** सोमवार को प्रदेश के मंत्री नन्दगोपाल (नंदी) ने कस्बे के बाईपास मार्ग पर स्थित विधानसभा स्तरीय भाजपा कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके शासन में नौकरी पैसा तथा जमीन देने पर मिलती थी। भाजपा के शासन में बिना पैसे के नौकरी मिल रही है। उन्होंने कहा पहले गरीबों को तेल बड़ी परेशानी से मिलता था। लेकिन प्रधानमंत्री महीने में एक किलो रिफाइन्ड नमक तथा राशन निशुल्क दे रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अपने आस पास सर्वे कर रिजल्ट देने का आवाहन किया तथा चुनाव जीतने के टिप्स बताएं। विधानसभा चुनाव प्रभारी रावत को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा किसी को कोई दबंग परेशान कर रहा हो या बेगुनाह को दरोगा ने बंद कर दिया हो तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने भी लोगों को संबोधित किया। सुधांशु शुक्ला ने बताया कि विधानसभा की संपूर्ण चुनाव का संचालन इस नए चुनाव कार्यालय से होगा। अमरेंद्र सिंह उर्फ पिंटू, काशी तिवारी, रवी सिंह, रामजी शुक्ला, देवनारायण तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मतदाता मोदी-योगी और दीदी स्मृति ईरानी की गारंटी के साथ: राजेश मसाला


नुक्कड़ सभा में पार्टी की नीतियों को बताते उद्योगपति राजेश मसाला।

**अमेठी :** जिला पंचायत अध्यक्ष उद्योगपति भाजपा नेता राजेश अग्रहरी उर्फ राजेश मसाला ने सोमवार को कहा कि अमेठी वंशवाद के साथ नहीं है। अमेठी का मतदाता मोदी, योगी और दीदी स्मृति ईरानी की गारंटी के साथ खड़ा है। जहां पर विकास है, जहां पर सम्मान है, जहां पर शांति है, जहां पर सुरक्षा है। अमेठी में सोमवार को कई नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने कहा कि आप सब ने वह वक्त भी देखा है जब सांसद से मिलने के लिए कई दिनों तक भटकना पड़ता था। फिर भी मुलाकात नहीं होती थी। लेकिन आज ऐसा नहीं है, दीदी स्मृति ईरानी जब से अमेठी की सांसद हुई है, तब से वह खुद जनता के बीच जा रही है। जनता को उनके पास नहीं जाना पड़ता है। दीदी विकास की गारंटी देती है। विकास करके दिखाया है, मोदी और योगी जो गारंटी देते हैं, उसे करके दिखाते हैं और आप सब देख रहे हैं। चाहे वह बिजली हो, पेयजल हो, चाहे सड़क हो, चाहे सुरक्षा की बात हो, गारंटी के मुताबिक पूरे हो रहे हैं। यही कारण है कि अमेठी का मतदाता परिवार बाद नहीं मोदी योगी और दीदी स्मृति ईरानी की गारंटी के साथ खड़ा है। कॉलेज, ट्रामा सेंटर, कृषि विज्ञान केंद्र, खाद का रैक सेंटर, केंद्रीय विद्यालय कोका-कोला फैक्ट्री, जेके सीमेंट के साथ ही हमारे गांव पक्की सड़कों से जुड़ रहे हैं। निशुल्क राशन मिल रहा है।

## हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अमेठी, अमृत विचार:** थाना जगदीशपुर पुलिस ने मोहिउददीनपुर मोड के पास से नशा मुक्त अभियान के तहत 17 ग्राम हेरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। सोमवार को उप निरीक्षक शिव बक्स सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोहम्मद अरबाज पुत्र मोहम्मद सफीक (19) निवासी निहालपुर थाना जगदीशपुर को ग्राम मोहिउददीनपुर मोड़ डीजे कान्वेन्ट स्कूल के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने युवक के कब्जे से कुल 17 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

## सीएमओ ने दस्तक अभियान का भ्रमण कर किया निरीक्षण

**अमेठी,अमृत विचार:** सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने सोमवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान का निरीक्षण किया।

सीएमओ ने ग्राम सभा कोहार गांव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीएचओ सुभाषिनी पाल, आशा आशा शुक्ला और आंगनबाड़ी कार्यकत्री संतोष सरोज को सतर्कता बरतने के लिए कहा। सीएमओ ने निरीक्षण के दौरान आशा और आंगनगबाड़ी को निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर लोगों को लू से बचाव की जानकारी प्रदान करें। जिस घर में पंद्रह वर्ष से कम उम्र का बच्चा हो उस घर पर आशा स्टीकर जरूर लगाएं। यदि किसी को खांसी, बुखार और जुकाम आदि के लक्षण हैं तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर जांच कराएं। निरीक्षण के दौरान कृष्ण देव ओझा, राम कृष्ण ओझा, श्रीमती, राम सुमिरन यादव, राम कुमार पाल के घर पहुंचकर सावधानी बरतने की सलाह दी।


भ्रमण के दौरान नालियों में फैली गंदगी का जायजा लेते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह।

## स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अमेठी,अमृत विचार :** थाना जामो पुलिस ने जनापुर नहर पुलिया के पास से 100 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। सोमवार को उप निरीक्षक हरदेव बहादुर सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान सुमित सिंह पुत्र शिव कुमार सिंह उर्फ पप्पू (24) निवासी ग्राम जनापुर थाना जामो को जनापुर नहर पुलिया के पास से समय करीब साढ़े चार बजे प्रात: गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम को गिरफ्तार युवक के कब्जे से 100 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। थाना जामो के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। युवक के खिलाफ थाना गोमती नगर लखनऊ के साथ ही स्थानीय थाने में 10 अपराधिक मामले दर्ज हैं।

# श्रीमद्भागवत कथा के पहले निकली कलश यात्रा

भेटुआ, अमेठी

**अमृत विचार:** श्रीमद्भागवत कथा के पूर्व सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

विकास खण्ड क्षेत्र के पूरे मंधार दूबे टिकरी में मंगलवार से शुरू होने जा रही श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में निकाली गई कलश यात्रा का क्षेत्र के लोगों ने बढ़ चढ़कर स्वागत किया। कलश यात्रा का स्वागत करते हुए जगह-जगह श्रद्धालुओं और दर्शकों ने पुष्प वर्षा भी की। क्षेत्र के अनेकों मंदिरों पर कलश यात्रा का पूजन भी हुआ। आयोजक अशोक दुबे ने बताया कि कलश यात्रा कथा स्थल से निकलकर टिकरी चौराहा होते हुए पीपरपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ धाम, टिकरी स्थित मां दुर्गन देवी धाम, शिव कुटी स्थित मां काली धाम, बाबा राम शाह मंदिर, मां जालपा मंदिर होते हुए पुनः स्थल पर पहुंची। कथा यजमान कृष्ण चंद्र दूबे ने बताया कि आगामी 23 तारीख को हवन पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन होने के साथ बीते लम्बे समय से हनुमान जयंती पर होने वाला 34वां विशाल भंडारा भी सम्पन्न होगा। इस मौके पर अशोक दूबे, राकेश, सुरेश, सुभाष, मनोज दूबे, रजत पाण्डेय, मंजू पाण्डेय, साधू नगर समेत बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।


कलश यात्रा में शामिल गांव की महिलाएं अमृत विचार

# लू से बचना है तो कॉफी, शराब, सॉफ्ट ड्रिंक का कम करें उपयोग

**सलाह**

▸▸ नींबू - पानी, छाछ अथवा लस्सी का करें प्रयोग

संवाददाता अमेठी

**अमृत विचार** :अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि जिला आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आम नागरिकों के लिए हीटवेव (लू) से बचाव हेतु निम्न आवश्यक उपायों को अपनाने की सलाह दी गई है।

उन्होंने बताया कि दोपहर में 12 से 4 बजे तक अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकले, यदि अपरिहार्य कारणों से बाहर निकलना पड़ रहा है तो छाता का प्रयोग अवश्य करें, हल्के वस्त्र तथा सिर को ढक कर बाहर निकले आवश्यकतानुसार पानी की बोतल अवश्य साथ में रखें। छोटे बच्चों गर्भवती महिलाएं एवं बुजुर्ग व्यक्तियों को लू से बचाव करना अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि यह उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल सकता है। मानव जीवन के साथ-साथ पशु पक्षियों का जीवन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जिसके दृष्टिगत उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह पशुओं के लिए साफ पीने के पानी का प्रबंध करें तथा पक्षियों के लिए दाना एवं पानी रखें। धूप में खड़े वाहनों में बच्चो एवं जानवरो को न छोड़े। तापमान अधिक होने पर ज्यादा मेहनत वाले काम कम करें अथवा सूर्योदय या सूर्यअस्त के बाद करें । कॉफी, शराब ,सॉफ्ट ड्रिंक का उपयोग कम करें, यह शरीर को डिहाईड्रेट करते है। साफ़ पीने योग्य पानी का अधिकतम प्रयोग करने के साथ नींबू - पानी, छाछ अथवा लस्सी आदि का प्रयोग करें।

## जान लेवा हमले में फरार चल रहे आरोपी को दबोचा

**अमेठी,अमृत विचार:** थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस ने प्राणघातक हमले के मामले में फरार एक युवक को गिरफ्तार किया है।

सोमवार को उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर प्राणघातक हमले में फरार रज्जन उर्फ राजन मौर्या पुत्र कृष्णा प्रसाद निवासी ग्राम कैमा थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी को कैमा मोड वारिसगंज रोड के पास से समय करीब एक बजे गिरफ्तार कर लिया। थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

# आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना को तीन बार सार्वजनिक करने की प्रक्रिया का पालन करना होगा

**अमेठी,अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी निशा अनंत ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के एक महत्वपूर्ण फैसले के तहत आपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना तीन बार सार्वजनिक करना अनिवार्य होगा। इस निर्णय का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाना है और मतदाताओं को उम्मीदवारों की वास्तविक जानकारी प्रदान करना है। यह निर्वाचन प्रक्रिया के सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है। चुनाव प्रचार के दौरान समय-समय पर मतदाताओं की जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना को सार्वजनिक करने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है, जो नाम वापसी के अंतिम दिवस के बाद से प्रारम्भ होकर मतदान के 48 घंटे पूर्व तक तीन चरणों में प्रकाशित, प्रसारित कराया जाना है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में आपराधिक छवि वाले प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना को तीन बार सार्वजनिक करने की प्रक्रिया का पालन करना होगा। पहला प्रकाशन नाम वापसी की तिथि के बाद 4 दिनों के भीतर कराना होगा। दूसरा प्रकाशन नाम वापसी की तिथि के बाद 5 से 8 दिनों में कराना होगा और तीसरा प्रकाशन नाम वापसी की तिथि के बाद 9वें दिन से चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक कराना होगा। प्रत्याशियों द्वारा अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना का प्रकाशन आयोग द्वारा निर्धारित किये गये फॉण्ट साइज के अनुसार अपने निर्वाचन क्षेत्रों में सर्वाधिक प्रसार वाले समाचार पत्रों में स्थानीय भाषा या अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित कराया जाए, जो किसी एक राष्ट्रीय और एक स्थानीय समाचार पत्रों में हो। इसी प्रकार संबंधित क्षेत्र में उपलब्ध एवं लोक प्रिय टीवी चैनलों में भी इस सूचना का प्रसारण करवाना होगा, जिसकी समयावधि सुबह 8 बजे से रात 10 बजे के बीच कम से कम 7 सेकंड के लिए प्रसारण होना चाहिए।

## एसपी ने फ्लैग लगाकर अग्निशमन सेवा सप्ताह का किया उद्घाटन

**अमेठी,अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक द्वारा पिन फ्लैग लगाकर "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह को पिन फ्लैग लगाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मौजूद अधिकारी कर्मचारीगण को पिन फ्लैग (स्टीकर) लगाकर अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में जागरूक किया गया तथा जनपद अमेठी के सभी फायर स्टेशनों पर अग्निशमन सेवा द्वारा जन जागरुकता अभियान के माध्यम से लोगों की जान और माल की हिफाजत के लिए माक ड्रिल कराकर लोगों को प्रशिक्षित, जागरूक किये जाने हेतु फायर सर्विस के सभी अधिकारी, कर्मचारी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# कांग्रेस कार्यालय पर किसानों ने बैठक कर रणनीति तय की

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार:** कांग्रेस किसान संगठन बैठक सोमवार को केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह की अध्यक्षता में हुई। अमेठी कांग्रेस किसान संगठन के जिला अध्यक्ष ओपी दुबे की अगुवाई में अमेठी संसदीय क्षेत्र के सभी 17 किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष को संबोधित करते हुए एमएसपी को कानूनी दर्जा, कृषि ऋण माफी आयोग की स्थापना, पीएम फसल बीमा योजना में बदलाव, किसान जीएसटी मुक्त होंगे, आयात निर्यात नीति, देश के आवाम के अन्नदाता एवं देश के 2024 लोक सभा चुनाव घोषणा पत्र में किसान न्याय के साथ साथ भागीदारी न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय पर बृहद चर्चा के बाद संबोधित करते हुए जगदीश ने कहा कि अमेठी का हर किसान गूंगी बहरी सरकार को जवाब देने के लिए तैयार है। श्री सिंह ने उपस्थित किसान नेताओं को कहा कि अब जबाब देने का वक्त आ गया है। देश व प्रदेश में किसानों की जो हालत है वह किसी से छुपा नहीं है। वार्तानिया हुकूमत से भी ज्यादा बर्बरता पूर्वक किसानों की आवाज को सरकार ने दबाने का शर्मनाक कार्य किया। उससे किसान को ही नहीं देश को भी कलंकित किया है। बैठक में जिला अध्यक्ष ओपी दुबे, ददन शर्मा, प्रीति बौद्ध, विजय सिंह, करणवीर सिंह, ध्रुबराज सिंह, रामनरेश, विनोद पाठक, अरविन्द सिंह, वीपी सिंह, अलोक, सुषमा शिवानी, विजय सिंह उपस्थित रहे।



कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस वार्ता करते किसान नेता। अमृत विचार

# निर्वाचन कार्यालय का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण


निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण करती डीएम निशा अनंत।

अमेठी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट निशा अनंत ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्यालय में पटल सहायकों से उनके कार्यों एवं दायित्वों के बारे में जानकारी ली तथा पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए, गोदाम का निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग द्वारा भेजी गई सामग्री का अवलोकन किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### महायज के दौरान कथा व्यास ने जालंधर वध का सुनाया प्रसंग

**सकरन/सीतापुर,अमृत विचार।** ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ में कथा व्यास ने जालंधर बध की कथा का प्रसंग श्रोताओं को सुनाया। प्रवचन के दौरान हरदोई से पधारी कथा ब्यास मीनाक्षी तिवारी ने कहा कि जालंधर नाम का एक राक्षस देवी-देवताओं को अपने आतंक से परेशान किये था। जालंधर की पत्नी वृंदा एक पतिव्रता नारी थी उसकी पूजा से जालंधर को किसी युद्घ में पराजय हासिल नहीं होती थी। इसके अलावा वृंदा भगवान विष्णु की भी परम भक्त थी ऐसे में भगवान विष्णु की कृपा के कारण भी उसे युद्ध में हमेशा विजय हासिल होती थी। एक दिन जालंधर ने स्वर्ग लोक पर आक्रमण कर दिया, जिसके बाद सभी देवी-देवता भगवान विष्णु के पास गए और उनसे रक्षा की गुहार लगाई भगवान विष्णु इस बात को जानते थे कि वृंदा की भक्ति को भंग किए बिना जालंधर को परास्त करना मुमकिन नहीं है। ऐसे में उन्होंने जालंधर का रूप धारण किया। जिसके बाद वृंदा का पतिव्रत धर्म टूट गया जिससे जालंधर की सारी शक्तियां खत्म हो गई। प्रसंग के दौरान उन्होंने कहा कि जालंधर युद्घ में मारा गया वृदा को जालंधर की मृत्यु का समाचार मिला तो वह बहुत निराश हो गई बाद में वृंदा को जब उसके साथ किए गए छल का पता चला तो उसने क्रोधित होकर भगवान विष्णु को श्राप दे देते हुए कहा कि आपने छल से मुझे वियोग का कष्ट दिया है। उसी तरह आपकी पत्नी का भी छल से हरण होगा साथ ही आप पत्थर के हो जाएंगे और उस पत्थर को लोग शालीग्राम के रूप में जानेंगे। कहते हैं कि वृंदा के श्राप की वजह से भगवान विष्णु दशरथ के पुत्र श्रीराम के रूप में जन्म लिया फिर बाद में उन्हें सीता हरण के वियोग का कष्ट झेलना पड़ा। इसके अलावा कथा ब्यास मुकेश अवस्थी उमेश दिक्षित ने राम कथा की चर्चा सुनायी तथा प्रदीप सांवरिया झांकी ग्रुप द्वारा भगवान की झांकियां दिखायी गयी। इस मौके पर यज्ञ अध्यक्ष आचार्य अम्बरीष शुक्ल, सत्येन्द्र सिंह चैहान, रानी बृजबाला सिंह के अलावा भारी संख्या में श्रोतागण मौजूद थे।


कथा वाचक मीनाक्षी तिवारी।

### घर-घर जाकर एजेंसी कर्मचारियों ने की गैस चूल्हे की जांच

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** क्षेत्र में बढ़ती हुई गैस दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के निर्देश पर लहरपुर गैस एजेंसी ने विशेष सुरक्षा अभियान चलाया। गैस सर्विस ने विशेष जागरूकता अभियान में लोगों को सही ढंग से गैस उपयोग करने के बारे में जागरूक किया। लहरपुर गैस सर्विस ने इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के निर्देश पर गैस एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा गैस उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर उन्हें सुरक्षा नियमों के बारे में जहां जागरूक किया गया। वहीं उनके चूल्हे और गैस पाइप की नि:शुल्क जांच की गई। लहरपुर गैस सर्विस के मनोज मेहरोत्रा ने बताया कि गैस उपभोक्ताओं के घर घर जाकर गैस सर्विस के कर्मचारी उनके चूल्हे व गैस पाइप की जांच कर रहे हैं जिन उपभोक्ताओं के गैस पाइप खराब हो गए हैं, उन्हें बदलने के लिए जागरूक किया जा रहा है, जिससे दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सके। मनोज मेहरोत्रा ने बताया कि, अबतक लगभग चार सौ से अधिक गैस उपभोक्ताओं को गैस के सही उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरूक करने के साथ-साथ उनके गैस उपकरणों की जांच की जा चुकी है, उन्होंने बताया कि कर्मचारियों द्वारा यह जांच अभियान निशुल्क चलाया जा रहा है।

### सुखमनी पाठ के आयोजन में श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** सिख समुदाय में सुखमनी साहब का पाठ बेहद विशेष माना जाता है। नगर स्थित हवेली ढाबा के सेलिब्रेशन एसी हॉल के उद्घाटन के अवसर पर ढाबा संचालक करम सिंह उर्फ कर्मा द्वारा सुखमनी साहब का पाठ आयोजित किया। पाठ में शामिल होने के बाद श्रद्धालुओं ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक आशा मौर्या, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा, परमजीत सिंह, पिंदर सिद्धू, जगजीत सिंह, विजय सिंह तोमर, रवि अवस्थी, प्रदीप सिंह, बबलू वर्मा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बालिका की मौत

**पहला/सीतापुर, अमृत विचार।** रामपुरकला थाना इलाके में अज्ञात वाहन की टक्कर से बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। बिसवां-महमूदाबाद मार्ग पर थाना मानपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेबर पुरवा पोस्ट बिसेंडा निवासी मुसीर की नौ वर्षीय पुत्री जेबा अपने नाना के घर ग्राम जसमंडा प्रधान सिराज अहमद के घर कल आई थी। सोमवार दोपहर करीब दो बजे बिसवां महमूदाबाद मार्ग पर जा समंडा चैराहे के निकट घूम रही थी। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने बालिका को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बालिका सड़क के दूसरी तरफ जा गिरी। हादसे में घटनास्थल पर ही बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा। पुलिस का कहना है कि हादसे में शामिल अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। बालिका की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

**आस्था** रेउसा में श्री खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव संख्या का किया गया आयोजन

# श्रद्धालुओं ने निकाली खाटू श्याम निशान शोभायात्रा


श्री खाटू श्याम निशान शोभायात्रा निकालते भक्त। अमृत विचार

संवाददाता, रेउसा, सीतापुर

**अमृत विचार।** कस्बे में संकट मोचन हनुमान मंदिर से श्री खाटू श्याम निशान शोभायात्रा निकाली गई। रेउसा में सोमवार को श्री खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव संख्या का आयोजन किया गया।

भजन संध्या से पहले दोपहर में निशान सोभा यात्रा निकाल कर नगर भ्रमण किया गया। रेउसा में बिसवां रोड पर पुराने भट्ठा के सामने दुलारे पोरवाल के मकान के पास आयोजित श्री खाटू श्याम शोभा यात्रा में संदीप बाजपेई, पिंटू अवस्थी, राजकुमार मिश्र, किशोरी पोरवाल, ज्ञानेश शुक्ला, सुरेश प्रकाश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, संदीप मिश्रा, अनूप श्रीवास्तव, बबलू पोरवाल, अजय श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव सहित काफी लोग शामिल रहे। गाजे-बाजे के साथ श्याम निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें परम्परागत वस्त्रों में सजी महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे बाबा का निशान हाथ में लहराते हुए जयकारे लगाते चले। श्री खाटू श्याम निशान यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास रामू श्रीवास्तव ने अपने मेडिकल स्टोर पर जलपान की व्यवस्था की। यात्रा का समापन श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव कार्यक्रम स्थल पर किया गया।

## आग से जलकर राख हुई गेहूं की फसल

**लहरपुर।** क्षेत्र में चल रही तेज हवाओं के चलते सोमवार को ग्राम लुधौरा में गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। किसान शिवप्रसाद की दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसी अज्ञात व्यक्ति ने मधुमक्खियों से बचने के लिए आग जलाई थी, वहीं से उठी चिंगारी तेज हवाओं के सहारे गेहूं के खेत में जा गिरी और कटने के लिए तैयार गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर भारी संख्या में जमा ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे अग्निशमन अधिकारी हंसराज सिंह ने बताया कि दमकल के पहुंचने से पूर्व ही आग पर ग्रामीणों ने काबू पा लिया। पीड़ित किसान शिवप्रसाद ने बताया कि लगभग 10 हजार मूल्य से अधिक का गेहूं जलकर राख हो गया है। पीड़ित किसान ने आग लगने की सूचना राजस्व विभाग को भी दी है।

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।
आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

मन-बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्मनियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें, क्योंकि आत्मा ही हमारी हितैषी और आत्मा ही हमारी शत्रु है।

## संपादकीय

# वैश्विक जगत में चिंता

दुनिया पहले से ही दो बड़े युद्ध के संकट को झेल रही है। ऐसे में ईरान के इजराइल पर हमले ने वैश्विक जगत में चिंता बढ़ा दी है। भारत ने भी इस मुद्दे पर गहरी चिंता जताई है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इजराइल ने ब्रिटेन, फ्रांस से ईरान पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। ईरान ने हाल में कम से कम नौ मिसाइलों से इजराइल के दो हवाईअड्डों पर हमला किया है। हमले में बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि शनिवार की रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने इजराइली क्षेत्र पर अपने पहले सीधे हमले में इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागी थीं। ईरान ने यह हमला गत एक अप्रैल को दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजराइल के हवाई हमले के जवाब में किया था। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के स्थायी प्रतिनिधि गिलाद एर्दान ने कहा कि उनके पास ईरान के हालिया हमले का जवाब देने का कानूनी अधिकार है क्योंकि उसने (ईरान) ने 'हर लाल रेखा' को पार कर लिया है। उधर खाड़ी के देश युद्ध के विस्तार को लेकर खासे चिंतित हैं और अमेरिका को युद्ध से दूरी बनाए रखने को लेकर चेता रहे हैं। आशंका यह भी जताई जा रही है कि यदि इजराइल जवाबी कार्रवाई करता है तो युद्ध का विस्तार बड़े इलाके में हो सकता है।

हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के जी-7 देशों के नेताओं से हुई बातचीत के बाद इस संकट से निपटने में कूटनीतिक तेजी आई है। जो बाइडन ने जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी फोन पर अलग से बातचीत की। इन बातचीत में अमेरिकी नेतृत्व ने क्षेत्र में तनाव बढ़ने से रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा इजराइल की रक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता को दोहराया। दरअसल युद्ध को टाला नहीं गया तो इसका दायरा चिंताजनक स्तर तक फैल सकता है। गौरतलब है कि भारत के दोनों ही देशों से अच्छे संबंध हैं। यही कारण है कि इजराइल पर ईरान का हमला होते ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दोनों पक्षों से बातचीत की। ईरान में चार हजार और इजराइल में 18.5 हजार भारतीय रहते हैं। युद्ध के फैलने की आशंका के मद्देनजर दोनों देशों में रह रहे भारतीयों की वहां से निकासी चिंता का कारण है। इसलिए भारत का रुख स्पष्ट है। वह तनाव कम करने के लिए हर संभव कोशिश करेगा। युद्ध से दुनिया गहरे आर्थिक संकट की चपेट में आ सकती है। इसलिए दोनों देशों को संयम बरतते हुए कूटनीति का रास्ता अपनाना चाहिए।

# एआई और फ्लेवर्स ने देशज साहित्य-शोध में बढ़ाई रुचि



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

मैंने देखा कि करीब प्रत्येक पचास वर्ष के अंतराल से साहित्यिक कृतियों को नए फ्रेम के भीतर लाकर देखा-परखा जाने लगा है। नए शोधकर्ता अब ब्रिटिश या इंडियन आर्काइवल निधि की ओर रुख न करके इन्टरनेट से ही लोकवार्ता पर अध्ययन सामग्री प्राप्त करते हैं। सिर्फ फील्ड वर्क के लिए लोकवार्ता की जन्मभूमि पर आकर लोक में वर्तमान ट्रेंड्स को जानना चाहते हैं।

भारत के अंग्रेजी लेखकों को अपने लेखन को जारी रखने या एनालिटिकल शोध हेतु विषय नहीं मिल रहे। आरके नारायण, मुलकरा आनंद और खुशवंत सिंह तो जाने-माने नाम हैं। इनसे पहले के बहुत-से नाम 'कलकत्ता रिव्यु' और 'द इंडियन रिव्यु' नामक पत्रिकाओं से मिलते हैं। कुछ नाम 'द जर्नल ऑफ़ द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल' और 'इंडियन एंटीक्वेरी' से भी लिए जा सकते हैं। नई पीढ़ी बहुत बढ़िया लिख रही है और बहुत से ऐसे नाम जो आम प्रचलन में नहीं हैं। अंग्रेजी लिट्रेचर के जर्नल्स में से नोट किये जा सकते हैं।

भारत के सबाल्टर्न समुदायों की लोकभाषाओं और वर्नाक्युलार-देवनागरी हिंदी और तमिल आदि, में उपलब्ध लोकवार्ता निधि से नई पीढ़ी अधिक वाकिफ नहीं दिखती, फिर भी शोधकार्य करने के लिए रुझान दिखलाई दे रहे हैं। रुझान को अमली जामा पहनाने के लिए यह जरूरी है कि शोधकर्ता अनेक बहुविषयक विद्वज्जनों से पहले विमर्श करें। साहित्य के एक विद्यार्थी के मन में जो बात एक फिजिसिस्ट या फिजियोलॉजिस्ट एवं एक इनफार्मेशन साइंटिस्ट डालकर उसे एकदम से नया नज़रिया दे सकता है, वह सिर्फ लिट्रेचर ही जानने वाला प्रोफेसर नहीं कर सकता। इसीलिए अंतर्विद्यावर्ती दृष्टि लेकर अध्ययन अधिक किए जाने को आजकल बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि शोध कार्य एक सशक्त, नए ज्ञान-सृजन की एक्सरसाइज में तब्दील हो जाए और प्रयास एवं संसाधन व्यर्थ होने बचें। ये भविष्यमयी बनें।

नए किस्म के इस शोध प्रोटोकॉल से वाकफियत न होने में शोधकर्ताओं के सुपरवाइजर्स और सुपरविज़न की परंपरिक पद्धति की बड़ी भूमिका नज़र आने के अलावा एक और पावरफुल इन्फ्लुएंस सक्रियता अभी तक बनी हुई है। वह है हमारे आचार्यगण की ब्रिटिश, अमेरिकन और फ्रेंच लिट्रेरी क्रिटिसिज्म की ओर गाइडेंस के लिए देखने की और ता-उम्र इस आदत पाल कर काम करने की। बावजूद इसके, इन आचार्य गणमें से कुछ तो जरूर ऐसे हैं जो भारत की विशाल लोकवार्ता निधि के बारे में अंग्रेजी भाषा में सूक्ष्म मूल्यांकन (क्रिटिकल एप्रेज़ल) करते हुए इसे विश्व पटल पर ला रहे हैं। ब्रिटिश इंडिया में ब्रिटिश इंडोलॉजिस्ट्स और स्कॉलर्स की लोकवार्ता (इंडिक स्टडीज) में बेहद रुचि होने के कारण ही ऐसा संभव हुआ कि भारत के हरेक कोने में रहने वाले समुदायों की लोकवार्ता (फोकलोर) का दस्तावेजीकरण हो गया। भारतीय लोगों की लोकवार्ता निधि की विविधता और विशालता चकित करती है और इससे भी अधिक आनंदमयी अहसास यह कि इसके अधिकतर प्रोविंशियल लैंग्वेजेज और लोकभाषाओं में होने के वजह से लिंगविस्टिक फ्लेवर में अर्थात 'रस' और 'भाव' की वजह से यह अद्भुत संरचना वाली भी है। इसमें पद्यात्मक शैली-रूप की अधिकता है, लेकिन अध्ययन के समय यह ध्यान रखना अनिवार्य है कि हमारे आदि-मनीषियों ने गद्य को भी पद्य माना है। फिर भी बहुत कुछ बचा रहा जिसका कलेक्शन और प्रस्तुतिकरण सन 1960 के बाद तक जारी रहा।

> भारत के सबाल्टर्न समुदायों की लोकभाषाओं और वर्नाक्युलार-देवनागरी हिंदी और तमिल आदि, में उपलब्ध लोकवार्ता निधि से नई पीढ़ी अधिक वाकिफ नहीं दिखती, फिर भी शोधकार्य करने के लिए रुझान दिखलाई दे रहे हैं। रुझान को अमली जामा पहनाने के लिए यह जरूरी है कि शोधकर्ता अनेक बहुविषयक विद्वज्जनों से पहले विमर्श करें।

हरियाणा में असंकलित वार्ता, यथा लोककथा और लोकगीत, का संग्रह आचार्य भीम सिंह मलिक ने अपने छात्रों से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 1970 और 1980-आदि दशक के दौरान करवाया और चालीस वर्ष पहले लोकवार्ता के प्रतिनिधि प्रकाशन 'संभावना' के प्रथमांक का प्रकाशन भी जिसमें आचार्य मलिक के नेतृत्व में आचार्य राजेन्द्र रंजन चतुर्वेदी की अपूर्व साहित्यिक सूझ से संपन्न किया गया। इसके लिए सामग्री के संकलन और संपादन में अपूर्व योगदान के कारण हरियाणा वासी दोनों के आभारी हैं। पिछले पांच दशक की साहित्य शोध प्रवृत्तियों के मद्देनज़र कह सकते हैं कि अंग्रेजी भाषा के साहित्य शोधक अब अंतर्मुखी होकर लोकवार्ता में डिस्कशन और कमेन्ट्री में मनुष्य चिंतन की केंद्र से सीमाओं पर ले जाकर, आधुनिक साहित्यिक-टूल्स के मद्देनज़र अनेक ऐसे पक्ष को उजागर करते रहे हैं जिनके बारे में पहले से आभास न था।

मैंने देखा कि करीब प्रत्येक पचास वर्ष के अंतराल से साहित्यिक कृतियों को नए फ्रेम के भीतर लाकर देखा-परखा जाने लगा है। नए शोधकर्ता अब ब्रिटिश या इंडियन आर्काइवल निधि की ओर रुख न करके इन्टरनेट से ही लोकवार्ता पर अध्ययन सामग्री प्राप्त करते हैं। सिर्फ फील्ड वर्क के लिए लोकवार्ता की जन्मभूमि पर आकर लोक में वर्तमान ट्रेंड्स को जानना चाहते हैं। इन्टरनेट के आने से लोकवार्ता या फोकलोर अध्ययन को 'ग्लोबल पर्सपेक्टिव' भी प्राप्त हुआ है। इसमें एक बड़ी कमी मुझे इसलिए महसूस हो रही है संस्कृत लिट्रेचर के हमारे आचार्यों ने बहुत पहले साहित्य कृतियों की साहित्यिक और लिंगविस्टिक समीक्षा की जो बेहतरीन पद्धति विकसित की थी उसे ग्लोबल एंड इंटरनेशनल फ्रेम में अभी तक फिट नहीं किया गया है। कुछ मामलों में अध्येताओं के बीच 'दिस्कोर्ड' हो सकता है लेकिन आगे जाकर आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस (एआई) के नए टूल्स शोध-समीक्षा हेतु विकसित कर लिए जाएं तो आश्चर्य नहीं। शोध के लिए चुने जाने वाले अधिकतर विषय चूंकि यूनिवर्सल अपील के होते हैं इसलिए इन्हें बरते जाने के समय भाषांतर और लिंग्विस्टिक्स का ध्यान नहीं रखा जाएगा तो तत्व-समीक्षा नहीं हो पाएगी। अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि अमेरिकन और ब्रिटिश अध्येताओं की नज़र से लोकवार्ता की समीक्षा के लिए नए नैरेटिव का जिस तरह से सृजन हुआ, इसमें उन द्वारा प्रयुक्त मुहावरा और सिंटेक्स की संरचना ने ऐसे फ्लेवर्स की उत्पत्ति को संभव बनाया जो अज्ञात थे। इस काम के लिए भविष्य में एआई टूल्स को अधिक कारगर तरीके से विकसित किए जाने की प्रबल संभावना है क्योंकि इस पूत के पांव कैसे पसरेंगे इसका अनुमान मैंने अभी कुछ महीना से अनुभव करना शुरू किया है। फोकलोर का कंटेंट हालांकि नहीं बदलता लेकिन प्रत्येक नए समीक्षात्मक अंदाज़ से निर्मित किए गए एक 'मिरर इमेज' को 'रेडिकली डिजाईन्ड' फ्रेम्स में फिट किए जाने से दृष्टिकोण जरूर बदलता है। इसकी जरूरत भी है। को-पायलट और चैट-जीपीटी को पहले मैं बकवास समझता था। यह आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस टूल है और इस द्वारा सूचना का न केवल कलेक्शन करने और इसे इच्छित भाषा में बदलने की न केवल 'ऑटो-कैपबिलिटी' है बल्कि इन्टरनेट पर सर्च के बाद नमूदार हुए टेक्स्ट में से अगर बिना पढ़े कुछ पूछना-ढूंढना है तब इसे भी यह 'सेलेक्टिव' आधार पर ढूंढकर ठीक सूचना देने में सक्षम है।

दुनिया में कहीं भी स्थापित चुनींदा 'सर्वर्स' में सूचना आधार की विशालता और वर्ल्ड-वाइड इन्टरनेट- हाइवेज पर लोकवार्ता के संग्रहों तक हमारी एक्सेस बनाकर प्रकाश की गति से काम करते हुए संदेशों का ट्रांसपोर्टेशन ही पर्याप्त नहीं है बल्कि को-पायलट और चैट-जीपीटी की क्षमता का आकलन भी अपरिहार्य बनता नज़र आता है। ऐसे में जर्मन चिन्तक वाल्ते बेंजामिन की सन 1935 में प्रकाशित हुई किताब के छहों अध्यायों के सभी 46 निबंधों में से विशेष तौर से 'द वर्क ऑफ़ आर्ट इन द एज ऑफ़ इट्स टेक्निकल रिप्रोड्यूसिबिलिटी' निबंध और 'स्क्रिप्ट, इमेज और 'स्क्रिप्ट-इमेज' अध्याय के निबंधों का मुझे स्मरण हो रहा है जिसमें पिछले लिट्रेचर को नए युग के अनुसार ढालने की प्रक्रिया की शुरुआत होने और इसे एक फैक्ट्रीनुमा प्रोडक्शन हाउस में तब्दील कर देने की इच्छा पर चर्चा की गई है। मैन्युअल मॉड से शिफ्ट होकर एआई मॉड में आंशिक तौर से प्रवेश करने में भी मुझे ख़तरा नज़र आता है। लगता है इंटरप्रिटेशन ऑफ़ डेटा एंड स्टेटिस्टिकल वेलिडेशन हेतु मशीन इंटेलिजेंस का इस्तेमाल होने जैसा नया काम वास्तव में अधिक सृजनात्मक छवि पेश करने में मानवीय क्षमता का मुकाबला नहीं कर पाएगा और एक तरह की साहित्यिक अशांति को भी जन्म दे सकता है। विद्वानों का कहना है कि मनुष्य की कुदरती, विश्लेषणात्मक प्रतिभा का व्यक्तिगत दखल बनाए रखना जरूरी होगा। मानवीय प्रतिभा के इस्तेमाल की अनिवार्यता को नतीजे के अंतिम दौर में पहुंचने से पहले ही जागृत करना जरूरी होगा। सभ्यताओं के ही नहीं बल्कि मानव समुदायों के अस्तित्व को बचाए रखने की यह अंतिम शर्त होगी। विदेशी शोधकर्ता और इंडोलॉजिस्ट्स की रुचि इंडियन फोकलोर स्टडीज में बढ़ी है। विद्वज्जन विशिष्ट मनोभाव के कारण साहित्यिक विधा में मूल्यांकन कर पाते हैं। लिट्रेचर में 'इनटेंजीबल फैक्टर्स' जैसे कि भावप्र धानता और अलंकार, की मौजूदगी को आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस सूंघ कर अगर एनालिसिस के लिए पकड़ न पाए तो भी एआई एक आधारभूमि तैयार करती है, बशर्ते विद्वज्जन इसमें से पक्षपात के तत्वों की पहचान करने और इन्हें निष्प्रभावी करने में सक्षम हैं।

## प्रसंगवश

# धर्म और तिकड़म का समन्वय



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

देश को तो एक मुश्त ही आगे बढ़ना होगा, कुछ लोगों की आर्थिक प्रगति से काम नहीं चलेगा। हम खुश हो लेते हैं कि हम चौथी आर्थिक ताकत बन गए या तीसरी बन गए, पर सत्यता यह है कि इसमें आपकी जनसंख्या का भी कमाल है। इतनी बड़ी जनसंख्या वाले देश को तो कुछ देशों के मुकाबले कुल जीडीपी के लिहाज से उनसे आगे निकलना ही है, पर असली परीक्षा पर व्यक्ति जीडीपी की है। उसके लिए बहुत प्रयास की जरूरत है। इंग्लैंड, जर्मनी और जापान पर व्यक्ति जीडीपी में वे हमसे कई गुना आगे हैं, वे पूर्ण विकसित हैं। आज हमें अपने देश में साफ-साफ दिखायी देता है कि तमाम भारतीय एक तरफ अध्यात्म की बात करते हैं, पूजा स्थल खूब जाते है, पर वहीं निम्न भौतिक स्वार्थों में आकंठ डूबे है? देश में धर्म और तिकड़म का अद्भुत समन्वय दिखता है। उदाहरण के लिए आइए देश के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की बात करें।

देश के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में कभी कपड़ों और दवाओं के उत्पादन में, उनके निर्यात में हम काफी आगे थे, पर कपड़ों में ज्यादातर आर्डर अब बांग्लादेश को मिल रहे हैं। बीच में मैं उज्बेकिस्तान गया था, पता चला हमारे यहां निर्मित दवाओं को खाकर वहां कुछ बच्चे मर गए। भारत की तमाम विख्यात दवा कंपनियों की दवाइयों मानक पर खरी नहीं उतर रही हैं। पिछले दिनों विदेश से आई मेरी बेटी को एंटीबायोटिक की जरूरत पड़ी, एक अच्छी कंपनी की दवा ली, कोई सुधार नहीं हुआ, फिर केमिस्ट ने कहा कि आप मेरे कहने से वही दवा एक साधारण कंपनी की ले जाइए, बेटी तत्काल उससे ठीक हो गई। मतलब हम दवाओं के उत्पादन में अपनी भौतिक आकांक्षा के कारण लाखों जिंदगियों से खेल रहे हैं। देश के विकास के लिए जरूरी मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर अब नीचे जा रहा है, इनका निर्यात घट रहा है। मतलब साफ है, पहले हम अपना स्वार्थ छोड़े, आर्डर के पूरी सदिच्छा से तैयार कराकर निर्यात करें, क्वालिटी से समझौता न करें वरना हम पिछड़ते ही जाएंगे। हमारे सपने कभी पूरे नहीं होंगे। हमारी अनैतिक आकांक्षाओं का खामियाजा देश को उठाना पड़ रहा है। एक तो लाल फीताशाही के कारण वैसे ही उत्पादन कीमत काफी ज्यादा हो जाती है, ऊपर से हमारी बेईमान सोच।

# जीवन से कटी हमारी शिक्षा



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> हिंदी विभाग में भयंकर ईर्ष्या, द्वेष और कटुता देखी गई। जात-पात और संप्रदाय से ग्रस्त लोग आपस में झगड़ रहे हैं। स्वाभिमान की जगह खुशामदी स्वभाव आ गया।

आजादी के बाद हमारे शासकों ने शिक्षा के स्वरूप को बदलने की दिशा में थोड़ा भी काम नहीं किया। उसी शिक्षा में इन शासकों का भी हित था जिसमें अंग्रेजों का हित था। इसलिए पूरी की पूरी अंग्रेजी शिक्षा आत्मसात कर ली गई और धीरे-धीरे सभी दलों ने अपना गुलाम अंधभक्त तैयार कर लिया।

पढ़े-लिखे लोगों के भीतर चिंतन-शक्ति और रचनात्मकता का ह्रास होता चला गया। अन्य विषयों को छोड़कर यहां मैं हिंदी साहित्य के अध्यापन पर विचार करूंगा। जिस तरह से विश्वविद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई हो रही है, उससे बहुत अधिक नुकसान हुआ है। छात्रों की कल्पनाशीलता, संवेदनशीलता और रचनात्मकता पर कुठाराघात हुआ है। किसी भी विषय की पढ़ाई तभी सही मानी जाएगी, जब उस विषय का उद्देश्य पूरा होता हो। साहित्य का उद्देश्य क्या है? कहा जाता है कि साहित्य हमारे भावों का परिष्कार करता है। हमारे सौंदर्य बोध को निखारता है। हमारी कल्पना-शक्ति को जगाता है। हमें संवेदनशील बनाता है। हमारे भीतर छिपी मनुष्यता को उभारता है, इत्यादि। प्रश्न है कि क्या हमारे अध्ययन-अध्यापन से साहित्य का यह उद्देश्य पूरा हुआ? मेरे देखे तो इसका उल्टा ही हुआ।

हिंदी विभाग में भयंकर ईर्ष्या, द्वेष और कटुता देखी गई। जात-पात और संप्रदाय से ग्रस्त लोग आपस में झगड़ रहे हैं। स्वाभिमान की जगह खुशामदी स्वभाव आ गया। प्रेम की जगह घृणा ने ले ली। वीरता के स्थान पर कायरता आ गई। सत्य का स्थान झूठ ने ले लिया। लोग अपने छोटे परिवार और अपने में ही सिमटते चले गए। धन, पद और यश की दौड़ में मनुष्यता भूलते चले गए। इन सबके पीछे हमारी पढ़ाई और परीक्षा की पद्धति है। मैं सीधे-सीधे एक सवाल करना चाहता हूं। क्या हिंदुस्तान के किसी भी विश्वविद्यालय में एक भी ऐसा हिंदी विभाग है, जहां छात्रों की सृजनशीलता पर अंक हो? क्या कोई विद्यार्थी उपन्यास, कहानी, कविता, नाटक आदि लिखकर एमए पास कर सकता है? उत्तर है नहीं। आपको दूसरों की रचनाएं पढ़नी होंगी। उन्हीं पर विचार रखने होंगे। क्या यह छात्रों की रचनात्मकता को मारने वाली पद्धति नहीं है?

अगर साहित्य का उद्देश्य भावों का परिष्कार है तो यह देखना चाहिए कि जीवन के व्यवहार में हमारे भाव परिष्कृत हुए या नहीं, लेकिन ऐसा नहीं देखकर हम लिखित परीक्षा लेते हैं कि अमुक कविता के भाव स्पष्ट करें या उसकी समीक्षा करें। दूसरों के भावों की हम समीक्षा करते हैं, लेकिन अपने भावों का पता ही नहीं। जीवन प्रतिदिन कोई नया प्रश्न खड़ा करता है, उससे जूझने और उसका समाधान निकालने का कोई प्रशिक्षण हमारी शिक्षा में नहीं है। हम तो घिसे-पिटे पुराने प्रश्नों पर ही विचार करते रहते हैं। जैसे-तुलसीदास की नारी-भावना पर प्रकाश डालें। हमारे घर, समाज और देश में नारी की क्या स्थिति है और उसे कैसे बेहतर बना सकते हैं, इस पर कोई विचार नहीं।

कबीर दास की विद्रोह-भावना को अपने शब्दों में लिखें, लेकिन हमारी विद्रोह भावना मरती जा रही है, इसकी चिंता शिक्षा को नहीं है। विद्यापति भक्त कवि थे या श्रृंगारिक? विद्यापति चाहे जो हों। सवाल है कि हम क्या हैं? विद्यापति सहज श्रृंगार के अद्वितीय कवि हैं। सवाल तो यह उठना चाहिए था कि करीब आठ सौ वर्ष पहले विद्यापति श्रृंगार को लेकर जितने सहज थे, उतने असहज हम कैसे हो गए? विद्यापति सही थे या हम सही हैं? अगर हम सही हैं तो उसका प्रमाण क्या है? नारियों के साथ छेड़खानी, बलात्कार? मीरा की भक्ति भावना पर प्रकाश डालें। क्या हमारा जन्म इसीलिए हुआ है कि जिंदगी भर दूसरों की भक्ति पर चर्चा करते रहें और अपने भीतर कैसे भक्ति पैदा हो, इसका ख्याल तक न रह जाए?

'उर्वशी' में दिनकर ने पुरूरवा के द्वंद्व का सफल चित्रण किया है, इसे अपने शब्दों में लिखें। हो सकता है, हमारा द्वंद्व कुछ अलग हो। उससे हम कैसे बाहर निकलें, यह सिखाने वाला कोई नहीं। द्वंद्व में रहना दुख है, उससे बाहर निकलने का रास्ता क्या हो सकता है, इससे किसी को मतलब नहीं। इस तरह पूरी की पूरी हमारी शिक्षा ने हमें जीवन से काटकर अपाहिज बना दिया है और हमने दो टकिए की नौकरी पर लाखों के जीवन की बलि चढ़ा दी है। वह सरकारी नौकरी भी मात्र डेढ़-दो प्रतिशत को मिलती है। बाकी अठानवे प्रतिशत किस हाल में हैं, इसकी खबर लेने वाला कोई नहीं।

## सोशल फोरम

# करे कोई और भरे कोई



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

करे कोई और भरे कोई। यह कथन सत्य के कितना निकट है, इसका निर्णय आप पर छोड़ रहा हूं। कल चन्द्रशेखर की दुकान चाय पीने पहुंचा तो उन्होंने एक प्रश्न दाग दिया। उनका स्वाभाविक प्रश्न था कि एक नया साल संवत्सर प्रतिपदा से शुरू हो गया तो एक कल वैशाखी से शुरू हुआ ऐसा क्यों है?

जब तक मैं युधिष्ठिर प्रवृत्त संवत के बीते वर्ष की चर्चा शुरू कर ही रहा था। बीच में एक विद्वान और शिक्षित सज्जन कूद पड़े और बोले कि यह सब पंडितों का किया हुआ है। शुरुआत की लाइन पर आ जाइए कि करे कोई।

हस्तिनापुर के राजा युधिष्ठिर ने, उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने, शालेय धारा के शालिवाहन सम्राट ने, चित्रकूट के शासक विजयाभिनंदन ने, नागार्जुन ने, भृगुकच्छन के राजा बलि ने अपने शासन काल में अलग-अलग पंचांग प्रारंभ करवाए और अलग-अलग दिनों को नया वर्ष का आरंभ मनाया गया। बेचारे पंडित तो निरीह थे आज भी हैं, उनका तो प्रयास यही रहा कि समस्त भारतीय पंचांग का समावेश कर इसे राष्ट्रीय स्वरूप दिया जाए। यहां तक कि इस्लामिक कलेंडर जो मुहर्रम की पहली तारीख से शुरू होता है को (इस बार आठ जुलाई से हिजरी 1446) भी भारतीय पंचांग में स्थान दिया गया है। ग्रेगेरियन कैलेंडर तो है ही, जो पहली जनवरी से शुरू होता है और आज का समाज इसे नया साल मानकर अरबों लीटर शराब पी जाता है। बेचारे पंडितों ने केवल इन पर्वों को पूजा पाठ और सात्विक मार्ग के अनुसरण की याद दिलाने के प्राथमिकता देने का प्रयास किया है।

मेरे एक मित्र सेना के उच्च पद से रिटायर हैं, मेरे गोल्फ कोर्स के गुरु भी हैं। उनके साथ केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम की यात्राएं की गई हैं। एक बार चर्चा के दौरान भारत को गुलाम बनवाने में अपने ही लोगों के लोगों की भूमिका पर बात शुरू हो पड़ी। स्वाभाविक था कि जयचंद, मानसिंह जैसे अनेक क्षत्रिय राजाओं के पारस्परिक विद्वेष और अच्छी कन्याओं के वरण के लिए भयानक खून-खराबा से लेकर विदेशी आक्रमणकारी को बुलाने के इतिहास का जिक्र हो गया। मैंने उनसे पूछा कि क्या इस प्रकार का कोई कृत्य किसी गरीब ब्राह्मण के नाम दर्ज है? वह तो अपने पांडित्य का मुखड़ा लगाकर भिक्षावृत्ति ही करता रहा।

-फेसबुक वॉल से

# बंगाली समाज के सकारात्मक पहलू



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

> भावुकता उनकी कमजोरी नहीं, शक्ति है। इसका हृदय और कल्पनाशक्ति से गहरा संबंध है। निस्संदेह बुद्धि का स्थान ऊंचा है, लेकिन कल्पनाप्रियता के बिना आप शक्ति पैदा नहीं कर सकते।

स्वामी विवेकानंद वस्तुतः बंगाली जाति के निर्माताओं में एक हैं, उनकी बेहतरीन उक्ति है- 'दरिद्र, पददलित तथा अज्ञ लोग तुम्हारे ईश्वर बनें।' गरीबों के पक्ष में इतनी बड़ी बात पहली कभी इतनी दृढ़ता के साथ कही नहीं गई। बंगाली जाति का आधुनिककाल में सबसे बड़ा योगदान यह है कि उसने धर्म और ईश्वर को मानवीय बनाया। पहले धर्म और ईश्वर वायवीय थे। दरिद्रों से प्रेम करना सिखाया। अभिजन की भाषा और जनभाषा में भेद खत्म करके अभिजन की भाषा को जन-जन की भाषा बनाया। व्यक्तित्व विकास को सामाजिक विकास का मूलाधार बनाया। बंगाली जाति पहली जाति है जिसने हिंदू धर्म को अस्पृश्यता की दलदल से बाहर निकाला।

बंगाली जाति के भाषा प्रेम और संस्कृति बोध का एक रोचक अनुभव बताता हूं। मैं एक बार मिनीबस से कहीं जा रहा था। मिनीबस में काफी भीड़ थी। अचानक देखा दो व्यक्ति आपस में गरमागरम बहस कर रहे हैं और एक-दूसरे के प्रति नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं, प्रतिवाद कर रहे हैं। मैंने पता किया माजरा क्या है, पता चला, एक सज्जन ने अपने पास बैठे सज्जन को किसी पर पर "बोका" कहा, वे कुछ न बोले, बाद में इडियट कहा तो वे सज्जन भड़क गए और बोले इडियट केनो बोले छो, उस व्यक्ति ने कहा मैंने पहले "बोका" कहा तब आपको गुस्सा क्यों नहीं आया, उसे तो चुपचाप सहन कर गए अब इडियट कहने पर भड़क क्यों रहे हो? सारी मिनीबस इस उत्तेजना को देखकर हंस रही थी और मजा ले रही थी। मुझे बंगालियों को देखकर मन में ईर्ष्या होती है 'स्व' की इतनी गहरी अनुभूति, मान-अपमान का इतना गंभीरबोध, भाषा के प्रयोग को लेकर सटीकपन। काश, मैं बंगाली होता। बंगाली जाति के दस गुण-बंगाली जाति के कई बेहतरीन गुण हैं जिनके कारण यह जाति मुझे बहुत प्रिय है। पहला गुण है, उत्सवधर्मिता और आनंद भाव। ये लोग उत्सव के दिन उत्सव भाव में रहते हैं। हर परिवार में विशिष्ट खाना बनेगा। आज आप कहीं भी जाइए पहला वैशाख की मीठी-मीठी गंध पाएंगे। नए कपड़े और स्वादिष्ट भोजन। क्या कहने हैं, सारा राज्य छुट्टी के मूड में। बंगाली जाति का दूसरा बड़ा गुण है सामूहिकता। उत्सव का दिन और सामूहिक खान-पान। कई दिन हैं जिनमें यह जाति सामूहिक भोज करती है। जैसे पहला वैशाख पर जगह-जगह विभिन्न कॉलोनी में रहने वाले मिलकर एक साथ खाते पीते हैं, नाचते-गाते हैं। लोकल बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का मौका भी मिलता है। बंगाली जाति का तीसरा गुण है-यह कभी बीच का रास्ता नहीं पकड़ता। जिस राह जाते हैं, उस पर दौड़ ही लगाते हैं, जिस भाव का अवलंबन करते हैं, उसका चरम दृष्टांत ही पेश करते हैं। बंगाली जाति का चौथा गुण है-गंभीर बात को गंभीर भाव से न सुनना। गंभीर बात को हंसकर उड़ा देना। बंगाली जाति का पांचवां गुण है-प्राइवेसी या निजता का सम्मान करना। बंगाली लोग एक-दूसरे की निजता को मानते हैं और सम्मान करते हैं। छठा गुण है वर्जनाओं से मुक्ति। आमतौर पर पश्चिम बंगाल में पुरानी वर्जनाओं का नामोनिशां नहीं मिलेगा। जाति-धर्म आदि की वर्जनाओं से यह जाति पूरी तरह मुक्त है। इसके कारण शरीर को भी इस जाति ने वर्जनाओं से मुक्त किया है। भारत में संपूर्ण राज्य को वर्जनाओं से मुक्त देखना हो तो बंगाल आएं और कुछ दिन गुजारें।

बंगाली जाति का सातवां गुण है मुक्त हृदय। वे मुक्तभाव से एप्रिसिएट करते हैं। वे एप्रिसिएशन कला में पारंगत हैं। मिलें और सुख लें। बंगाली जाति का आठवां गुण है कि उन्होंने गरीबी को देश का प्रधान एजेंडा बनाया। गरीबी को अपराध, नैतिकता, भाग्य, पूर्वजन्म आदि से मुक्त किया। बंगाली जाति का नौवां गुण है मित्रभाव। परिचय होते ही बातें करेंगे, मित्र हो जाएंगे। बातचीत होते ही मित्रता मान लेंगे। फिर दूसरे ही क्षण घर आने के लिए कहेंगे और फिर दिल खोलकर अपने हृदय की सारी बातें रख देंगे। बंगाली जाति का दसवां गुण है भावुकता। भावुकता उनकी कमजोरी नहीं, शक्ति है। इसका हृदय और कल्पनाशक्ति से गहरा संबंध है। निस्संदेह बुद्धि का स्थान ऊंचा है, लेकिन कल्पनाप्रियता के बिना आप शक्ति पैदा नहीं कर सकते।

# देश को एक सूत्र में पिरोती रेल



रेल दिवस



डॉ. विकास खुराना
शाहजहांपुर

विश्व इतिहास का सतत सर्वेक्षण बताता है कि रेल के आगमन ने इसके हर आयाम चाहे वह सामाजिक हो अथवा आर्थिक अथवा सांस्कृतिक सबको प्रभावित किया। भारत के संदर्भ में तो रेल राष्ट्र का आधार है जैसा कि पर्सिवल स्पीयर लिखते हैं कि "रेल भारत में वो कार्य करेगी, जो अकबर की उदारता और टीपू की तलवार न कर सकी। यह भारत को एक सूत्र में पिरो देगी"। यह कथन अक्षरशः सत्य भी हुआ। इसने विभिन्न प्रांतों, बोलियों के लोगों को एक सूत्र में पिरो दिया। भारत में पहली रेल 16 अप्रैल 1853 को बोरीबंदर से ठाणे स्टेशन के मध्य चली, तब इसे इक्कीस तोपों की सलामी तथा हजारों लोगों की करतल ध्वनि के मध्य चलाया गया। इसे खींचने वाले इंजन सुल्तान, सिंध तथा साहिब थे। रुहेलखंड रीजन में रेल के विस्तार की बात करें तो यह अनेक कंपनियों द्वारा पूरा किया गया। क्षेत्र की मुख्य लाइन जो बनारस-लखनऊ से गाजियाबाद तथा आगे दिल्ली तक जाती थी। अवध रुहेलखंड रेल द्वारा बिछाई गई। तब यह बरेली नहीं आती थी। इसका मार्ग चंदौसी होकर था। वर्ष 1888 में इसका एक एक्सटेंशन बरेली तक खोला गया तथा चंदौसी लाइन, तब चंदौसी कार्ड के रूप में जानी गई। बाद में बरेली से होकर निकलने वाली लाइन कम दूरी के कारण मुख्य लाइन हो गई। बरेली से रामपुर होते हुए मुरादाबाद लाइन वर्ष 1894 को खुली तथा वर्ष 1898 में दिल्ली इस लाइन से सीधा जुड़ गया। रेल का दूसरा विस्तार कुमायूं रुहेलखंड रेल का था। यह कंपनी 1882 में शुरू हुई। सर अलेक्जेंडर आईजेड इसके मुख्य अभियंता थे जिनकी महारथ रेल के पुल बनाने में थी। यह रेल की मीटर गेज प्रणाली थी तथा इसके अधीन रेल विस्तार 957 मील था। प्रमुख लाइंस में भोजीपुरा-काठगोदाम, लालकुआं-काशीपुर, शाहजहांपुर-पीलीभीत, पीलीभीत-सीतापुर क्रमशः 1906, 1907, 1916, 1906 एवं 1916 को खुल गई। बरेली से पीलीभीत होते हुए गोला स्टेट रेल का विस्तार नेपाल की सीमा के साथ-साथ बिहार तथा आगे बंगाल तक किया गया। इसकी एक शाखा अप्रैल 1895 में दुधवा तक खोली गई। रेल ने पूरे रुहेलखंड रीजन में व्यापक प्रभाव छोड़े। इसके आने से पहले जहां मात्र नदियां ही आवागमन का साधन थीं, रेल ने क्षेत्र के व्यवसाय और संस्कृति को उच्च शिखर तक पहुंचा दिया। जनपद शाहजहांपुर में भी रेल का विस्तार अत्यंत लाभकारी रहा जिसके कारण केरू जैसी विख्यात कंपनियां यहां लगीं जिसमें बनी रम, क्रिस्टल चीनी का निर्यात ब्रिटेन तक किया जाता था। आजकल जहां रेल के आमान (गेज) परिवर्तन का कार्य जारी है तथा परंपरागत सिग्नल्स तथा स्टेशन की घंटियों का प्रतिस्थापन किया जा रहा है। अनेक विदेशी यात्रियों जिनमें इयान मैनिंग प्रमुख है कि यात्रा वृत्तांत बीते दिनों की याद दिलवाते हैं।

# अतीक-अशरफ की कब्र पर शाइस्ता और जैनब का इंतजार करती रही पुलिस

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या को एक बरस बीत गये। 15 अप्रैल 2023 यानि इसी दिन दोनों भाइयों की काल्विन अस्पताल में जांच के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। बरसी पर अतीक की कब्र पर सन्नाटा पसरा रहा। कब्र पर पूरे कुनबे का कोई भी सदस्य नहीं पहुंचा। अतीक की पत्नी शाइस्ता और अशरफ की पत्नी जैनब के साथ हटवा गांव मे रह रहे दोनों बेटे अबान और अहजम के आने का इंतजार पूरे दिन पुलिस करती रही।

माफिया अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की मौत के 15 अप्रैल को एक बरस पूरे हो गए। दोनों को हत्या के बाद कालिंदीपुरम कब्रिस्तान में दफनाया गया था। बरसी होने के कारण सोमवार को पुलिस ने कब्रिस्तान में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किया था। पुलिस को अंदाजा था कि हटवा गांव रह रहे अतीक के दोनो बेटे अबान और एहजम कब्र पर फूल चढ़ाने के लिए पहुंच सकते हैं।

इतना ही नहीं पुलिस को यह भी शक था कि अतीक की पत्नी शाइस्ता और अशरफ की पत्नी जैनब भी कब्रिस्तान पहुंचकर कब्र पर फूल चढ़ा सकती है।

बरसी पर कब्र पर वीरानियत छाई रही। पुलिस की ओर से दोनों भाईयों को हटवा गांव में निगरानी में रखा गया था। दोनों की जान का भी खतरा है। शाइस्ता और जैनब को लेकर भी पुलिस लगातार सतर्क है।

### दोनों बेटों का खुला हिस्ट्रीशीट नंबर

**प्रयागराज, अमृत विचार।** माफिया बंधु अतीक और उसके भाई अशरफ की हत्या 15 अप्रैल 2023 यानी आज के ही दिन पुलिस कस्टडी में कर दी गई थी। हत्या के एक साल बाद माफिया के दोनों बेटों को अतीक और अशरफ की तरह हिस्ट्रीशीटर घोषित किया गया है। हत्या के आरोपी जेल में बंद हैं। आरोपियों के विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। दोनों का हिस्ट्रीशीट जारी भी जारी हुआ है। माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की 15 अप्रैल यानि आज बरसी पर बड़ी खबर सामने आई है। माफिया के दोनों बेटे उमर और अली भी अपने बाप और चाचा की तरह हिस्ट्रीशीटर हो गए हैं। 14 अप्रैल 2024 को धूमनगंज थाने की पुलिस ने अली और उमर की हिस्ट्रीशीट खोल दी है। अब दोनों हिस्ट्रीशीटर हो गये हैं। लखनऊ जेल में बंद उमर और नैनी जेल में बंद अली भी अब कड़ी निगरानी रखने के लिए हिस्ट्रीशीट खोली गयी है। हिस्ट्रीशीट खोलने के बाद अब अली और उमर दोनों अपने बाप और चाचा की तरह पुलिस रिकॉर्ड में शामिल हो गये है। अतीक का हिस्ट्रीशीट नंबर 39(ए) और अशरफ का हिस्ट्रीशीट नंबर 93(ए) था। वहीं अब जबकि उमर की हिस्ट्रीशीट 57(बी) और अली की हिस्ट्रीशीट 48(बी) खोली गई है। लखनऊ जेल में बंद उमर के खिलाफ तीन मामले दर्ज हैं।

### नैनी जेल में अली का बयान लेने पहुंची टीम

**नैनी, अमृत विचार।** प्रयागराज पुलिस सोमवार एक नैनी सेंट्रल में पहुंची। जहां पुलिस ने जेल में बंद माफिया अतीक अहमद की बेटे अली का बयान दर्ज किया। बताया जाता है कि उमेश पाल हत्याकांड के संबंध में जानकारी जुटाने के लिए प्रयागराज पुलिस सेंट्रल जेल पहुंची थी। उमेश पाल हत्याकांड में बयान दर्ज करने के लिए नैनी सेंट्रल जेल पहुंची पुलिस के सामने एक बात खुलकर सामने आई है। सूत्रों का कहना है कि जेल में बयान दर्ज करने के दौरान ही पुलिस ने उससे शाइस्ता और अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ की है। हालांकि अभी तक कोई भी जानकारी निकलकर सामने नहीं आई है। 15 अप्रैल को काल्विन अस्पताल में अतीक को गोलियों से भूने जाने से पहले उसके मुंह से निकली एक बात आज तक चर्चा का विषय बनी थी। उसने मौत से ठीक पहले उमेश पाल हत्याकांड में फरार 5 लाख के इनामी शूटर गुड्डू मुस्लिम के बारे में कुछ बताना चाहता था, लेकिन उसकी मौत के बाद सारे राज उसके कब्र में दफन हो गया। अब जेल में बंद उसके बेटे अली ने इस बारे में खुलासा किया है। उमेश पाल हत्याकांड में गुड्डू मुस्लिम के बारे में उसने कहा है कि वह गद्दार है इसके आगे अली ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

## राज्य विवि की परीक्षाएं शुरू,132 अनुपस्थित

**प्रतापगढ़ अमृत विचार।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज से सम्बद्ध महाविद्यालयों की वार्षिक, बैक पेपर एवं सम सेमेस्टर परीक्षाएं सोमवार से शुरू हुईं। पहले दिन की परीक्षा में 132 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शुरू होने के पूर्व गेट पर सघन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। विश्वविद्यालय की मॉनीटरिंग सेल कमरों में लगे सीसीटीवी की निगरानी करता रहा।

प्रथम पाली की सम सेमेस्टर परीक्षाएं सुबह 09 से 11 बजे तक एवं वार्षिक परीक्षाएं सुबह 09 से दोपहर 12 बजे तक हुईं। जबकि द्वितीय पाली की सम सेमेस्टर परीक्षाएं दोपहर 01 से 03बजे तक एवं वार्षिक परीक्षाएं दोपहर 1:00 से 4:00 तक आयोजित की गईं। प्रथम पाली में द्वितीय वर्ष का द्वितीय सेमेस्टर प्राचीन इतिहास, शारीरिक शिक्षा बीए तृतीय वर्ष छठा सेमेस्टर की परीक्षा हुई। द्वितीय पाली में बीए चतुर्थ सेमेस्टर प्राचीन इतिहास एवं बीएससी तृतीय वर्ष भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान,प्राचीन इतिहास की परीक्षा हुई। एमडीपीजी कालेज में प्राचार्य प्रो. मनोज मिश्र के निर्देशन में परीक्षा हुई। जनसूचना अधिकारी डॉ.सीएन पांडेय ने बताया कि दोनों पालियों में 16 अनुपस्थित रहे। पीबीपीजी कालेज सिटी में प्राचार्य प्रो. अमित कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में शुरू हुई। आंतरिक सचल दल लगातार परीक्षा की निगरानी करता रहा। प्रथम पाली में पंजीकृत 562 परीक्षार्थियों में 544 उपस्थित 18 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 509 में 491 उपस्थित 18 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

**कोरांव/नैनी, अमृत विचार :** कोरांव थाना क्षेत्र के हटवाया मझिगवां गांव में जमीनी विवाद की सूचना पर निजी वाहन से पहुंचे चौकी इंचार्ज ने एक पक्ष के लोगों को पकड़कर गाड़ी में बैठाना शुरू किया। इससे आक्रोशित महिलाएं व युवकों ने गाड़ी पर पथराव शुरू कर दिया। इस पर चौकी इन्चार्ज राघवेन्द्र सिंह ने बड़ी संख्या में पुलिस बुलाकर महिलाओं व पुरुषों को पकड़कर थाने ले गए। घटना सुबह दस बजे की बताई जाती है पर मेडिकल सायं 6 बजें तक चलता रहा। जानकारी के अनुसार भुपनारायण व राम नारायण व विपक्षी राम गुलाम आदि में जमीनी विवाद काफी वर्षों से चला आ रहा है और उपजिलाधिकारी न्यायालय तथा जनपद न्यायालय में विचाराधीन है। वावजूद इसके भूपनरायन आदि ने विवादित भूमि से मडहा हटाकर नींव खोदने लगे। जिस पर विपक्ष ने विरोध दर्ज कराया तो भूपनरायन की ओर से पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे रामगढ़ खीरी चौकी ईन्चार्ज ने आनन-फानन में विरोध दर्ज करवा रहे लोगों को पुलिस की सहायता से गाड़ी में भरना शुरू कर दिया। इससे आक्रोशित महिलाओं व युवाओं ने विरोध करना शुरू कर दिया। बाद मे सभी को थाना ले जाया गया। आरोप है कि थाने पर उनकी पिटाई की गई, जिससे संजय व सतेन्द्र को चोटें आई हैं। वहीं महिलाओं को भी गम्भीर चोटें आई हैं। महिलाओं ने नाम न छापने पर बताया कि थाने पर उन लोगों को बेरहमी से पीटा गया है, जिससे वह बैठ भी नहीं पा रही थी।

### सम्मान से नवाजे गए जीपीएस कॉलेज के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** जीपीएस इंटर कॉलेज गोंड़े में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने छात्र - छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कालेज की सराहना करते हुए कहा कि शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। यहां के विद्यार्थी सीए की कठिन परीक्षा आसानी से निकाल ले रहे हैं।अभियांत्रिकी, प्रबंधन एवं होटल मैनेजमेंट में भी इनकी सफलता सराहनीय है।हरिद्वार से आये हुए स्वामी संजीव ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। जेजे इंफोटेक के निदेशक उदय भानु सिंह ने विद्यालय की भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने की योजनाओं को अत्यंत आवश्यक बताया।

## अनुशासन में रहकर ईमानदारी से लोस चुनाव सम्पन्न करायें होमगाड्र्स

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदान के लिये निर्वाचन ड्यूटी में तैनात किये गये होमगाड्र्स के साथ पुलिस लाइन परिसर के टीन शेड सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने बैठक कर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। कहा कि चुनाव के कार्यो को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने हेतु होमगाड्र्स की ड्यूटी अन्य जनपदों में लगायी जाती है।



होमगाड्र्स को सम्बोधित करते डीएम संजीव रंजन। अमृत विचार

सभी होमगाड्र्स अनुशासन में रहकर ईमानदारी पूर्वक लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न करायें, सभी होमगाड्र्स अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे। जनता के साथ विनम्रता पूर्वक व्यवहार करें, निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाये, अपने क्षेत्र के अन्तर्गत बनाये गये बूथों को सुरक्षित रखें। कभी भी खाली पेट न रहे,इससे विभिन्न प्रकार की समस्यायें उत्पन्न हो सकती है तथा पीने का पानी हमेशा साथ रखें।

### 10 सालों में भाजपा सरकार ने देश के विकास की गति को सिर्फ दी है रफ्तार : राजभर

**प्रयागराज, अमृत विचार।** संगमनगरी पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर सोमवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र के बारे में जानकारी दी। अनिल राजभर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले भारतीय जनता पार्टी ने लोक संकल्प पत्र तैयार किया है। इसी के आधार पर यह लोक संकल्प पत्र तैयार किया गया है। अनिल राजभर ने कहा कि इस संकल्प पत्र में विस्तार लाया गया है। अगले 5 सालों में हम क्या करेंगे इसमें नारी सशक्तिकरण, युवाओं के रोजगार, किसने और श्रमिकों के सम्मान के साथ-साथ सबका साथ, सबका विकास समेत कई मुद्दे पर मोदी की गारंटी दी गई है।

## दो बाइकों की टक्कर में अधेड़ की गयी जान

**लालगंज प्रतापगढ़।** आमने सामने बाइक की टक्कर में अधेड़ की मौत हो गयी। मौत की सूचना पर परिजन बिलखने लगे। उदयपुर थाना के पूरे दिरगन का पुरवा ननौती निवासी 68 वर्षीय रामकिशोर सरोज रविवार को बाइक से अपने रिश्तेदार के यहां देवापुर गांव में गेहूं की मडाई करवाने गये थे।

सोमवार की सुबह 10 बजे राम किशोर बाइक से घर लौट रहे थे। आहरबीहर गांव के पास पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल के लिए राम किशोर मुड़े तभी अचानक अठेहा बाजार की तरफ से अज्ञात बाइक ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन इलाज के लिए एम्बुलेंस से उसे सांगीपुर सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर पर परिजन बिलखने लगे।

### हवा में लटक रहे हैं टूटे खम्भे, हादसे का इंतजार

**हलिया (मिर्जापुर)।** विद्युत विभाग के अधिकारी खबर लगने के बाद भी सचेत नहीं हो रहे हैं आलम यह है कि आज भी हवा में लटक रहे टूटे हुए खंभे से विद्युत विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति की जा रही है क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि लगता है विद्युत विभाग के उच्च अधिकारी किसी बड़े हादसे के होने का इंतजार कर रहे हैं अगर किसी दिन कोई बड़ा हादसा हो जाएगा तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी बताते चले की हलिया कस्बा स्थित सोनकर बस्ती नहर के पास फाउंडेशन बनाकर रखें गये ट्रांसफार्मर के पास विद्युत आपूर्ति लिए दो विद्युत पोल लगाए गए हैं जिसमें से एक पोल पूरी तरह से टूट कर अलग होकर हवा में लटक रहा है।

## अपना दल कमेरा से पल्लवी पटेल फूलपुर सीट से हो सकती हैं उम्मीदवार

**प्रयागराज, अमृत विचार:** फूलपुर सीट पर भाजपा और सपा के प्रत्याशी घोषित होने के बाद अपना दल कमेरा ने भी सोमवार को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। पार्टी ने पल्लवी पटेल को प्रत्याशी बनाया है। बता दें कि सपा से विधायक रही पल्लवी पटेल ने आखिरकार ओवैसी के साथ साझेदारी कर ही ली।

सोमवार को अपना दल कमेरा ने पल्लवी पटेल को फूलपुर लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बना दिया। अब पल्लवी पटेल ओवैसी के साथ मिलकर फूलपुर सीट से चुनाव लड़ेगी। इससे अब सीट का बटवारा लगभग तय माना जा यह है। हलाकि अभी इसकी औपचारिक घोषणा नहीं की गयी है। माना जा रहा है की अगले दो दिनों में होंगी औपचारिक रूप से घोषणा कर दी जाएगी। एक बात यह भी सामने आई है कि प्रयागराज (इलाहाबाद) संसदीय क्षेत्र से भी उम्मीदवार घोषित किए जा सकते हैं। फिलहाल अभी इस बात पर किसी तरह कि कोई बात समाने नहीं आई है।

## दीदी लड़ेंगी या जीजा, यह तय नहीं कर पा रही कांग्रेस : गिरी

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** भाजपा के संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) जारी होने के बाद पार्टी ने प्रेसवार्ता कर 76 पन्ने के संकल्प पत्र को मीडिया के सामने रखा। बाबागंज स्थित होटल में भाजपा के प्रदेश मंत्री व अमेठी प्रभारी शंकर गिरी मीडिया से मुखातिब हुए।

हमारी पार्टी ने जो कहा वह करके दिखाया। अयोध्या में राम मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। रेलवे, रोडवेज में यात्रियों की सुविधाओं में इजाफा हुआ है। एनएच का जाल बिछाया गया। वर्ष 2047 तक भारत देश विश्व का सबसे मजबूत देश होगा। भाजपा 400 सीट पार करने का लक्ष्य है जबकि इंडिया गठबंधन का सबसे बड़ा दल ( कांग्रेस ) 40 सीट भी पार नहीं कर पायेगा। कांग्रेस पार्टी गरीबों को मिलने वाले मुफ्त राशन को बंद करने ई बात करती है, जबकि हम आगे पांच साल तक इसे बढ़ाने की बात कर रहे हैं। अमेठी इस बार ढाई लाख वोटों से जीतेंगे,अभी तक तो राहुल बाबा आने को तैयार नहीं हैं, जीजा लड़ेंगे कि साला या दीदी लड़ेंगी अभी तक यही तय नहीं है।

पिछली बार अमेठी हराये इस बार रायबरेली से भी हटायेंगे। इंडी. गठबंधन के सबसे बड़े दल का उत्तर प्रदेश में सूपडा साफ होगा, जो यहां से साफ होगा वह अपने आप समाप्त हो जायेगा। इंडी.गठबंधन के लोग कुछ जेल में हैं,कुछ को समन मिला है,कुछ जमानत पर हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, राजेश सिंह, जिला प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ल,विवेक उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### अनियंत्रित रोडवेज बस की टक्कर से वृद्ध की मौत

**कुण्डा प्रतापगढ़ अमृत विचार :** घर से चाय पीने निकले वृद्ध की अनियंत्रित बस की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजन बिलखने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मानिकपुर के तिवारीपुर मजरे समापुर निवासी 60 वर्षीय मंगल प्रसाद पुत्र स्व. बालादीन सोमवार को दिन में करीब चार बजे टहलते हुए चाय पीने के लिए भरचक चौराहे पर गए थे। सड़क पारकर अपने घर की ओर जा रहे थे तभी लखनऊ से प्रयागराज जा रही रोडवेज बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे घायल अवस्था में सीएचसी कुंडा ले आये। यहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजन बिलखने लगे। एसओ जयचंद भारती ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलते पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने तहसील मड़िहान का किया औचक निरीक्षण

**मिर्जापुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन तहसील मड़िहान पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसील परिसर में साफ सफाई, भवन की रंगाई पुताई का कार्य कराया जा रहा था, जिलाधिकारी ने परिसर में बने साइकिल स्टैण्ड, शौचालय, पुराने हवालात, खाद्य एवं रसद भवन सहित निर्माणाधीन नए हवालात का निरीक्षण किया।



परिसर में पेयजल के बारे में जानकारी करने पर उप जिलाधिकारी मड़िहान युगांतर त्रिपाठी ने बताया कि परिसर में जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन किया गया है इसके अतिरिक्त टैंकर के माध्यम से भी पानी की आपूर्ति की जा रही है। उन्होने कहा कि बताया कि परिसर में मौसम की जानकारी प्राप्त करने के लिये भी यंत्र लगवाया गया हैं। उन्होने बताया कि पूरे परिसर की सफाई के साथ ही रंगाई पुताई का कार्य वर्तमान में चल रहा हैं। परिसर में में नए निर्माणाधीन हवालात को अपूर्ण देखकर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग को तत्काल पूर्ण कराने का निर्देश दिया।


अभिलेखो के निरीक्षण के दौरान ई-परवाना जारी न होने की जानकारी पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये दूरभाष पर मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह से वार्ता निर्देशित किया कि ई-परवाना जारी होने के लिये जो भी व्यवस्थाए करनी हो स्वंय जांचकर तत्काल सुनिश्चित कराते हुये ई-परवाना जारी करने व्यवस्था कराए।

निरीक्षण के दौरान संग्रह अभिलेख, सभाकक्ष, मतदान पंजीकरण, आपदा सहायता रजिस्टर एवं मुख्यमंत्री कृषक दुघर्टना रजिस्टर में पात्र आवेदनों के सापेक्ष भुगतान की स्थिति, दैवी आपदा में प्राप्त आवेदन के सापेक्ष भुगतान की स्थिति आदि के बारे में रजिस्टरों और पत्रावलियों को देखकर निरीक्षण किया।

आस्था

घंटे की ध्वनि और शंख नगाड़े से गुंजायमान रहा विन्ध्य धाम

## दो लाख भक्तों ने मां विन्ध्यवासिनी के दरबार में लगाई हाजिरी



विंध्याचल(मिर्जापुर)

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के सप्तमी के दिन सोमवार को विन्ध्याचल धाम में दो लाख से ज्यादा भक्तों ने मॉ के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई। मॉ विन्ध्यवासिनी के दर्शन के लिए सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ रही जो कि देर रात तक जारी रही। मंदिर जाने वाले सभी मार्गों पर भक्तों की लाइने लगी रही।

मॉ का दर्शन के लिए भक्त माला फूल, लाचीदाना रोरी, नारियल व प्रसाद चढ़ाकर दर्शन किया। घंटा, शंख, नगाड़े और पहाड़ावाली के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर भक्ति में डूबा रहा। सोमवार होने के नाते पूरा विन्ध्याचल धाम श्रद्धालुओं से पटा रहा। परिक्रमा पथ की छत पर साधक मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान में जुटे रहे, जबकि छोटे बच्चों के मुंडन संस्कार भी होते रहे। भोर में मंगला आरती के पूर्व से ही मंदिर परिसर एवं गंगा घाटों पर भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। मंगला आरती के भव्य स्वरूप का दर्शन करने के लिए श्रद्धालु लालायित नजर आये।

हाथ में नारियल, चुनरी, लाचीदाना, रोरी रक्षा, कपूर धूपबत्ती लिए श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते रहे। किसी ने गर्भगृह तो बाकी ने झांकी से मॉ विन्ध्यवासिनी के दर्शन किये। मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने के बाद भक्त मंदिर परिसर में स्थित अन्य देवी देवताओं का दर्शन पूजन कर अष्टभुजा एवं काली खोह मंदिरों पर दर्शन कर मत्था टेका और घर परिवार मे खुशहाली की कामना की।

इन मंदिरों पर भी दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। अष्टभुजा एवं कालिखोह मेंदर्शन करनेके बाद श्रद्धालुत्रिकोण परिक्रमा करनेमेंजुट गए। त्रिकोण मार्गश्रद्धालुओं सेपटा रहा। नवरात्रि मेले में उमड़ी भीड़ के चलते पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये थें।

### अवैध शराब के कारोबारियों के ठिकानों पर छापा

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** आबकारी विभाग की टीम एवं राजगढ़ थाना पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब के कारोबार का प्रमुख अड्डा बन चुके राजगढ़ थाना क्षेत्र के कंजड़ बस्ती में औचक छापेमारी कर कच्ची शराब बरामद करने के साथ ही कई भट्ठियों की तोड़फोड़ की गई। कार्रवाई के दौरान टीम ने एक लोग को मौके से गिरफ्तार किया। आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से अवैध शराब बनाने के कारोबारियों में हडकंप मचा रहा। जिला आबकारी अधिकारी ज्ञानेंद्र नाथ पांडे के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक राहुल कुमार रावत के नेतृत्व में विभागीय टीम एवं स्थानीय पुलिस ने पहले राजगढ़ बाजार के कंजड़ बस्ती स्थित लंबे समय से शराब का अवैध कारोबार करने वालों के अड्डों पर छापेमारी की।

## सार-संक्षेप

### जिलाधिकारी ने की हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत





**जौनपुर।** जनपद में मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत आयोजित विविध जागरूकता गतिविधियों की कड़ी में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने कलक्ट्रेट परिसर में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत परिसर में एक बड़ा बैनर लगाकर जिसपर लिखा है "ड्रेमोक्रेसी वाल" पर स्वयं हस्ताक्षर कर संकल्प लिया और लोगों से भी हस्ताक्षर कर संकल्प लेने की अपील की और 25 मई को मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करें। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में बनी सेल्फी प्वाइंट "मेरा वोट मेरी ताकत" सेल्फी पाइंट पर अधिकरियों ने सेल्फी लेकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस हस्ताक्षर अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने सभी विभागों, स्कूल कालेजों व्यापार मंडल, समाजिक संस्थाओं से भी अपील की है कि मतदान के प्रति जागरुकता के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए इस तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये।

### हिन्दी नववर्ष पर भव्य डाण्डिया महोत्सव आयोजित

**जौनपुर।** लायंस क्लब क्षितिज ने हिंदी नववर्ष व चैत्र नवरात्र पर भव्य डांडिया महोत्सव का आयोजन राजमहल में किया। यहां शहर के तमाम गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां की आरती व पूजा डॉ रजनी कांत द्विवेदी के द्वारा संपन्न हुई। जिसके बाद मुख्य अतिथि ज्ञान प्रकाश सिंह वरिष्ठ समाजसेवी व उद्घाटनकर्ता लायन्स क्लब इंटरनेशनल मण्डल 321ई के गेट एरिया लीडर डॉ क्षितिज शर्मा, वाइस मल्टिपल काउंसिल चेयरमैन सीए सौरभ कान्त, निर्वाचित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बलबीर सिंह बग्गा, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम डा अर्पण धर दुबे, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय उदय चन्दानी, डिप्टी गवर्नर राकेश श्रीवास्तव पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नितिन यथार्थ, निर्वाचित कैबिनेट सचिव सुधीर भल्ला, कैबिनेट कोषाध्यक्ष रिशी जायसवाल, बालाजी, लायन क्लब क्षितिज के संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू व वर्तमान अध्यक्ष धर्मेंद्र सेठ आदि ने मां दुर्गा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये व दीप प्रज्ज्वलन करके शुभारंभ किया।

### नई दवाओं की खोज में आण्विक गतिशीलता महत्वपूर्ण

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री एंड मॉलिक्यूलर डिजाइन विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला के चतुर्थ दिवस पर आण्विक गतिशीलता (मॉलिक्युलर ड्यानमिक्स) पर व्याख्यान और प्रशिक्षण हुआ। रसायन विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. राज कुमार मिश्रा ने बताया कि आण्विक गतिशीलता के अध्ययन से पदार्थों तथा अणुओं के गुणों को समझने में मदद मिलती है। आणविक गतिशीलता दवाओं तथा डीएनए के बीच के परस्पर क्रिया तथा प्रभाव का पता लगाने में महत्वपूर्ण होता है। प्रो. मिश्रा ने प्रतिभागियों को साफ्टवेयर के माध्यम से आण्विक गतिशीलता का प्रशिक्षण दिया। दूसरे सत्र में विशेष वक्ता के रूप में रसायन विज्ञान विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ. विवेक कुमार यादव ने आण्विक गतिशीलता के बारे में विस्तृत रूप से प्रतिभागियों को बताया। डॉ यादव ने प्रतिभागियों को एब इनिशियो तरीके से आण्विक गतिशीलता के अध्ययन के बारे में चर्चा किया।अतिथियों का स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार ने किया। सत्र की संचालन कार्यशाला संयोजक डॉ नितेश जायसवाल ने किया। इस अवसर पर डॉ अजीत सिंह, डॉ मिथिलेश यादव, डॉ दिनेश वर्मा, डॉ विजय शंकर तथा सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।


### विकसित भारत के निर्माण का संकल्प : गिरीश चंद्र यादव

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय भूपतपट्टी में जिलाध्यक्ष पुष्पराज और जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह के उपस्थित में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश सरकार गिरीश चंद्र यादव पत्रकार वार्ता किये। गिरीश चंद्र यादव ने पत्रकारों से कहा कि भारतीय जनता पार्टी GYAN यानि गरीब, युवा, अन्नदाता व नारीशक्ति को लेकर आगे बढ़ रही है और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प ले रही है। एक व्यक्ति, जो आज भरोसे का पर्याय बन चुका है क्योंकि मोदी की गारंटी ही गारंटी पूरी होने की गारंटी है। आने वाले 5 साल भी सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के होंगे, ये है मोदी की गारंटी उन्होंने कहा कि बीजेपी का संकल्प पत्र युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। आने वाले पांच साल में फ्री राशन की योजना जारी रहेगी। जनऔषधि केंद्रों का विस्तार होगा। पांच लाख का मुफ्त इलाज मिलता रहेगा। 70 साल की आयु के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाया जाएगा। चाहें फिर वो किसी वर्ग का हो। 3 करोड़ और घर बनाने का संकल्प लिया है। 10 साल में हमने दिव्यांगजनों को कई सुविधाएं दी हैं।

### हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जौनपुर।** जिले के शाहगंज कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट और हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर जेल रवाना किया है। गैंगस्टर खेतासराय थाना क्षेत्र के पारा कमाल गांव निवासी नैय्यर आलम है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद में अपराध एवं अपराधियों तथा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार एवं पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह चौहान के पर्यवेक्षण एवं कुशल निर्देशन में कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय ने आरोपित नैय्यर आलम पुत्र अब्दुल जब्बार को सोमवार सुबह नौ बजे उसरहटहा गांव स्थित आजाद रेलवे क्रासिंग से गिरफ्तार किया। नैय्यर आलम शाहगंज में गैंगेस्टर एक्ट मे वांछित है। वहीं खेतासराय थाना का हिस्ट्रीशीटर है। इस पर शाहगंज खेतासराय लाइन बाजार थाने में आधा दर्जन मामला दर्ज है।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय वर्कशाप का हुआ आयोजन



**चुनार (मिर्जापुर)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में आज दिनांक 15 अप्रैल 2024 को साइंटिफिक राइटिंग उसिंग लेटेक्स या ओवरलीफ विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें रिसर्च प्रोजेक्ट को लेटेक्स के प्रयोग से कैसे लिख जाए के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 पी0 ए0 डोंगरे सर ने किया जिन्होंने वर्तमान समय में गणितीय विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। आज के मुख्यवक्ता डॉ0 पप्पु कुमार ने लेटेक्स और डॉ0 यादवेंद्र सिंह ने ओवरलीट विषय पर व्याख्यान दिया। कोऑर्डिनेटर डॉ सत्येन्द्र कुमार ने प्रोग्राम की रूपरेखा तथा को कोऑर्डिनेटर डॉ गुरु प्रसाद सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। आईओएसी प्रभारी प्रोफेसर माधवी शुक्ला ने अतिथि परिचय कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजेन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ रामनिहोर, डॉ सूबेदार यादव, डॉ चंदन साहू, डॉ मनोज कुमार प्रजापति सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल का हुआ स्वागत



**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेशअध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने सुरेश पटेल को समाजवादी पार्टी का जिला उपाध्यक्ष नामित किया है। मनोनीत होने पर सुरेश पटेल का स्वागत समारोह पार्टी कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर रखा गया। समारोह में सभी कार्यकर्ताओं ने मनोनीत जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और उन्हें बधाई दी। जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल ने कहा कि जो जिम्मेदारी दी है उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी से करूँगा। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार की तानाशाही रवैये के कारण देश आज खतरे में है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विरोधी दलों के नेताओं के साथ बदले की भावना से काम कर रही है।

## अपनी ढपली अपना राग



लोगों को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। विकसित भारत की आकांक्षाओं का आधार ये संकल्प पत्र बनेगा। – योगी आदित्यनाथ



जिन्होंने अपने वादे पिछले दस वर्षों के राज में पूरे नहीं किए, वो भला भविष्य की गारंटी देने की बात कैसे कह सकते हैं। यह केवल धोखा है। – अखिलेश यादव



कांग्रेस की तरह वर्तमान सरकार भी जातिवादी हैं। पूरे देश में गरीबों, दलितों और मुस्लिमों का शोषण हो रहा है। – मायावती



पश्चिम उप्र. को अलग राज्य बनाने की बात अच्छी पर, उन्हें मौका नहीं मिलेगा। जनता ने मोदी को फिर से पीएम बनाने का मन बना लिया। – डॉ. संजीव बालियान, केंद्रीय मंत्री



पुलिस अधिकारी और कर्मचारी अपनी औकात में रहें। भाजपा के लिए काम करना बंद कर दें। –रुचि वीरा (मुरादाबाद से इंडी उम्मीदवार)



देश में बदलाव का माहौल है। चाहे वह राजनीति में रहें या न रहें, पर देश और देश के लोगों के लिए मेहनत करते रहेंगे। – रॉबर्ट वाड्रा

# वो भी क्या दिन थे जब फुटपाथ पर तैयार हो जाते थे नेताजी

### 30 साल पहले लकड़ी के खोखो में बिकती भी जनप्रतिनिधियों की ड्रेस

### फाइव स्टार संस्कृति ने बढ़ा दिया नेताजी की वर्दी का खर्च

नीरज मिश्र,लखनऊ



**अमृत विचार:** अभी ज्यादा वक्त नहीं बीता, करीब तीन दशक पहले की ही बात है जब 'दारुलशफा' में नेताजी बाकायदा 'तैयार' किए जाते थे। उन्हें टीप टॉप नेता बनाने के लिए 50 से अधिक दुकानें विधायक निवास के विभिन्न ब्लॉक में बने 'गैराज' और 'सड़कों' पर मौजूद थीं। नेताजी इन्हीं 'टेलरिंग शॉप' में अपनी 'वर्दी'' सिलवाते थे। वहीं कपड़ा लिया टेलर मास्टर को नाप दिया और पैदल ही चल पड़े जनता के बीच। एक बार तन पर खादी पहनी तो रात तक शरीर से उतरने का नाम नहीं लेती थी। अब न टेलर के पास काम है और न ही छोटी-छोटी गुमटियों से कपड़ा खरीदने का चलन। अब नेता जी हाईटेक हो चुके हैं ब्रांडेड कपड़ों की पसंद अब वे खोखे पर नही सीधे शोरूम में जाकर करते हैं। केवल ब्रांडेड पैंट-शर्ट नहीं कोटी भी साथ में पसंद करते हैं। जाहिर सी बात है कि इसके साथ मैंचिग पटका भी चाहिए।

बीते कुछ वर्षों में राजनीति का मिजाज पूरी तरह से बदल चुका है। पैठ बना चुकी 'फाइव स्टार संस्कृति' ने राजनीति में एक बड़ा बदलाव ला दिया है। अब जनप्रतिनिधियों का एक-दो जोड़ी ड्रेस से काम नहीं चलता है। रोज कम से कम चार बार सूट बदलते हैं। जनता से मिलने के लिए अलग और जनसभाओं एवं रोड शो के लिए अलग। पहले खादी थी। इनका स्थान अब महंगे और कीमती 'लेनिन' और ब्रांडेड वस्त्रों ने ले लिया है। एक बार की 'कड़क वर्दी' नेताजी की जेब से करीब पांच हजार रुपया तो आसानी से निकलवा ही लेती है। नेताओं के बदलते परिवेश और ड्रेस कोड पर एक रिपोर्ट।

| लेनिन कपड़ा | रुपये प्रति पीस |
|---|---|
| शर्ट | 1,800 से 2,100 रुपये |
| पैंट | 1,500 से 1,800 |
| कोटी | 1,200 से 1,500 |
| **सेमी लेनिन कपड़ा** | **रुपये प्रति पीस** |
| शर्ट | 1,000 –1,500 |
| पैंट | 600 – 800 |
| कोटी | 1,000 –1,200 |
| **सिलाई** | **रुपये प्रति पीस** |
| शर्ट | 400– 450 |
| पैंट | 600–700 |
| कोटी | 800 –1,000 |

### गिने-चुने लोग ही आते हैं नाप देने, 'टेलर मास्टर' का सम्मान अब गुजरे जमाने की बात

दशकों से दारुलशफा गैराज में दुकान चला रहे टेलर मो. शकील बताते हैं कि एक दौर था जब जनप्रतिनिधि आते और कपड़ा देखते। नाप देते और चलते बनते। तीन–चार दिन बाद पूरी ड्रेस तैयार कर उनके कमरे में भिजवा दी गई या फिर वे खुद आए और पहनकर चले गए। दूसरी और तीसरी जोड़ी एक अखबार में लपेट कर उन्हें थमा दी। न केवल वह उनके साथ कई बार पार्टी कार्यकर्ता भी अपनी नाप देकर कपड़ा सिलवा लेते थे।' 'मास्टर'' कह कर हमें सम्मान भी दिया जाता था।अब वह दिन नहीं रहे, फैशन और कीमती कपड़ों और डिजाइनों का दौर है। बस गिने–चुने लोग ही कपड़ा सिलवाने आते हैं। इन्हीं के सहारे धंधा चल रहा है। अली मोहम्मद कहते हैं कि अब उतनी आमदनी नहीं है। बस कुछ लोगों के सहारे ही धंधा किसी तरह आगे बढ़ रहा है।

### कड़क वर्दी तैयार करने पर रोज 150 रुपया खर्च

जब लेनिन के कड़क सूट और इसमें कलफ लगी पैंट, शर्ट, कॉटन कोटी और पटका। इसे घर में धोया जाना आसान काम नहीं। लांड्री धुलाई कल्चर पर रोज एक सूट पर करीब 150 रुपया व्यय होता है। यानी चार से पांच सूट अगर धुलने गए 600 से 750 रुपया रोज का औसतन खर्च। अगर 24 से 48 घंटे में धुलाई चाहिए तो यह व्यय बढ़कर दोगुना हो जाता है।

### 20 से 30 फीसद महंगी हुई नेताजी की लेनिन ड्रेस

**लेनिन का एक सूट कपड़ा लेकर सिलवाया तो 5,000 रुपये खर्च :** उप्र.कपड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक मोतियानी और लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कपड़ा व्यवसायी प्रभू जालान बताते हैं कि लोक सभा चुनाव की घोषणा के साथ ही लेनिन वस्त्रों की मांग तेज हो गई है। एक तो बढ़ती गर्मी और दूसरे नेताओं का पसंदीदा रंग सफेद कपड़ा काफी महंगा हो गया है। पहले लेनिन कपड़ों पर तेजी 20 फीसद के आसपास रही जो अब बढ़कर 25 से 30 प्रतिशत तक हो गई है। रेडीमेड और ब्रांडेड का भाव अलग है। ब्रांडेड लेनिन कपड़ों का शूट हजारों का बैठता है। पटका तक डिजाइनर चाहिए। सत्ता पक्ष से जुड़े हैं तो सफेद के अलावा गुलाबी और नारंगी रंग पसंदीदा। सफेद रंग सभी दल के लोग पहनते हैं।



कुर्ता पैजामा सिलवाने आये युवक की नाप लेते शकील।



दारुलशफा में नेताओं के कपड़े सिलते अली मोहम्मद।

# सोशल इंजीनियरिंग में फंसी बीजेपी

### बसपा ने उदय राज वर्मा और सपा ने राम भुआल निषाद को मैदान में उतारा

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लगातार तीसरी बार सुलतानपुर लोकसभा सीट जितने का मंसूबा पाले बैठी बीजेपी को बीएसपी ने बड़ा झटका दिया है। सोशल इंजीनियरिंग को साध कर बीएसपी ने कुर्मी वोट बैंक में सेंधमारी का प्रयास किया है। बीएसपी ने सुलतानपुर से युवा नेता व जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। आम तौर पर पिछले चुनाव में कुर्मी वोट बैंक बीजेपी के लिए जिताऊ साबित हुआ था। वहीं, निषाद वोट भी बीजेपी से खिसकता दिख रहा है। क्योंकि, सपा ने पहले घोषित भीम निषाद को वापस बुलाकर यहां अपने कद्दावर नेता राम भुआल निषाद को प्रत्याशी बनाकर बीजेपी को उसी की मांद में घेरने की कोशिश की है।

भारतीय जनता पार्टी ने सुलतानपुर में फिर से मेनका गांधी को अपना प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा हैं। 2014 में यहां पर वरुण गांधी ने कमल खिलाया था तो 2019 में उनकी मां मेनका संजय गांधी ने इस सीट को भाजपा के पाले में डाल दिया था। लंबी जद्दोजहद के बाद भाजपा ने मेनका गांधी को यहां दोबारा मौका दिया है। वह चुनाव मैदान में मजबूती से उतर पड़ी हैं।



सबसे मजबूत माने जाने वाले भाजपा व उसके संगठनों ने चुनावी तैयारियों में ताकत झोंक दी है। पार्टी के नेता व कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए घर-घर पहुंच रहे हैं और अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा दिए हैं। सुलतानपुर में छठवें चरण में 25 मई को होने वाले चुनाव में अभी काफी समय है। जैसे जैसे चुनाव तिथि नजदीक आएगा वैसे वैसे सुलतानपुर की चुनावी सरगर्मी अपने उफान पर होगी।

**पांच विस में चार पर भाजपा, एक पर सपा का कब्जाः** सुलतानपुर जिले की कुल पांच विधानसभा सीटों में वर्तमान में चार पर भाजपा और एक पर सपा का कब्जा है। सुलतानपुर सीट से भाजपा के विनोद सिंह, लंभुआ सीट से भाजपा के सीताराम वर्मा, जयसिंहपुर सदर सीट से भाजपा के राज बाबू उपाध्याय, कादीपुर सुरक्षित सीट से भाजपा के राजेश गौतम और इसौली सीट से सपा के मोहम्मद ताहिर खान विधायक हैं।

**चुनेंगे अपना सांसदः** जिले की पांचों विधानसभाओं में मिलाकर कुल 18,34,355 मतदाता है। इनमें 9,54,358 पुरुष तो 8,79,932 महिला वोटर शामिल हैं। 65 ट्रांसजेंडर मतदाता है। इनमें युवा मतदाता ही निर्णायक होंगे। 18 से 19 साल के 22,819 तो 20 से 39 साल के 8,28,479 वोटर्स है। इस वर्ग के ज्यादातर मतदाता बूथ तक पहुंचते है और निर्णायक बनते हैं।

### ऐसा था परिणाम

2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी चार लाख 58 हजार 281 मत पाकर विजयी हुई थीं। सपा–बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ने वाले चंद्रभद्र सिंह सोनू को चार लाख 44 हजार 422 वोट मिले थे, जबकि पूर्व मंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी अमीता सिंह को महज 41 हजार 588 मतों से संतोष करना पड़ा था। इस बार अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि हाईकमान जिसे भी टिकट देगा, उसी के लिए पूरे तन–मन से लगेंगे।

**बसपाः** सुलतानपुर सीट पर दो बार सांसद दे चुकी बहुजन समाज पार्टी ने इस बार भी सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को दोहराया है। आंबेडकर जयंती के अवसर पर यहां पहुंचे बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने उदराज वर्मा को प्रत्याशी घोषित कर दिया। साफ–सुथरी छवि, युवा चेहरा और जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा बसपा के मूल वोट के साथ कुर्मी बिरादरी को अपने पाले में लाने के लिए पूरा दम लगा देंगे। जबकि, भाजपा के जिलाध्यक्ष डा. आरए वर्मा व लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा है। इस लिहाज से यहां का कुर्मी वोटर भाजपा का वोट बैंक माना जाता रहा है। यदि उदराज अपनी बिरादरी का वोट बसपा के पाले में लाने में कामयाब होते हैं तो भाजपा को नुकसान होना तय है।

**सपाः** अमेठी से सटी सुलतानपुर सीट कांग्रेस के लिए खास मानी जाती रही है। फिर भी यह सीट इस बार इंडी गठबंधन में समाजवादी पार्टी के खाते में चली गई है। अब तक सुलतानपुर में साइकिल जीत का स्वाद नहीं चख सकी है। कई बार नजदीकी मुकाबला होने के बाद भी सपा यहां पर जीत नहीं हासिल कर सकी। बीते दिनों सपा ने अंबेडकरनगर के मूल निवासी भीम निषाद को उम्मीदवार बनाकर भेजा था। जब से भीम यहां प्रत्याशी बने थे सपा संगठन दो धड़ों में बंट गया था। दबाव इस कदर पड़ा कि सपा शीर्ष शीर्ष नेतृत्व ने यहां का प्रत्याशी रविवार की शाम बदल दिया। सपा मुखिया ने भीम निषाद को वापस बुलाकर अब गोरखपुर के मूल निवासी राम भुआल निषाद को यहां का प्रत्याशी बना दिया है। राम भुआल का निषाद समाज में अच्छी पकड़ मानी जाती है। वह गोरखपुर में सीएम योगी के खिलाफ भी चुनाव लड़ चुके हैं। जिले का निषाद समुदाय का वोट पिछले चुनाव में काफी हद तक भाजपा का रहा था। ऐसी स्थिति में अब यह देखना दिलचस्प होगा कि निषादों का कितना वोट सपा प्रत्याशी अपने पाले में ला पाएगा।

### लोकसभा सीट का इतिहास

सुलतानपुर लोकसभा सीट के इतिहास पर नजर डाले तो वर्ष 1952 में एम.ए. काजमी उर्फ काजिम अली एडवोकेट पहली बार कांग्रेस सांसद चुने गए। 1957 में गोविंद मालवीय, इनकी मृत्यु के बाद हुए उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार बाबू गनपत सहाय सांसद बने थे। वर्ष 1962 में कांग्रेस से उनके पुत्र कुंवर कृष्ण वर्मा सांसद बने। 1967 में बाबू गनपत सहाय ने जीत हासिल की थी। उनकी मृत्यु के पश्चात हुए 1969 में हुए उपचुनाव में चौधरी चरण सिंह की बीकेडी से पं. श्रीपति मिश्र सांसद बने, उन्होंने महज 249 वोटों से कांग्रेस के डा. कैलाश नाथ सिंह को हराया था। यह सुलतानपुर सीट के इतिहास का सबसे नजदीकी मुकाबला रहा है। 1970 में कांग्रेस से केदारनाथ सिंह, 1977 से जनता पार्टी के जुल्फिकार उल्ला, 1980 में कांग्रेस के गिरिराज सिंह, 1984 में कांग्रेस से राजकरन नाथ सिंह, 1989 में जनता दल से राम सिंह, 1991 में बीजेपी का खाता इस सीट पर खुला और अयोध्या के महंत विश्वनाथ दास शास्त्री सांसद बने। 1996 व 1998 में बीजेपी के डीबी राय, 1999 बसपा के जयभद्र सिंह, 2004 में बसपा के मो. ताहिर खान, 2009 में कांग्रेस से डा. संजय सिंह यहां के सांसद बने। 2014 में भाजपा के वरुण गांधी और 2019 में भाजपा से वरुण गांधी की मां मेनका संजय गांधी सांसद चुनी गई।

### सपा और राजद का चुनावी घोषणा पत्र कंगाल बैंक के चेक जैसाः नन्दी

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा और राजद के चुनावी घोषणा पत्र, किसी कंगाल बैंक के चेक सरीखे हैं। बिना बुनियाद की इमारत बनाने के दावे और हवा–हवाई खोखले वादे किये गये हैं। दोनो पार्टियां जनता को मूर्ख समझने की भारी भूल कर रहे हैं । यह बात सोमवार को औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने अमेठी संसदीय क्षेत्र में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन अवसर पर कही।अमेठी संसदीय क्षेत्र के तिलोई, जगदीशपुर, गौरीगंज, अमेठी और सलोन विधानसभा क्षेत्र में भाजपा चुनाव कार्यालयों में उन्होंने कहा कि इनके घोषणा पत्र में मतदाताओं को भ्रमित करने का प्रयास किया गया है।




उन्होंने कहा, कांग्रेस, सपा और आरजेडी जैसी पार्टियों ने साझा घोषणा पत्र न जारी करके अपनी ढपली अपना राग अलापना यह साबित किया है।

नन्दी ने कहा कि इंडी गठबंधन की न तो नीति तय है और न ही नेता। एक अनार सौ बीमार वाली हालत है। ऐसे में इन दलों का अपना–अपना घोषणा पत्र कोढ़ में खाज की तरह है! उन्होंने सपा के घोषणा पत्र पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इनके घोषणा पत्र में, जैसे बैल यह दावा करे कि वह दूध देगा और मुर्गा यह वादा करे की वह अण्डा देगा ।गौरीगंज में नन्दी ने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल दलों में बिखराव साफ नजर आ रहा है। विपक्षी गठबंधन अपना एक साझा घोषणा पत्र तक नहीं जारी कर पाया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और इसकी बदौलत भाजपा उत्तर प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने के साथ–साथ 400 पार के लक्ष्य को भी हासिल करने में सफल होगी।


## आईना : सुलतानपुर लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| मेनका संजय गांधी | 4,58,281 |
| चन्द्र भद्र सिंह | 4,44,422 |
| अमिता सिंह | 4,1,588 |

### 2014 में किसको कितने वोट





| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | वरुण गांधी | 4,10,348 |
| बसपा | पवन पांडेय | 2,31,446 |
| सपा | शकील अहमद | 2,28,144 |
| कांग्रेस | अमिता सिंह | 41,983 |

| 2019 नोटा | 2014 नोटा |
|---|---|
| 9,771 | 5,412 |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | डॉ. संजय सिंह | 3,00,411 |
| बसपा | मोहम्मद ताहिर | 2,01,632 |
| सपा | अशोक पांडेय | 1,07,895 |
| बीजेपी | सूर्यभान सिंह | 44,425 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | एम.ए. काजमी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | गोविंद मालवीय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1961 | गनपत सहाय | निर्दलीय |
| 1962 | कुँवर कृष्ण वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | गणपत सहाय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | केदार नाथ सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | जुल्फिकारुल्ला | जनता पार्टी |
| 1980 | गिरिराज सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | राज करण सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | राम सिंह | जनता दल |
| 1991 | विश्वनाथ दास शास्त्री | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996व 98 | देवेन्द्र बहादुर राय | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | जय भद्र सिंह | बहुजन समाज पार्टी |
| 2004 | ताहिर खान | बहुजन समाज पार्टी |
| 2009 | संजय सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | वरुण गांधी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | मेनका गांधी | भारतीय जनता पार्टी |



**कुल मतदाता-** 18,34,355

**पुरुष मतदाता-** 9,54,358

**महिला मतदाता-** 8,79,932

# निर्दल प्रत्याशियों पर नोटा पड़ रहा भारी

### 2014 में लोकसभा चुनाव में पहली बार नोटा को किया गया था लागू

### लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनावों में भी दिख रहा असर

### इस लोकसभा चुनाव में भी हो सकता है इजाफा


अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव 2014 में देश में पहली बार नोटा को लागू किया गया था, इसके बाद से चुनाव में वोटिंग के ट्रेंड में बड़ा बदलाव देखने को मिला है, इसके तहत यदि मतदाता को चुनाव में खड़ा कोई भी प्रत्याशी योग्य नहीं समझ में आता है तो वह नोटा बटन दबाकर अपना मत दे सकता है। ऐसे में बात यदि बीते दो चुनाव में नोटा के ट्रेंड की कर लें तो, यूपी की सियासत में नोटा बढ़ता हुआ दिखाई दिया है, देवीपाटन मंडल में भी इसका व्यापक असर है जहां 2014 व 2019 लोकसभा चुनाव में सभी निर्दल उम्मीदवारों से अधिक नोटा पर मतदान हुआ।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में गोंडा, कैसरगंज, बहराइच व श्रावस्ती सीटों के लिए हुए चुनाव में 47926 नोटा के वोटों की गिनती हुई थी। वहीं 2019 में 51883 लोगों ने नोटा के बटन दबाए थे। यानि 2014 के मुकाबले 2019 में नोटा की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में माना जाए तो नोटा की संख्या में इस बार भी इजाफा हो सकता है। हालांकि चुनाव के बाद ही पता चलेगा।



### 2019 के चुनाव में नोटा के आंकड़े




### 2014 में नोटा की स्थिति

| | |
|---|---|
| श्रावस्ती | – 14,587 |
| बहराइच | – 13,498 |
| कैसरगंज | – 11,853 |
| गोंडा | – 7,988 |

### 2013 में ईवीएम में मिला स्थान

पीपुल्स यूनियन आफ सिविल लिबर्टीज(पीयूसीएल) संगठन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। इसमें सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को नागरिकों के अधिकार का हवाला देते हुए यह आदेश पारित किया था कि चुनाव के दौरान यह आप्शन रखा जाए जिसमें किसी प्रत्याशी के पसंद न आने पर लोगों को विकल्प मिल सके। 2013 में सरकार ने ईवीएम में सबसे नीचे एक लाल रंग की बटन की व्यवस्था की जिसका नाम नोटा(नन आफ एवब) यानि इनमें से कोई नहीं का विकल्प दिया गया। इसका असर 2014 के लोकसभा व अन्य विधानसभाओं के चुनाव में खूब दिखा।

### उम्मीदवारों को नोटा से कम मिले वोट

लोकसभा चुनाव 2014 में गोंडा लोकसभा में 14 उम्मीदवार थे। इसमें आठ उम्मीदवारों को नोटा से कम मत प्राप्त हुए थे। 2019 में 15 उम्मीदवार मैदान में थे जिनमें 12 उम्मीदवारों को नोटा से कम मत प्राप्त हुए थे। इसी तरह कैसरगंज सीट से 2014 में 14 प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें 10 उम्मीदवारों को नोटा से कम वोट मिले थे। 2019 में 12 उम्मीदवारों में 9 प्रत्याशियों को नोटा का आधा वोट भी नहीं मिला था। यही हाल बहराइच व श्रावस्ती में था। श्रावस्ती में 2019 में 17 हजार से अधिक नोटा का प्रयोग किया गया था।

### लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट से मुकेश सिंह चौहान कांग्रेस प्रत्याशी

अमृत विचार, लखनऊ। विधानसभा की खाली सीटों पर उप चुनाव के तहत कांग्रेस ने लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट से मुकेश सिंह चौहान प्रत्याशी घोषित किया है।



मुकेश सिंह चौहान नगर निगम के पार्षद व प्रदेश कांग्रेस के महासचिव हैं। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डॉ अलीमुल्लाह खान ने कहा कि एक लोकप्रिय प्रत्याशी घोषित होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ–साथ पूरे विधानसभा में आम लोगों में उत्साह है।

उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में जीत हासिल करेगी। मालूम हो कि भाजपा नेता पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन के निधन के कारण यह सीट खाली हुई थी। भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा की खाली चार सीटों लखनऊ पूर्वी, दुद्धी, ददरौली व गैसड़ी शामिल हैं।

## चुनावी चक्कर

**अखिलेश के पोस्टर के साथ शर्मनाक हरकत :** वाराणसी में एक शख्स ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के पोस्टर के साथ शर्मनाक हरकत की। यहां तक कि अपनी अभद्र भाषा का शिकार वह अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को भी बनाता है। उसने फेसबुक पर लाइव आकर यह हरकत की। घटना का वीडियो वायरल हुआ तो सपा के पदाधिकारियों ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज करायी। आरोपी की पहचान दीपक चौहान उर्फ बड़ेलाल चौहान के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 504 और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

**हे 'राम' आपने भी बोल दिया? :** लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाओं का बाजार भी गरम है। कोई संविधान खत्म करने की बात कर रहा तो कोई बदलाव की। अयोध्या से भाजपा सांसद लल्लू सिंह के बाद अब मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल का भी संविधान में बदलाव करने का एक वीडियो वायरल हुआ है। अरुण गोविल पत्रकारों से कह रहे हैं, जब संविधान बनाया गया था उस समय परिस्थितियां कुछ और थीं, आज की कुछ और हैं। इसके बाद पत्रकारों ने अरुण गोविल से भाजपा के 400 पार वाले नारे पर सवाल किया। इस पर अरुण गोविल बोले– मुझे ये महसूस होता है क्योंकि मोदी जी ऐसे ही कोई बात नहीं कहते हैं, उसके पीछे कोई न कोई अर्थ जरूरत होता है।

# धर्म दर्शन



## मर्यादा और अनुकरणीय गुणों के स्वामी श्रीराम

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम भारतीय जनमानस में बसते हैं। इतिहास का कोई पृष्ठ नहीं जहां श्रीराम का प्रभाव न हो, समाज का कोई वर्ग नहीं, जो राम भक्ति से अछूता हो। यहां पिछले सहस्त्र वर्षों से आज तक जनता यदि किसी आदर्श शासनतंत्र को जानती है तो वो है रामराज्य। राम शक्ति की मर्यादा भी जानते हैं और अपनी शक्ति से दूसरे के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण नहीं करते। इसीलिए राम मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाते हैं। श्रीराम सत्य में धर्म की मूर्ति के समान हैं।

'सत्ये धर्म इवा पर' भगवान श्रीराम को वाल्मीकि ने धर्म का मूर्त रूप कहा है- रामो विग्रहवान् धर्मः। धर्म तो निराकार है, किंतु यदि उसकी मूर्ति की कल्पना की जाए तो श्रीराम के समान वह मूर्ति होगी। इसी बात को यहां कहा गया है। वे सभी शास्त्रों के तत्व को जानने वाले। सर्वशास्त्रार्थ तत्वज्ञ वे श्रीराम सभी उत्कृष्ट गुणों से संपन्न हैं। स च सर्वगुणोपेत वैशेषिक दर्शन में 24 गुण माने गए हैं। सभी का समावेश श्रीराम में है। भगवान श्रीराम का धैर्य हिमालय के समान है, जिस प्रकार हिमालय कभी अपने स्थान से हिलता-डुलता नहीं है, उसी प्रकार भगवान श्रीराम कभी विचलित नहीं होते हैं। भगवान राम विषम परिस्थितियों में भी नीति सम्मत रहे। उन्होंने वेदों और मर्यादा का पालन करते हुए सुखी राज्य की स्थापना की। स्वयं की भावना व सुखों से समझौता कर न्याय और सत्य का साथ दिया। फिर चाहे राज्य त्यागने, बालि का वध करने, रावण का संहार करने या सीता को वन भेजने की बात ही क्यों न हो। भगवान श्रीराम संपूर्ण संसार को अपने वश में करने वाले हैं। भगवान राम का व्यक्तित्व भी अनुपम था। महर्षि वाल्मीकि ने उनके व्यक्तित्व का वर्णन करते हुए लिखा है, 'उनका चेहरा चंद्रमा के समान सौम्य, कांतिवाला, कोमल और सुंदर था। उनकी आंखें बड़ी और कमल के समान थीं। उनकी नाक उन्नत और चेहरे के अनुरूप सुडौल थी। उनके होंठों का रंग उगते हुए सूर्य की तरह रक्ताभ था। वह विद्वान, बुद्धिमान और अच्छे वक्ता थे। संपूर्ण विद्याओं में पारंगत और वेदों के ज्ञाता थे। शस्त्र विद्या में वे अपने पिता से भी आगे थे, उनकी स्मरण शक्ति अद्भुत थी। कोई कितना भी प्रयास कर ले, उन्हें कभी क्रोध नहीं आता था।' ये राम के आदर्श गुण ही हैं, जो सदियों से हमारी संस्कृति के नायक हैं। भगवान श्रीराम की प्रतिज्ञा सत्य होती है। उनकी प्रतिज्ञा है कि "सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते। अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद् व्रतं मम।।" अर्थात् जो कोई एक बार भी मेरी शरण में आ जाता है और याचना करता है कि मैं आपका हूं तो उसे मैं सभी प्राणियों के भय से मुक्ति दिलाता हूं। भगवान की यह प्रतिज्ञा सत्य है, इसलिए उन्हें सत्यसंधः कहा गया है।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

## शीलगुण निधान मर्यादा पुरुषोत्तम

चक्रवर्ती राजा दशरथ के महल (अयोध्या) में धरती का समस्त वैभव विद्यमान था। फिर भी वे मन ही मन निस्संतान होने के दुख में डूबे रहते थे। दंपति की सारी संपदा ढेले के समान है। यदि घर में बच्चों की किलकारी की मिसरी घुली गूंज न हो। थोड़ी कल्पना कीजिए, राजा दशरथ और तीनों माताओं को महल का वह ऐश्वर्य, सुख-भोग-विलास उनके मन से कितना उत्साहित कर पाता होगा।

मर्यादा मानवोत्तम श्रीराम ने पुत्ररूप में जन्म (अवतरण) लेकर इसी इक्ष्वाकु वंशी अयोध्या नरेश दथरथ के राजमहल के सूनेपन को किलकारियों से भर दिया। इस निमित्त के अनेक गूढ़ार्थ को ज्ञानीजन भलीभांति समझते हैं। चौथेपन में पुत्र-प्राप्ति के लिए पुत्रेष्ठि यज्ञ फलीभूत हुआ किया, किंतु श्रीहरि के विशायकाय रूप को देखकर कौशल्या का अचरज से भर जाना स्वाभाविक था। हे प्रभु! वात्सल्य-स्नेह की पूर्णता इसी में है कि आप मेरे गर्भ से जन्म लीजिए। मैं प्रसव पीड़ा के सुख के लिए वर्षों से तरस रही हूं। माता कौशल्या की मनौती पूरी हुई। नवजात शिशु रूप में रामलला चैत्र मास के शुक्ल पक्ष, तिथि नवमी पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न की शुभ मुहूर्त बेला में श्रीराम सहित चारों भाइयों के जन्मते ही कौशल्या के अलावा कैकेयी और सुमित्रा की सूनी गोद भी भर गई। चैत्र नवरात्रि के पवित्र दिवस (नवमी) शक्ति उपासना-आराधना के विराम का भी होता है। यही दिवस प्रभु राम के जन्म का भी है। तीनों लोक सहित अयोध्या, इस जन्मोत्सव पर इस भांति आनंदमग्न हो गई जैसे वहां के प्रत्येक घर में राम पैदा हुए हों। राजा दशरथ ने आदेश दिया कि प्रत्येक पुरवासी के घर को महल जैसा सजा दिया जाए। पथ फूलों से पाट दिए जाए। राजा और रानियों ने तो नेकचार के रूप में हीरे-जवाहरात, माणिक, मोती बांटे। महल में मैय्या कौशल्या सहित दो अन्य माताएं क्रमश: कैकेई से धर्मधुरीण-भरत और सुमित्रा से साक्षात शेषनाग अवतार लक्ष्मण और शत्रुओं का दमन करने वाले सबसे छोटे और सबके दुलारे भैया शत्रुघ्न ने जन्म लिया था। श्रीराम सहित अनुजों के बालपन की अगणित बालसुलभ चेष्टाओं से दशरथ महल का कोना-कोना पुलकित हो गया।



संतोष कुमार तिवारी
शिक्षक, नैनीताल

गुरु वशिष्ठ से दीक्षित श्रीराम कालांतर में आज्ञाकारी, शांत स्वभाव, आजानुबाहु, विशाल वक्ष और धीरोदात्त नायक के समस्त गुणों से संपन्न चर्चा में तब आए, जब यज्ञ-रक्षा हेतु राम और लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ राजा जनक की पुत्री सीता के स्वयंवर (विवाह) में जनकपुर पहुंचे और शिव-पिनाक भंग कर सियावर रामचंद्र कहलाए। वे आजीवन पिता, पुत्र, पति, भाई, सखा व प्रजा सहित समस्त प्राणी मात्र के प्रति समदर्शी, समर्पित व उदारमना महापुरुष के रूप में जाने जाते रहे। जीवन को साक्षी भाव से तटस्थ मुद्रा में देखते हुए कर्तापन और उपलब्धि का श्रेय लेने की दौड़ से वे हमेशा दूर रहे। राम द्वारा शिव धनुष पिनाक के भंग हुआ, तब परशुराम के क्रोध से विचलित हुए बिना हाथ जोड़कर अपना परिचय देते हुए कहा मेरा दो अक्षर का नाम राम है और आप परशुराम। मुझे अपना सेवक मानकर आज्ञा दीजिए।


कैकेई के दो वरदान जिनमें स्वयं के लिए वनगमन का समाचार सुन श्रीराम मुस्काते हुए तैयार हो गए तथा सबसे पहले आशीर्वाद लेने माता कैकेई के ही पास पहुंचे। अपनी इन्हीं अगणित विशिष्टताओं के फलस्वरूप ही तो वे शीलगुण निधान मर्यादा पुरूषोत्तम कहलाते हैं।

यह रामनवमी (17 अप्रैल) कई दृष्टि से विशिष्ट हैं। आज पांच सौ वर्षों के अंतराल पर अयोध्या राजा विक्रमादित्य की अयोध्या नगरी के समान दिव्य-भव्य और नव्यता को प्राप्त हो गई है। राम मंदिर में बालरूप में श्रीराम (रामलला) विराज रहे हैं। उनकी एक झलक पाने के लिए प्रतिदिन देशभर से श्रद्धालु श्रीधाम अयोध्या पहुंच रहे हैं। अपने खोए हुए वैभव को पुन: प्राप्त कर आज अयोध्या नगरी की वीथियां मोगरा सदृश्य फूलों से पटी पड़ी हैं। रामजन्म पर गाए जाने वाले सुमंगल गीत सोहर की अनुगूंज चारो दिशाओं में विद्यमान हैं।

## ब्रह्म का महत्व

ब्रह्म ह देवेभ्यो विजिग्ये। तस्य ह ब्रह्मणो विजये देवा अमहीयन्त।। 'ह' शब्द यहां इतिहास अर्थात् ऐसा कहा जाता है के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। कहते हैं कि ब्रह्म ने देवताओं के लिए देवासुर संग्राम में विजय प्राप्त की। ब्रह्म की इस विजय में देवता गण अपनी विजय मानकर स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करने लगे। देवासुर संग्राम में परब्रह्म पुरुषोत्तम ने देवों पर कृपा करके उन्हें शक्ति प्रदान की थी जिससे देवताओं ने असुरों पर विजय पाई थी। इस विजय में देवता तो निमित्तमात्र थे, परंतु इस ओर देवताओं का ध्यान नहीं गया और वे अभिमान वश यह मानने लगे कि हमने ही अपने बल व पौरुष से असुरों को पराजित किया है।

तद्धैषां विजज्ञौ तेभ्यो ह प्रादुर्बभूव तन्न व्यजानत किमिदं यक्षमिति।। कहते हैं कि वह ब्रह्म देवताओं के इस अभिप्राय को जान गया और उनके सामने यक्ष के रूप में प्रकट हुआ। देवता लोग यह न जान सके कि यह भव्य मूर्ति कौन है? समस्त जीवों के मन एवं इंद्रियों के प्रेरक अंतर्यामी परमब्रह्म ने देवताओं के मिथ्याभिमान को जान लिया। उन्हें आशंका हुई कि कहीं असुरों के समान देवगण भी अपने मिथ्याभिमान के कारण पतन को न प्राप्त हो जाएं। अतः देवताओं पर कृपा करके उनका मिथ्याभिमान दूर करने के लिए अपनी योगमाया से अत्यंत अद्भुत रूप धारण करके वह परब्रह्म उन्हीं देवताओं के समक्ष यक्ष के रूप में प्रकट हुए। देवता यह नहीं जान सके कि यक्ष रूप में प्रकट यह महापुरुष कौन हैं। अग्नि, वायु, इन्द्र आदि देवता चकित हो उसे देखते रहे। जातवेदा अग्निदेव को सबसे अधिक बुद्धिमान जानकर देवताओं ने उन्हें यक्ष के पास भेजा। यक्ष ने अग्निदेव से पूछा, आप कौन हैं? आपकी विशेषता क्या है? अग्निदेव ने कहा कि वे जातवेदा हैं, किसी भी वस्तु को जला सकते हैं। तब यक्ष ने उनके सामने एक तिनका रख दिया और कहा कि इसे जलाओ। अग्निदेव अपनी पूरी ताकत लगाकर उस तिनके को जला न सके और लज्जित होकर वापस चले आए। तत्पश्चात वायुदेव उस यक्ष के पास गए। उनका परिचय पाकर यक्ष ने उसी तिनके को उनके सामने रख दिया और उसे उड़ाने को कहा, लेकिन अपनी पूरी शक्ति लगाने के बावजूद वायुदेव उस तिनके को हिला तक नहीं सके।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

इसके बाद जब इन्द्र स्वयं उस यक्ष के पास गए तो इन्द्र को लज्जाजनक स्थिति से बचाने के लिए वह यक्ष वहीं अदृश्य हो गया। इन्द्र उस यक्ष के बारे में काफी देर तक सोचते रहे। इस बीच वहां एक देवी प्रकट हुईं। उन्होंने अपना परिचय उमा के रूप में दिया और बताया कि सर्वशक्तिमान ब्रह्म ही देवताओं का मिथ्याभिमान दूर करने के लिए यक्ष के रूप में प्रकट हुआ था। इतना कहकर वह देवी वहीं अंतर्ध्यान हो गईं। ब्रह्म का परिचय उसकी शक्ति है। शक्ति के बिना शक्तिमान कैसा? इकारांत 'इ' के बिना शिव शव हो जाता है।

## संपूर्ण जगत की ईश्वरी हैं मां ललिता

त्रिपुरसुंदरी मां ललिता जिसमें सृष्टि का सारा सौंदर्य समाहित है उनकी उपासना में श्रीचक्र की आराधना का विधान है। श्रीचक्र एक ऐसा विज्ञान है, जो बिंदु, त्रिकोण, वलय रेखा और दल के माध्यम से संपूर्ण ब्रह्मांड की सृष्टि, स्थिति और लय के साथ विग्रह और अनुग्रह की विवेचना प्रस्तुत करता है। मानव शरीर एक श्रीचक्र है, जो ब्रह्मांड में है, वही पिंड में है। श्रीचक्र के नौ आवरण मानव शारीर के नवद्वार हैं। मां भक्ति से पूर्ण साधक की गुरु की भांति संरक्षण भी करती है और जीवन को संतापों से मुक्त भी करती है।

मां ललिता की उपासना प्रेम, आनंद एवं सौंदर्य के नैसर्गिक भावों से परिपूर्ण रहती है। आसुरी तत्वों का विनाश मां क्रोध और ज्ञान द्वारा नहीं करती, बल्कि भक्ति की आह्लादिनी शक्ति द्वारा मधुर भाव से परिपूर्ण शुद्ध सात्विक रूप से आसुरी शक्ति को निष्क्रिय कर पराजित करती है। शक्ति संगम तंत्र में उल्लेख है कि "कदाचिदाद्या ललिता पुरुषा कृष्ण विग्रहा" अर्थात् किसी समय श्रीमां ललिता ने ही कृष्ण रूपी पुरुष का रूप धारण किया था। "ममैव पौरुषं रूपं गोपिका जन मोहनं" अर्थात् गोपियों के हृदय को मोहित करने वाला कृष्ण ललिता का ही रूप है। श्रीविद्या की साधना गोपी भाव से ही करना चाहिए।

श्रीमां ललिता त्रिपुरसुंदरी सुंदरतम मूल्यों की देवी हैं। शोभा, विलास, मधुरता, गंभीरता, स्थिरता, तेज, सौंदर्य और उदारता का गुण प्रदान करती हैं। तंत्र चूड़ामणि में कहा गया है कि बावन शक्तिपीठों में, प्रयाग भी एक प्रमुख शक्तिपीठ है, जहां सती की हस्तांगुल गिरी थी, "अन्गुल्यश्चैव हस्तस्य प्रयागे ललिता भव्"। संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी के अनुसार सती की हस्तांगुल यमुना तट पर गिरी जिससे महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती के समन्वित स्वरूप में राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मां ललिता का प्रादुर्भाव हुआ। शक्तिपीठ का प्रमुख केंद्र कालिंदी तट मीरपुर में स्थित है।

वस्तुतः प्रयाग शाक्तक्षेत्र भी रहा है। प्रयागे तू ललिता के त्रिकोण में मां ललिता का एक बिंदु मीरापुर है। दूसरा बिंदु कल्याणी देवी हैं तो तीसरे बिंदु पर मां अलोप्शंकरी के रूप में विराजमान है। प्रयाग क्षेत्र में मां ललिता ही शांतादेवी के रूप में श्रृंगवेरपुर में विराजमान है तो ऐन्द्रीदेवी के रूप में सैदाबाद के समीप दुर्वासा ऋषि के आश्रम के समीप प्रतिष्ठित हैं। मां ललिता इमलियन देवी के रूप में यमुना के किनारे वास करती हैं तो खेमामाई के रूप में नगर में तथा मांडवी देवी के रूप में मांडा में निवास करती हैं।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

मां ललिता ही संपूर्ण जगत की ईश्वरी हैं, विश्व ऊर्जा के रूप में विचरण करने वाली, संपूर्ण प्राणियों के के शरीर में जीव रूप में निवास करती हैं। ब्रह्मांड के शिरोभाग पर स्थित द्युलोक का जन्म मां ललिता से ही हुआ है। मां ललिता से ही प्रकृति पुरुषात्मक सद्रूप और असद्रूप जगत उत्पन्न हुआ। नमो देव्यै महा देव्यै शिवाय सततं/नमः नमः प्रक्रत्यै नियतः प्रणताः स्मताम।

# प्रदेश

## नमक मोदी की मेहरबानी नहीं आपके टैक्स का पैसा : मायावती

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को आयोजित जनसभा में कहा कि देश में कुछ समय से अति गरीब परिवारों को अस्थायी तौर पर फ्री में जो थोड़ी सी खाद्य सामग्री दी जा रही है। उससे भला होने वाला नहीं है। ये भी पता चला है कि चुनाव के दौरान भाजपा, आरएसएस के लोग गांव-गांव जाते हैं। अपना थैला लटकाते हैं और कहते हैं कि मोदी ने आपको खाद्य सामग्री दी है, दाल दी है, चावल दिया है, और उसके साथ नमक भी दिया है।

आपको मोदी का नमक जरूर हलाल करना है। ध्यान रखना ये नमक मोदी का नहीं, बल्कि आपके टैक्स के पैसे का है। इसमें मोदी की मेहरबानी नहीं है। ये आपका अपना टैक्स का पैसा है, गुमराह मत होना। देश की जटिल समस्या का समाधान राशन से नहीं हर हाथ को काम देने से होगा। हमारी सरकार इसका विशेष ध्यान देगी।




मंच से जनसभा में आए लोगों का अभिवादन करतीं बसपा सुप्रीमो मायावती।

**बसपा सुप्रीमो ने की मुस्लिम, दलित और पिछड़े मतदाताओं को साधने की कोशिश**

पीलीभीत के बीसलपुर में आयोजित चुनावी जनसभा के दौरान बसपा अध्यक्ष मायावती ने वर्तमान भाजपा और पूर्व की कांग्रेस की सरकारों पर जमकर सियासी वार किए। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस, भाजपा व अन्य किसी भी विरोधी पार्टी के साथ मिलकर नहीं, बल्कि अकेले अपने बलबूते पर पूरी दमदारी से चुनाव लड़ रही है। टिकट बंटवारे को लेकर भी सर्वसमाज को उचित भागीदारी दी है। कहा कि भाजपा व इनके सहयोगी दल केंद्र व कई राज्यों की सत्ता में काबिज हो गए हैं। मगर अब भाजपा की भी जातिवादी, पूंजीवादी, सांप्रदायिक व द्वेषपूर्ण नीतियों और कथनी -करनी के अंतर से ऐसा लगता है कि केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस होने वाली नहीं है। बशर्ते यदि ये चुनाव फ्री एंड फेयर हो, या फिर आम चर्चा के मुताबिक वोटिंग मशीनों में कोई गड़बड़ी आदि न की जाए। भाजपा ने अच्छे दिन के वादे किए और कागजी गारंटी भी दी है। उनका जमीनी हकीकत में अभी तक लगभग एक चौथाई काम भी पूरा नहीं किया है।

## आजम परिवार की ओर से सिब्बल ने कोर्ट में रखा पक्ष

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में अगली सुनवाई अब 22 को**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सपा नेता आज़म खान और उनके परिवार को फिलहाल कोई राहत ना देते हुए मामले की सुनवाई आगामी 22 अप्रैल को सुनिश्चित कर दी है। जेल में बंद सपा नेता आज़म खान के बेटे मोहम्मद अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष हुई। सोमवार को हुई सुनवाई में आजम खान के परिवार का पक्ष रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल हाईकोर्ट में प्रस्तुत हुए।

उन्होंने अपनी बहस पूरी कर ली है और अगली सुनवाई पर सरकार अपना पक्ष रखेगी। रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने दो जन्मतिथि प्रमाण पत्र मामले में आजम खान, उनकी पत्नी और बेटे को सात साल की सजा सुनाई थी, जिसे चुनौती देते हुए वर्तमान याचिका दाखिल की गई है। दरअसल रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में रामपुर के गंज थाने में सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाण पत्र होने का मामला दर्ज कराया था। मामले में पिता आजम खान और मां डॉ तंजीन फातिमा को भी आरोपी बनाया गया है। मालूम हो कि इससे पूर्व वर्ष 2017 में भी बसपा उम्मीदवार नवाब काजिम अली खान ने अब्दुल्ला आजम के स्कूल और बर्थ सर्टिफिकेट में दो अलग-अलग जन्मतिथि को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर उनकी सदस्यता रद करने की मांग की थी, जिस पर सुनवाई करने के बाद कोर्ट ने अब्दुल्ला की सदस्यता को रद करने का आदेश दिया था। इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी हालांकि वहां से अब्दुल्ला को कोई राहत नहीं मिली।

## वर्ग पहेली-41

**बाएं से दाएं**

1.1. उत्सव या समारोह के लिए निकलने वाली यात्रा, जनयात्रा, (रैली) 2. लोगों का वह विशाल समूह जो विरोध या उल्लास प्रदर्शित करने के लिए निकलता हो 3. किसी अवसर पर धूमधाम की सवारी 4. किसी मंत्री या राजनेता की शोभायात्रा या नगर-भ्रमण।

3.1. पीड़ा न देना, उत्पीड़ित न करना 2. दया, अनुकंपा।

4. कर्मचारी को किसी अतिरिक्त कार्य के लिए वेतन के अलावा दी जाने वाली रकम

5.1. गाय 2. बैल 2. वृष राशि 3. गाय की शक्ल का शराब का प्याला।

6.1. अच्छा व्यवहार या चालचलन, सादगीपूर्ण बरताव 2. सात्विक व्यवहार, सदाचार 3. उत्तम व्यवहार, सद्व्यवहार।

**ऊपर से नीचे**

1. छालों से संबंधित

2.1. धातु के बरतनों के टकराने से होने वाला शब्द 2. बच्चे के रुक-रुक कर रोने का शब्द 3. बच्चे का मचलना।

3.1. किसी कार्य की विशेष विधि समझाना, शिक्षा 2. निर्देश, हिदायत 3. संकेत।

4.1. केवल आभास के रूप में होने वाला मिथ्या ज्ञान 2. प्रतीति 3. चमक 4. झलक 5. दिखाई देना।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | ■ | 3 | | | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| ■ | 4 | | | | ■ | |
| 5 | | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 6 | | | | | ■ |

### वर्ग पहेली -40 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 रु | णि | त | ■ | ■ | 2 अ | ■ |
| ख़ | ■ | ■ | 3 सं | ■ | भि | ■ |
| 4 स | खा | ■ | चा | ■ | भा | ■ |
| त | ■ | 5 प | रि | जी | वि | त |
| ■ | 6 गि | रि | का | ■ | त | ■ |
| ■ | ■ | क | ■ | ■ | ■ | 7 बा |
| ■ | 8 धी | र | शां | त | ■ | पू |

## सुडोकू -120

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | 8 | | 3 | | | | 5 | 7 |
| | | 9 | | 7 | | 6 | | |
| 6 | | | | 1 | 5 | | 7 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 9 | | 2 | 3 | | | | 4 |
| | | 7 | | | | 8 | | 3 |
| 3 | 6 | | | | 8 | | 2 | |
| | | 1 | | | | 4 | | |


### सुडोकू -119 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 | 5 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 4 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 5 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 1 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 |
| 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 2 |
| 2 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 3 | 1 | 6 | 7 | 2 | 9 | 5 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 13.23 तक तत्पश्चात नवमी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 17 अप्रैल 05.16 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** आज पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। मित्रों की छोटी-मोटी बातों को तूल न दें। जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। आप अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं।

**वृष** आज दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं।

**मिथुन** आज मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार के कार्यों में मन लगाएं। आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहेगी। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है।

**कर्क** आज आपको फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहना चाहिए। उच्च स्तरीय शोध कार्यों में आप जुड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी बात पर झगड़ा हो सकता है। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है।

**सिंह** आज समाज में अपयश जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**कन्या** आज भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में दिन बहुत शुभ है। आप शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी।

**तुला** आज आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में अच्छे, नए और उत्तम विकल्प मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** आज विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। संपत्ति से जुड़े मामलों में लापरवाही न करें। आपको परिजनों को लेकर काफी चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सुझाव लेकर काम करना हितकारी होगा।

**धनु** आज जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। बुरी संगति से दूर रहें। किसी को कर्ज या उधार बिल्कुल भी न दें। जीवनसाथी आपसे कुछ शिकायत कर सकता है। बीमा संबंधित कारोबार से लाभ मिलेगा।

**मकर** आज परिवार का खर्च बढ़ सकता है। घर की मरम्मत आदि की योजना बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन थोड़ा तनावपूर्ण हो सकता है। आपके सभी काम शांतिपूर्वक पूर्ण होंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे।

**कुंभ** आज भावनाओं में आकर ज्यादा खर्च न करें। उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। नए प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं। आपके टीमवर्क की प्रशंसा होगी। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। शाम को परिवार के साथ कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।

**मीन** आज अत्यधिक आदर्शवादी होने से आपको बचना चाहिए। आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। व्यापार को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
पृथ्वी
सुबह : 08.35
राम बलराम
दोपहर : 01.05

SONY PIX
ग्रैन टूरिस्मो
सुबह : 11.00
वंडर वुमन
रात : 08.29

SONY MAX
थानेदार
सुबह : 11.00
चेक
शाम : 06.00

ZEE CINEMA
हमेशा
सुबह : 10.20
ऐतराज
रात : 07.20

colors CINEPLEX
दुनिया
सुबह : 11.18
बद्रीनाथ की दुल्हनियां
रात : 08.55

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07.20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

# हैट्रिक मारेगी भाजपा या बैंड बजा देंगे निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी

छात्र राजनीति से आए भाटी की सभाओं में उमड़ने वाली भीड़ कर रही बहुत कुछ इशारा

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** बाड़मेर के रण में इस बार मुकाबला काफी दिलचस्प है। हैट्रिक लगाने की तैयारी में जुटी भाजपा की राह में रोड़ा बन गए हैं, निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी। कभी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मजबूत कार्यकर्ता रहे भाटी के बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंकने से मुकाबला काफी रोचक हो गया है। भाटी और भाजपा की लड़ाई में कांग्रेस खुद को सुरक्षित महसूस कर रही है, उसके रणनीतिकारों को लगता है कि 2014 में मिले हार के जख्म को इस बार वह आसानी से भर लेगी। हालांकि ऊंट किस करवट बैठेगा यह कह पाना तो किसी जानकार के लिए भी बहुत आसान नहीं है, लेकिन जिस तरह भाटी के साथ मतदाताओं का हुजूम उमड़ रहा है, उसने बड़े- बड़ों के माथे पर बल जरूर ला दिया है। वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस क्षेत्र में जनसभा कर माहौल भाजपा के पक्ष में करने की कोशिश की है पर इसमें उन्हें कितनी कामयाबी मिली यह परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा।

## भाजपा के लिए नाक का सवाल बनी बाड़मेर सीट

- राजस्थान की सत्ता पर हाल ही में काबिज हुई भाजपा के लिए बाड़मेर–जैसलमेर लोकसभा सीट नाक का सवाल बन गई है। इसी जिले की शेओ विधानसभा सीट से रवींद्र सिंह भाटी निर्दलीय विधायक हैं। उन्होंने यहां से भाजपा के उम्मीदवार को हरा दिया था। भाटी की चुनौती से निपटने के लिए भाजपा ने प्रधानमंत्री की रैली कराने के साथ ही जल्द ही अन्य बड़े नेताओं की सभा कराने की तैयारी शुरू कर दी है। इन परिस्थितियों में कांग्रेस के नेता इस रोचक होते जा रहे मुकाबले में मैदान मारने की जुगत लगा रहे हैं।
- भाटी को उम्मीद थी कि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधायक बनने के बाद भाजपा उन्हें लोकसभा का टिकट दे देगी पर पार्टी ने यहां से केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी को पुन: मैदान में उतार दिया है तो कांग्रेस ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से आए उम्मेदा राम बेनीवाल को अपना चेहरा बनाया है। भाजपा के स्थानीय नेताओं ने भाटी को मनाने की काफी कोशिश की पर वे सफल नहीं हुए। भाजपा के वोट बैंक में सेंधमारी कर भाटी लगातार मजबूत हो रहे हैं, पार्टी इसी बात से चिंतित है।



बाड़मेर जैसलमेर क्षेत्र

### कांग्रेस नेता सचिन पायलट से लोग कर रहे तुलना

राजपूत समुदाय से आने वाले 26 वर्षीय भाटी छात्र राजनीति से निकले हैं। उनकी चुनावी रैलियों में खासकर बाड़मेर क्षेत्र में भारी भीड़ जुटती है और उनका हौसला बढ़ाती है। युवाओ, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच उनकी बढ़ती लोकप्रियता का जिक्र करते हुए लोग उनकी तुलना सचिन पायलट से करते नजर आते हैं। उधर, रविंदर भाटी का कहना है कि " मुझे भरोसा है, सभी पिता समान लोग, मातृ शक्ति और युवा साथी और 36 समुदायों के लोग जो आ रहे हैं, उनके समर्थन से रविंदर आगे आएगा और एक नेता की तरह नहीं, बल्कि एक बेटे की तरह क्षेत्र के लिए काम करेगा।"

### मानवेंद्र सिंह की घर वापसी से भाजपा को मिली राहत

भाजपा के दिग्गज नेता रहे पूर्व विदेश मंत्री स्व .जसवंत सिंह के पुत्र मानवेंद्र सिंह की भाजपा में वापसी हो गई है। मानवेंद्र सिंह भाजपा नेतृत्व से नाराज होकर अक्टूबर 2018 में कांग्रेस में चले गए थे। उनकी वापसी से भाजपा को राहत मिली है क्योंकि रवींद्र सिंह भाटी के निर्दलीय मैदान में आने से भाजपा को यहां नुकसान होता दिख रहा था। पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की घर वापसी से पार्टी को बड़ी राहत मिली है। पिता जसवंत सिंह को लोकसभा टिकट न मिलने के बाद मानवेंद्र सिंह ने भाजपा को अलविदा कहा था।

### 6.5 लाख ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में



बाड़मेर–जैसलमेर लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार कैलाश चौधरी जाट समुदाय से हैं तो रवींद्र सिंह भाटी राजपूत हैं। कांग्रेस उम्मीदवार उम्मेदाराम बेनीवाल भी जाट हैं। यहां अगर जातिगत आधार पर मतदाताओं की स्थिति देखें तो ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। यहां पर सबसे ज्यादा 4 .5 लाख जाट मतदाता हैं तो राजपूतों की संख्या भी करीब सवा तीन लाख है। मुस्लिम मतदाता 2 .7 लाख और ओबीसी मतदाताओं की संख्या 6 .5 लाख है। एससी– एसटी मतदाताओं की बात करें तो उनकी संख्या चार लाख के आसपास है।

---

**तालों के लिए मशहूर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कारण देश-दुनिया में जाना जाता है। मुस्लिम बहुल अलीगढ़ लोकसभा सीट पर बीते दो चुनावों से भाजपा जीत रही है। इस बार उसकी नजर जीत की हैट्रिक पर है, लेकिन पार्टी के मौजूदा ब्राह्मण सांसद के सामने बसपा के भी ब्राह्मण चेहरा उतारने और सपा-कांग्रेस गठबंधन से जाट प्रत्याशी होने से लड़ाई दो ब्राह्मण और एक जाट प्रत्याशी के बीच सिमटकर रोचक हो गई है। ऐसे में सपा कभी लहर तो कभी ध्रुवीकरण की चाबी से यहां खुलने वाला जीत का ताला खोलने की कोशिश में जुटी है।**

# अलीगढ़ का ताला खोलने का तिलिस्म तलाश रही सपा

- भाजपा की जीत की हैट्रिक से रोकने के लिए बसपा ने भी ब्राह्मण प्रत्याशी मैदान में उतारा
- समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस छोड़कर आए जाट बिरादरी के पूर्व सांसद पर खेला दांव

**1991**

1996, 1998 और 1999 में भाजपा की शीला गौतम ने लगाया था जीत का चौका

**मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र लेकिन बीते 67 साल से कोई मुस्लिम प्रत्याशी यहां नहीं जीता इस बार के चुनाव में किसी भी प्रमुख दल ने मुस्लिम चेहरे को मैदान में नहीं उतारा**



**02**

ब्राह्मण प्रत्याशियों की जंग में जाट उम्मीदवार दिखा पाएगा कमाल, बड़ा सवाल



मनोज त्रिपाठी


**अमृत विचार:** 1952 और 1957 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां बड़ी जीत दर्ज की थी। लेकिन इसके बाद हर चुनाव में इस लोकसभा सीट पर गैर कांग्रेसी दलों का ही परचम लहराता रहा। 1967 और 1971 में भारतीय क्रांति दल तो 1977 और 1980 में जनता दल ने चुनावी जीत हासिल की। हालांकि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां वापसी की। लेकिन 1989 के चुनाव में जनता दल के सत्यपाल मलिक ने कांग्रेस को हरा दिया। इसके बाद राम मंदिर आंदोलन आगे बढ़ा तो अलीगढ़ की राजनीति भारतीय जनता पार्टी की तरफ मुड़ गई। वर्ष 1991, 1996, 1998 और 1999 के चुनाव में भाजपा की शीला गौतम ने लगातार जीत दर्ज करके यहां कमल खिलाए रखा। 2004 के चुनाव में कांग्रेस को आखिरी बार अलीगढ़ सीट से जीत मिली थी। 2009 के चुनाव में बसपा की राजकुमारी चौहान को जीत मिली। लेकिन 2014 की मोदी लहर में जीतने वाली भाजपा ने अपनी जीत की लय को 2019 में बरकरार रखा है।

### 2019 का जनादेश

| दल | प्रत्याशी | मत मिले | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | सतीश कुमार गौतम | 6,56,215 | 56 .80 |
| बसपा | डॉ . अजीत बलियान | 4,26,954 | 37 .10 |
| कांग्रेस | विजेंद्र सिंह | 50,880 | 04 .50 |

### 2022 विधान सभा चुनाव में प्रमुख दलों का मत प्रतिशत

| भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|
| 51.65% | 23.90% | 15.10% | 1.95% |




### बसपा के खाते में एक जीत पर सपा पहली जीत को तरस रही

अलीगढ़ लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी अभी तक पहली चुनावी जीत के लिए तरस रही है। इस सीट से लगातार प्रत्याशी उतारने के बावजूद वह आज तक अलीगढ़ की राजनीति का बंद ताला नहीं खोल पाई है। बहुजन समाज पार्टी को भी इस सीट पर केवल एक बार 2009 में ही जीत नसीब हुई है।

### विकास और ट्रैफिक जाम स्थानीय मुद्दे

### 1957 के बाद कोई मुस्लिम प्रत्याशी इस मुस्लिम बाहुल्य सीट से नहीं जीत पाया

- मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद अलीगढ़ लोकसभा सीट से 1957 के बाद किसी मुस्लिम उम्मीदवार को जीत नहीं मिल सकी है। 1957 में अलीगढ़ से मुस्लिम सांसद बनने वाले जमाल ख्वाजा एकमात्र नेता थे। इस बार के लोकसभा चुनाव में तो किसी भी प्रमुख दल ने किसी मुस्लिम प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा है। यहां तक कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) का नारा लगाकर चुनावी सफलता की उम्मीद लगाने वाली समाजवादी पार्टी ने भी यहां अल्पसंख्यक प्रत्याशी नहीं दिया है। भाजपा और बसपा के साथ उसने भी हिंदू चेहरे पर ही दांव लगाया है।

**लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा ने जमाया था कब्जा :** अलीगढ़ लोकसभा क्षेत्र के तहत कुल पांच विधानसभा सीटें खैर, बरौली, अतरौली, कोल और अलीगढ़ आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांच सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया था।

**कल्याण सिंह के बिना पहला चुनाव बन सकते नए राजनीतिक समीकरण :** अलीगढ़ की राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह 'बाबूजी' का प्रभाव गहरे तक है। उनके बिना यह पहला लोकसभा चुनाव है। भाजपा उनके प्रभाव से खुद को मजबूत मान रही है। लेकिन विरोधी दल कल्याण सिंह के नहीं होने पर नए समीकरण गढ़कर लोकसभा सीट पर खासतौर पर लोध मतदाताओं के बीच तस्वीर बदलना चाहते हैं।

**20 लाख**

मतदाताओं में मुस्लिम, जाट, जाटव, ठाकुर व ब्राह्मण मत सर्वाधिक

अलीगढ़ में मतदाताओं की संख्या करीब 20 लाख है। जातीय समीकरणों के लिहाज से यहां 3 .50 लाख मुस्लिम मतदाता हैं। करीब 2 .5 लाख जाट मतदाता, 2 लाख जाटव, 2 लाख के आसपास ठाकुर मतदाता, 1 .5 लाख ब्राह्मण और एक–एक लाख की संख्या में बघेल, वैश्य, लोध, यादव मतदाता हैं।

## प्रत्याशियों का प्रोफाइल

### चौधरी विजेंद्र सिंह : समाजवादी पार्टी प्रत्याशी

विजेंद्र सिंह कांग्रेस से एक बार सांसद और तीन बार विधायक रह चुके हैं। जाट नेता विजेंद्र सिंह ने वर्ष 2020 में कांग्रेस का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। तभी से वह लोकसभा चुनाव का टिकट पाने की कोशिश में लगे थे। चौधरी विजेंद्र सिंह ने वर्ष 2004 में कांग्रेस के टिकट पर अलीगढ़ से लोकसभा चुनाव जीता था। लेकिन इसके बाद वह लोकसभा के लगातार तीन 2009, 2014 और 2019 में चुनाव हार चुके हैं। 2014 व 2019 के चुनाव में उनकी जमानत भी नहीं बची थी। माना जा रहा है कि विजेंद्र सिंह के जरिए सपा ने जाट लैंड पर निशाना साधा है।



### सतीश गौतम : सांसद भाजपा के प्रत्याशी

अलीगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद सतीश गौतम लगातार दो चुनाव जीत चुके हैं। हालांकि उनका कई विवादों से नाता रहा है। इसके चलते भाजपा से टिकट की दौड़ में पूर्व सांसद शीला गौतम की पुत्र वधू नमिता गौतम, पूर्व उर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, विधायक जयवीर सिंह और अनिल पाराशर शामिल थे। लेकिन गौतम ने सभी को पछाड़ कर हाईकमान का भरोसा जीतने में सफलता पाई। इससे पहले सतीश गौतम का नाम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में प्रमुखता से लिया जा रहा था।




### हितेंद्र उपाध्याय बंटी : बसपा से प्रत्याशी

बहुजन समाज पार्टी ने अलीगढ़ से पहले एआईएमआईएम के नेता गुफरान नूर का टिकट घोषित किया था। लेकिन उन्हें हार्ट अटैक आने और अस्पताल में भर्ती होने के बाद पार्टी ने टिकट काटकर भाजपा में सक्रिय रहे हितेंद्र उपाध्याय बंटी को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी का यह फैसला चौंकाने वाला माना जा रहा है। रीयल स्टेट कारोबारी बंटी लंबे समय से ब्राह्मण समाज की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव में भी अलीगढ़ से भाजपा से टिकट की दावेदारी की थी।



### तीनों प्रत्याशियों को साधना पड़ रहा संगठन और जातीय आधार

पहले बसपा ने अलीगढ़ लोकसभा सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी उतारा था। लेकिन बाद में उसका टिकट काटकर रीयल एस्टेट के कारोबारी और भाजपा से आए ब्राह्मण चेहरे हितेंद्र उपाध्याय पर दांव लगा दिया। इससे अलीगढ़ में इस बार चुनाव के सियासी समीकरण बदल गए हैं। बदली परिस्थितयों में जानकार भाजपा के ब्राह्मण प्रत्याशी और मौजूदा सांसद सतीश गौतम की राह आसान नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि टिकट की जंग में तो गौतम जीत गए हैं, मगर असली चुनौती अब सभी को साथ लेकर चुनाव लड़ने की है, तभी उन्हें बड़ी जीत मिल पाएगी। हालांकि कुछ ऐसा ही हाल समाजवादी पार्टी के भीतर भी है। कांग्रेस से आए चौ. बिजेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाने का फैसला कुछ सपा नेता पचा नहीं पा रहे हैं। उधर, बसपा के पास अपना कैडर वोट है। लेकिन नामांकन से पहले आए ब्राह्मण प्रत्याशी को दलित मतदाताओं के सामने अपनी पहचान बनाने और ब्राह्मण समाज के वोट बांटने का हुनर दिखाना है।


**चप्पल मिला चुनाव निशान :** अलीगढ़ में एक निर्दलीय प्रत्याशी पंडित केशव देव लोगों के कौतुहल का विषय बने हैं। वह चप्पलों की माला पहनकर सुबह चुनाव प्रचार के लिए निकल पड़ते हैं। इसकी वजय यह है कि उन्हें चुनाव आयोग से चप्पल चुनाव चिह्न आवंटित हुआ है।

---

# अमेठी और रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा 26 के बाद

नई दिल्ली, ब्यूरो

- वायनाड में 26 को मतदान, इससे पहले राहुल गांधी को प्रत्याशी घोषित करने पर दक्षिण भारत में जा सकता है गलत संदेश



**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में कुछ सीटों को लेकर कांग्रेस एवं भाजपा काफी असमंजस में हैं। रायबरेली व अमेठी संसदीय क्षेत्र से किसे मैदान में उतारा जाए, इस सवाल का जवाब खोजना कांग्रेस के लिए काफी भारी पड़ रहा है। कांग्रेस हाईकमान ने 26 अप्रैल के बाद दोनों सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल करने के संकेत दिए हैं। करनैल गंज सीट पर भाजपा की भी कुछ ऐसी ही स्थिति है।

2019 के चुनाव में राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हार गए थे। अब कांग्रेस इसे भाजपा का दुर्ग समझ कर देख रही है, जबकि स्थानीय जनता का दबाव है कि रायबरेली एवं अमेठी सीट से गांधी परिवार के ही किसी सदस्य को मैदान में उतारा जाए क्योंकि दोनों सीटों पर लंबे समय तक कांग्रेस का ही कब्जा रहा है। हालांकि इस बार अमेठी और रायबरेली की सभी विधानसभा सीटों में एक भी कांग्रेस के पास नहीं है।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक रायबरेली एवं अमेठी संसदीय क्षेत्र से राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के साथ रॉबर्ट वाड्रा का नाम भी संभावित प्रत्याशियों में चल रहा है। इंडिया गठबंधन के नेताओं का तर्क है कि यदि गांधी परिवार से इन दोनों सीटों पर उम्मीदवार आएंगे तो पूरे प्रदेश में संदेश जाएगा, अन्यथा कांग्रेस के परंपरागत मतदाता हताश हो सकते हैं। इन स्थितियों को देखते हुए कांग्रेस ने अब दोनों सीटों पर 26 अप्रैल के बाद उम्मीदवार घोषित करने की डेडलाइन तय कर दी है। दरअसल, 26 अप्रैल को वायनाड संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। यदि 26 से पहले राहुल को उत्तर प्रदेश से भी चुनाव लड़ने की बात तय की जाएगी तो इसका विपरीत असर न सिर्फ केरल बल्कि पूरे दक्षिण भारत में पार्टी की संभावनाओं पर पड़ सकता है।

उधर, भाजपा करनैलगंज सीट पर फंसी है। यहां से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का महिला खिलाड़ियों ने काफी विरोध किया था। लेकिन एक जातीय संगठन भाजपा हाईकमान पर दबाव बना रहा है कि बृजभूषण या उनके परिवार को ही टिकट दिया जाए।

## रोज 100 करोड़ की नकदी व शराब की जा रही बरामद

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** चुनाव संहिता लागू होने के बाद रोज औसतन 100 करोड़ से ज्यादा की नकदी व शराब बरामद की जा रही हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात व्यय पर्यवेक्षकों की सतर्कता से अब तक 4658 करोड़ से ज्यादा की नकदी और शराब पकड़ी जा चुकी है। इनमें वे राज्य भी शामिल हैं, जहां पूर्ण शराबबंदी है। इस बरामदगी ने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। गुजरात, बिहार, मिजोरम एवं नागालैंड जहां शराब प्रतिबंधित है, वहां भी शराब पकड़ी गई है। हालांकि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में कम शराब बरामद हुई है। सर्वाधिक शराब कर्नाटक में एक करोड़ 30 लाख लीटर बरामद हुई है। इसके बाद राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, बंगाल, मध्य प्रदेश, असम का नंबर है। इस बार आयोग ने राज्य सरकार एवं नागरिकों की मदद से ऐसी तकनीक विकसित की है जिसके तहत काला धन के साथ-साथ शराब, ड्रग्स एवं लुभावने उपहार बरामद हो रहे हैं।

## दिग्विजय, कमलनाथ क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पा रहे

भोपाल

- भाजपा की कड़ी चुनौती के सामने दिग्गज कांग्रेसियों को बहाना पड़ रहा अपनी सीटों पर पसीना

**अमृत विचार :** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए अपने वरिष्ठ नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें राजगढ़ से दिग्विजय सिंह, छिंदवाड़ा में कमल नाथ के पुत्र नकुल नाथ और रतलाम से कांतिलाल भूरिया हैं। लेकिन भाजपा की चुनौती से निपटने में हालत यह है कि तीनों नेता अपने निर्वाचन क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

कांग्रेस ने अपने दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को राजगढ़ से चुनाव मैदान में उतारा है। वह 33 साल बाद राजगढ़ से चुनाव लड़ रहे हैं। पूरे क्षेत्र में उन्होंने पदयात्रा की है। लेकिन राजगढ़ से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। राजगढ़ से भाजपा ने मौजूदा सांसद रोडमल सिंह नागर को टिकट दिया है। इसी तरह कमल नाथ छिंदवाड़ा में उलझे हैं। कांग्रेस ने उनके पुत्र नकुल नाथ को दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। कमल नाथ बेटे के चुनाव प्रचार की कमान संभाले हैं और क्षेत्र से बाहर ही नहीं निकले हैं। छिंदवाड़ा सीट पर पिछले 45 साल से कमलनाथ का कब्जा है। प्रदेश में यही एकमात्र सीट है जो भाजपा नहीं जीत पा रही है। इस बार भाजपा ने यहां से बंटी साहू को टिकट दिया है। चुनाव से पहले ही कई दिग्गज कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं, जो कमलनाथ की परेशानी और बढ़ा रहे हैं।

कुछ ऐसी ही स्थिति कांतिलाल भूरिया की है। वह भी रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट पर उलझे हैं। भाजपा ने यहां मौजूदा सांसद गुमान सिंह डामोर का टिकट काटकर प्रदेश में कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनीता चौहान को टिकट दिया है, जो भूरिया को कड़ी टक्कर देती नजर आ रही हैं।



**हम हाथ के साथ** कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी वायनाड लोकसभा सीट से दूसरी बार मैदान में हैं। चुनाव प्रचार के लिए वह नीलगिरी कॉलेज पहुंचे तो छात्राओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया।

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 06 | 284 |
| संजू सैमसन (राजस्थान) | 06 | 264 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 06 | 11 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 06 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 05 | 10 |

## खेल डायरी

### माइकोलास ने चक्का फेंक में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया

**रेमोना (अमेरिका)।** लिथुआनिया के माइकोलास एलेकना ने ओकलाहोमा थ्रो सीरीज प्रतियोगिता में चक्का फेंक में 1986 में बना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इक्कीस साल के माइकोलास ने रविवार को चक्के को 243 फीट 11 इंच (74 .35 मीटर) की दूरी तक फेंका और छह जून 1986 को बनाए जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट के 243 फीट (74 .08 मीटर) के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। माइकोलास के थ्रो को शुरू में 244 फीट एक इंच (74 .41 मीटर) मापा गया था, लेकिन विश्व एथलेटिक्स के अनुसार बाद में इसे संशोधित किया गया।

### जेहान ने फार्मूला ई में पहला अंक जुटाया

**मिसानो (इटली)।** भारत के जेहान दारूवाला ने पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज फार्मूला ई में अपने पहले सत्र में खराब शुरुआत के बाद पहले अंक जुटाए। फार्मूला टू में चार सत्र बिताने के बाद फार्मूला ई से जुड़ने वाले जेहान ने मासेराती एमएसजी रेसिंग की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हुए रविवार को यहां मिसानो ई-प्री की दूसरी रेस में नौवें स्थान पर रहते हुए दो अंक हासिल किए। उन्होंने रेस की शुरुआत 21वें स्थान से की थी। फिया विश्व चैंपियनशिप का दर्जा रखने वाली इस सीरीज में इससे पहले जेहान की शुरुआत खराब रही थी। अब तक उन्होंने जिन रेस में हिस्सा लिया, उनमें से दो को पूरा नहीं कर पाए।

### बैंगनी रंग का होगा ओलंपिक का एथलेटिक ट्रैक

**पेरिस।** एथलीट इस साल पेरिस ओलंपिक खेलों में जब नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे तो दर्शकों को बैंगनी रंग का एथलेटिक ट्रैक देखने को मिलेगा। पारंपरिक ईंट जैसे लाल रंग से हटकर पहली बार ओलंपिक ट्रैक इस बार बैंगनी रंग का होगा। 'वल्केनाइज्ड रबर ट्रैक' (रासायनिक प्रक्रिया से तैयार होने वाला बेहतर कृत्रिम रबर) के टुकड़ों का उत्पादन उत्तरी इटली की एक फैक्ट्री में किया गया है और कर्मचारी उन्हें ट्रैक स्पर्धाओं की मेजबानी करने वाले राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डी फ्रांस' में बिछा रहे हैं।

### विदित गुजराती ने फिर नाकामूरा को हराया

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने पिछले मैच में शिकस्त के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के दूसरे वरीय हिकारू नाकामूरा को हरा दिया। डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि किसी अन्य बाजी का भी नतीजा नहीं निकला। रूस के इयान नेपोमनियाची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के साथ अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव ने अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका। साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में अब पांच दौर का खेला बाकी है।

### भाटिया संयुक्त 35वें, थीगाला संयुक्त 45वें स्थान पर

**अगस्ता।** भारतीय-अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया और सहिथ थीगाला रविवार को यहां अगस्ता नेशनल गोल्फ टूर्नामेंट में क्रमश: संयुक्त 35वें और संयुक्त 45वें स्थान पर रहे। स्कॉटी शेफलर ने चार शॉट के अंतर से तीन साल में अपना दूसरा अगस्ता मास्टर्स खिताब जीता। मास्टर्स टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे भाटिया ने अंतिम दौर में एक ओवर 73 का स्कोर बनाया जबकि दूसरी बार मास्टर्स टूर्नामेंट में खेल रहे थीगाला अंतिम दौर में तीन ओवर 75 का स्कोर ही बना सके। थीगाला पिछले साल शीर्ष 10 में रहे थे। शेफलर ने अंतिम दिन 68 के स्कोर से कुल 11 अंडर के स्कोर से चार शॉट की बढ़त के साथ खिताब अपने नाम किया।


### इंडियन प्रीमियर लीग में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले खिलाड़ियों में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर हैं। वहीं उनसे ऊपर केवल क्रिस गेल हैं। इसके साथ ही वह आईपीएल में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों में पहले स्थान पर हैं। उनके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और चेन्नई सुपरकिंग्स के एमएस धोनी का नंबर आता है। वहीं विदेशी खिलाड़ियों में एबी डिविलियर्स टॉप-5 में मौजूद हैं।




# मैच में चैलेंज बनी रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

## हैदराबाद ने 25 रनों से हराया, हेड के शतक और क्लासेन के अर्धशतक के दम पर आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया



ट्रेविस हेड

**बेंगलुरु, एजेंसी**

ट्रेविस हेड 102 रन की तूफानी शतकीय और हेनरिक क्लासेन 67 रन की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 30वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 25 रनों से हरा दिया है। छह मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद की यह चौथी जीत है।

288 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले पहले विकेट के लिये 80 रन जोड़े। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विराट कोहली को बोल्ड कर दिया। कोहली ने छह चौके और दो छक्के लगाते हुए 42 रन बनाये। उसके बाद विल जैक्स सात रन बनाकर रनआउट हो गये। कप्तान फाफ डुप्लेसी ने सात चौके और चार छक्के लगाते हुए 62 रन बनाये। उन्हें पैट कमिंस ने आउट किया। रजत पाटीदार नौ रन बनाकर आउट हुये। सौरव चौहान बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये।

एक समय 122 के स्कोर पर पांच विकेट गंवाकर संकट में फंसी टीम को दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर की पारी ने संभाला। महिपाल लोमरोर 19 रन बनाकर आउट हुये। मार्कंडेय ने कार्तिक की शानदार पारी का अंत किया। कार्तिक गुड लेंथ गेंद को ऑफ स्टंप के बाहर कवर के ऊपर से खेलने के प्रयास में बल्ले का बाहरी किनारा लगा और कीपर क्लासेन ने कैच पकड़ लिया। कार्तिक के आउट होते के साथ आरसीबी की जीत उम्मीदें भी समाप्त हो गईं। कार्तिक ने पांच चौके और सात छक्के लगाते हुए 83 रन बनाये। अनुज रावत 25 रन और विजय कुमार वैशाख एक रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी 20 ओवर में सात विकेट पर 262 रन ही बना सकी और 25 रन से मुकाबला हार गई। हैदराबाद की ओर से पैट कमिंस को तीन विकेट मिले और मयंक मार्कंडेय ने दो विकेट लिये।

सोमवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 108 रनों की साझेदारी की। नौवें ओवर में रीस टॉप्ली ने अभिषेक शर्मा 34 रन को लॉकी फर्ग्युसन के हाथों कैच कराया। ट्रेविस हेड ने नौ चौके और आठ छक्कों की मदद से 102 रन ठोके। वहीं हेनरिक क्लासेन ने भी ताबड़तोड़ अंदाज में दो चौके और सात छक्के लगाते हुए 67 रन बनाये। इन दोनों बल्लेबाजों को लॉकी फर्ग्युसन ने आउट किया। एडन मार्करम 32 और अब्दुल समद 37 रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 287 रनों का स्कोर खड़ा किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट लिये। रीस टॉप्ली ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 | +0.767 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 | +1.688 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.726 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.502 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.218 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.234 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |

**हैदराबाद 287/3** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 15

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का फर्ग्युसन बो टॉपली | 34 | 22 | 2/2 |
| ट्रेविस हेड का डु प्लेसी बो फर्ग्युसन | 102 | 41 | 9/8 |
| हेनरिच क्लासेन का विशाख बो फर्ग्युसन | 67 | 31 | 2/7 |
| एडेन मार्करम नाबाद | 32 | 17 | 2/2 |
| अब्दुल समद नाबाद | 37 | 10 | 4/3 |

**गेंदबाजी :** जैक्स 3-0-32-0, टॉपली 4-0-68-1, दयाल 4-0-51-0, फर्ग्युसन 4-0-52-2, विशाक 4-0-64-0, लोमरोर 1-0-18-0

**बेंगलुरु 262/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 14

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली बो मार्कंडेय | 42 | 20 | 6/2 |
| फाफ डु प्लेसी का क्लासेन बो कमिंस | 62 | 28 | 7/4 |
| विल जैक्स रन आउट | 07 | 04 | 1/0 |
| रजत पाटीदार का रेड्डी बो मार्कंडेय | 09 | 05 | 0/1 |
| सौरव चौहान पगबाधा बो कमिंस | 00 | 01 | 0/0 |
| दिनेश कार्तिक का क्लासेन बो नटराजन | 83 | 35 | 5/7 |
| महिपाल लोमरोर बो कमिंस | 19 | 11 | 0/2 |
| अनुज रावत नाबाद | 25 | 14 | 5/0 |
| विजयकुमार विशाख नाबाद | 01 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** शर्मा 1-0-10-0, भुवनेश्वर 4-0-60-0, शाहबाज 1-0-18-0, नटराजन 4-0-47-1, कमिंस 4-0-43-3, मार्कंडेय 4-0-46-2, उनादकट 2-0-37-0

# ऑस्ट्रेलिया के इनकार पर कुछ नहीं कर सकते : राशिद

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने कहा कि क्रिकेट उनके देशवासियों को खुशी के पल मुहैया कराता है लेकिन अगर कोई देश उनके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने से इनकार कर दे तो कुछ नहीं किया जा सकता। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से इनकार के बाद तर्क देते हुए कहा कि ऐसा करने से उनके देशवासी खुशी से महरूम हो गये।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तालिबान शासित देश में महिलाओं के साथ व्यवहार में गिरावट के चलते 2023 में अपने ही देश में अफगानिस्तान के साथ होने वाली वनडे श्रृंखला रद्द कर दी थी और इस साल के अंत में संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली टी20 श्रृंखला में खेलने से भी इनकार कर दिया। राशिद सहित अफगानिस्तान के अन्य खिलाड़ियों का 'बिग बैश लीग' में खेलना जारी है।

# अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा केकेआर

**कोलकाता, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग में यहां जब दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी तो उसके बल्लेबाजों के सामने ईडन गार्डन्स पर सुनील नरेन की गेंदबाजी का जवाब ढूंढने की चुनौती होगी। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नरेन ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

वर्ष 2012 में नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के बाद से नरेन ने ईडन गार्डन्स पर अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। मेंटर के रूप में टीम में गंभीर की वापसी के बाद नरेन ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को खिताब के दावेदारों में शामिल कर दिया है। तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करता है तो 10 टीम की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगा। रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ केकेआर की आठ विकेट की जीत में फिल सॉल्ट को नाबाद तूफानी अर्धशतक जड़ने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। लेकिन वह नरेन थे, जिनकी किफायती गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना सकी।

मौजूदा सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर जैसे बल्लेबाजों को हालांकि नरेन की चुनौती का हल ढूंढना होगा। यह देखना होगा कि जोस बटलर इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। मौजूदा सत्र में नरेन बल्ले से भी काफी अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने 183.51 के स्ट्राइक रेट से 33 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क ने भी सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में लय हासिल करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। इस मैच में मुख्य मुकाबला केकेआर की गेंदबाजी और रॉयल्स की बल्लेबाजी के बीच होगा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान , रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज। **समय :** मैच शाम 7 :30 बजे शुरू होगा।

# 'हाइब्रिड पिच' पर खेले जायेंगे आईपीएल के मैच

**धर्मशाला, एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ का खूबसूरत स्टेडियम बीसीसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त पहला स्टेडियम होगा जिसमें अत्याधुनिक 'हाइब्रिड पिच' बिछाई गई है जहां इस सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग के दो मैच होंगे। एचपीसीए के एक अधिकारी ने कहा, 'हाइब्रिड पिच बिछा दी गई है और आईपीएल के दो मैच खेले जायेंगे।'

नीदरलैंड की 'एसआईएस ग्रास' कंपनी को इसका जिम्मा दिया गया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह पिच अधिक टिकाऊ, स्थिर और हाई परफॉर्मिंग होगी। एचपीसीए अध्यक्ष आर पी सिंह ने कहा,'' भारत में हाइब्रिड पिच तकनीक का आगमन क्रिकेट के लिये बहुत महत्वपूर्ण पल है।' इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और एसआईएस के अंतरराष्ट्रीय निदेशक पॉल टेलर ने कहा, 'भारत में हमारे डिलिवरी साझेदार पिच विशेषज्ञ ग्रेटर टेन के साथ मिलकर एसआईएस ग्रास हाइब्रिड पिच जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं के जरिये भारतीय क्रिकेट के इकोसिस्टम में निवेश करने को लेकर प्रतिबद्ध है।'' हाइब्रिड पिच में मैदान के भीतर की कुदरती टर्फ के साथ कुछ प्रतिशत पोलीमर फाइबर होता है। इससे पिच टिकाऊ रहती है और समान उछाल भी मिलता है।

## बॉलीवुड हलचल

# भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना हंसी के खजाना रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना ''हंसी के खजाना'' रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह और गायिका ममता राउत का शिक्षा से भरपूर गीत ''हंसी के खजाना'' यूट्यूब पर आ गया है। इस गाने में अक्षरा सिंह की अदाकारी और ममता राउत की आवाज है।यह गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इसके वीडियो में दिख रहा है कि अक्षरा लाल साड़ी पहने, आँखों पर सिंपल चश्मा और मांग में सिंदूर लगाये हुए अध्यापिका के गेटअप में स्कूल में बच्चों को पढ़ा रही हैं। उनका पढ़ाने का अंदाज एकदम निराला है। वह इस वीडियो में बच्चों को प्रेरणा स्रोत एवं शिक्षा पूर्ण गाना सुनाकर पढ़ा रही हैं और प्रेरणा दे रही हैं। इस गाने को फणीन्द्र राव ने लिखा है और संगीतकार ओम झा हैं। इस गाने में अक्षरा सिंह बच्चों को पढ़ाते हुए कह रही हैं कि ...हंसी के खजाना लेके आइल बानी, तोहनी के पसंन के सुनाईब हम कहानी... त बच्चा लोग के के सुनी...हंसी के खजाना लेके आइल बानी, तोहनी के पसंन के सुनाईब हम कहानी... खोलिके तू कान से सुनि ला धियान से, ना होई परेशानी... हंसी के खजाना लेके आइल बानी...। गौरतलब है कि ''हंसी के खजाना'' गाना फिल्म ''अक्षरा'' का है। वर्ल्डवाइड चैनल और सबरंग फिल्म प्रोडक्शंस प्रस्तुत फिल्म ''अक्षरा'' के निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव, रत्नाकर कुमार हैं। निर्देशक देव पांडेय हैं। लेखक राकेश त्रिपाठी हैं।




# फिल्म के लिए मिल रही तारीफ से भावुक हुईं परिणीति चोपड़ा

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिये मिल रही तारीफ से भावुक हो गयी हैं। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका में हैं। ''अमर सिंह चमकीला'' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अमर सिंह की भूमिका में हैं, जबकि परिणीति अमर सिंह की पत्नी अमरजोत कौर बनी हैं। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिये मिल रही तारीफ से परिणीति चोपड़ा भावुक हो गयी हैं। परिणीति चोपड़ा ने भावुक होकर इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में परिणीति चोपड़ा ने ''अमर सिंह चमकीला'' के सेट की बीटीएस फोटो शेयर कर कैप्शन लिखकर बताया है कि उनके आंसू नहीं थम रहे हैं। परिणीति चोपड़ा फोटोज में इम्तियाज अली और दिलजीत दोसांझ के साथ पोज करतीं और मस्ती करती नजर आ रही हैं। परिणीति ने फोटोज के साथ कैप्शन में लिखा, कंबल में लिपटी हूं और आपके शब्दों, कॉल और फिल्म रिव्यूज से अभिभूत हूं (मेरे आंसू नहीं रुक रहे हैं) परिणीति इज बैक, यह शब्द तेजी से गूंज रहे हैं। ऐसा नहीं सोचा था, हां मैं वापस आ गई हूं और कही नहीं जाने वाली हूं।



# श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने का गाना तू मिल गया रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने' का गाना 'तू मिल गया' रिलीज हो गया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का गाना 'तू मिल गया' हो गया है। तनिष्क बागची द्वारा रचित यह गाना राजकुमार राव और अलाया एफ पर फिल्माया गया है। जुबिन नौटियाल और तुलसी कुमार द्वारा स्वरबद्ध किये गए इस गाने को श्लोक लाल ने लिखा है। फिल्म ''श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने'' उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है, जिन्होंने अपनी दृश्यहीनता को अपने सपनों पर हावी नहीं होने दिया और बोलेंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की। फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव के अलावा अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर की भी अहम भूमिका है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# 75 साल के चुनावी इतिहास में ईसी की सबसे बड़ी कार्रवाई

*लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों का एलान हो चुका है। सभी पार्टियां चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। चुनाव आते ही पार्टी और प्रत्याशी धनबल का इस्तेमाल हर बार मतदाताओं को लुभाने के लिए करते ही हैं। इस बार भी ऐसा ही माहौल बना हुआ है लेकिन चुनाव आयोग ने इस साल धनबल के इस्तेमाल पर अब तक की सबसे बड़ी जब्ती की है।*

- चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि उसकी निगरानी में अधिकारी लोकसभा चुनाव से पहले एक मार्च से हर दिन 100 करोड़ रुपये की जब्ती कर रहे हैं। आयोग ने कहा कि प्रवर्तन अधिकारियों ने लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से पहले ही 4,650 करोड़ रुपये जब्त किए हैं और यह 2019 के चुनावों में की गई 'कुल जब्ती से अधिक' है।



## 2024 में चुनाव आयोग की सबसे अधिक जब्ती

चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि 2024 के आम चुनाव के साथ, ईसीआई देश में लोकसभा चुनावों के 75 साल के इतिहास में दर्ज की गई सबसे अधिक प्रलोभन की जब्ती की राह पर है।18वीं लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान शुरू होने से पहले ही प्रवर्तन एजेंसियों ने धनबल पर रोक लगाने के लिए 4,650 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड जब्ती की है।

## तमिलनाडु में सबसे ज्यादा कैश, कर्नाटक में शराब

तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 53 करोड़ कैश, तेलंगाना में 49 करोड़, महाराष्ट्र में 40 करोड़, कर्नाटक और राजस्थान में 35-35 करोड़ रुपए से ज्यादा जब्त किए गए हैं। कर्नाटक में सबसे ज्यादा 124.3 करोड़ की शराब सीज की गई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 51.7 करोड़, राजस्थान में 40.7 करोड़, उत्तर प्रदेश में 35.3 करोड़ और बिहार में 31.5 करोड़ रुपए की शराब जब्त की गई।

## ड्रग्स जब्ती में गुजरात समेत 5 राज्य आगे

आंकड़ों के मुताबिक कुल जब्ती में 45 फीसदी ड्रग्स और नशीले पदार्थ हैं। गुजरात से सबसे ज्यादा करीब 485.99 करोड़ रुपए के ड्रग्स बरामद किए गए हैं। इसके बाद तमिलनाडु में 293.02 करोड़, पंजाब में 280.81 करोड़, महाराष्ट्र में 213.56 करोड़ और दिल्ली में 189.94 करोड़ के ड्रग्स जब्त किए गए हैं।

## हर दिन करीब 100 करोड़ की जब्ती हो रही

आयोग के मुताबिक, 1 मार्च के बाद से जब्त किए गए सामान में 2068.85 करोड़ के ड्रग्स, 1142.49 करोड़ के मुफ्त में बांटे जाने वाले सामान, 562.10 करोड़ की कीमती धातुएं, 489.31 करोड़ की शराब और 395.39 करोड़ कैश शामिल है। कैश सहित सभी सामानों को मिलाकर हर दिन करीब 100 करोड़ रुपए सीज किए जा रहे हैं।

# हवाई यात्रा के सपने की कीमत 150 रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यदि विमान में बैठने का सपना हो और महंगे टिकट के चलते उसे पूरा नहीं कर पा रहे हों, तो आप असम जा सकते हैं। यहां सिर्फ 150 रुपये में आपका सपना पूरा हो सकता है।

असम के लीलाबाड़ी से तेजपुर तक के लिए विमान कंपनी अलायंस एयर केंद्र सरकार की 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) स्कीम के तहत यह सुविधा दे रही है। कंपनी की इस रूट पर रोज दो उड़ानें हैं, जो दो महीने से लगभग फुल चल रही हैं। यात्रा पोर्टल 'इक्सिगो' के अनुसार, तेजपुर से लीलाबरी बस से जाते हैं 216 किमी के सफर में 4 घंटे लगते हैं। जबकि इसी रूट पर हवाई दूरी 147 किमी है, जो फ्लाइट से 25 मिनट में पूरी हो जाती है। इस यात्रा में एक तरफ का किराया 150 रुपये है। इसी रूट पर वाया कोलकाता वाली फ्लाइट का किराया 450 रुपये है। जब से यहां सस्ती विमान सेवा शुरू हुई, तब से ऑक्यूपेसी 95 फीसदी तक है।

बता दें, 2017 में शुरू हुई 'उड़ान' का पूर्वोत्तर में अच्छा रिस्पॉन्स है। असम, मेघालय, नगालैंड, अरुणाचल, सिक्किम की 73 हवाई पट्टियां स्कीम से जुड़ी हैं। अलायंस एयर, फ्लाईबिग, इंडिगो यहां सेवा दे रही हैं। इसी स्कीम के तहत 2021 में इंफाल से शिलॉन्ग के लिए सीधी उड़ान शुरू हुई थी।

## 2016 से शुरू हुई उड़ान सेवा... इतनी सस्ती कैसे



एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर किराए को किफायती बनाने के लिए उड़ान योजना के तहत एयरलाइंस को वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) दी जा रही है। इससे कंपनी को मूल किराए में हुए नुकसान की भरपाई हो जाती है। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और हवाईअड्डा परिचालक क्षेत्रीय उड़ान सेवा के तहत उड़ानों के लिए विभिन्न प्रोत्साहन देते हैं। अन्य बातों के अलावा, इन उड़ानों के लिए कोई 'लैंडिंग' या 'पार्किंग' शुल्क नहीं है। नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना को प्रोत्साहित करने तथा हवाई यात्रा को और अधिक किफायती बनाने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर, 2016 को उड़ान सेवा शुरू की।

## एक नजर

### अफ्रीका के पूर्वी हिस्से में भारी बारिश से अब तक 58 की मौत

**दार एस सलाम।** अफ्रीका के पूर्वी हिस्से में स्थित देश तंजानिया के 10 क्षेत्रों में भारी बारिश हो रही है। कई हिस्सों में बाढ़ से 58 लोग मारे गए हैं, जबकि, कई लापता हैं। मुख्य सूचना सेवा के निदेशक ने कहा कि पीड़ितों की मौत 01 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच हुई है। मतिनयी ने बंदरगाह शहर दार एस सलाम में रविवार को कहा कि 58 मौतों में से 10 अरुशा क्षेत्र में, चार गीता में, दो दार एस सलाम में, पांच इरिंगा में, एक किलिमंजारो में, चार लिंडी में, छह म्बेया में, पांच मोरोगोरो में, 11 कोस्ट में और 10 रुकवा में हुई हैं।

### घाटी के दो जिलों में हिमस्खलन और हिमपात की चेतावनी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने अगले 24 घंटों के दौरान कश्मीर घाटी के दो जिलों के ऊंची चोटियों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। जेकेडीएमए के अधिकारियों ने सोमवार को कहा है कि, उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा जिले और मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में 2,400 मीटर से ऊंची चोटियों पर मध्यम स्तर के खतरे' का हिमस्खलन होने का अनुमान जताया है। कश्मीर घाटी में पिछले दो दिनों से बड़े पैमाने पर व्यापक बारिश हुई और कुछ ऊपरी चोटियों में ताजा हिमपात भी हुआ है।



### नेपाल में वसंत आगमन के स्वागत में सिन्दूर यात्रा...

**भक्तपुर।** नेपाल के भक्तपुर स्थित बालकुमारी मंदिर में रविवार को सिंदूर जात्रा उत्सव मनाया गया। यह वसंत और नववर्ष के आगमन का प्रतीक है। लोगों ने सिंदूर और गुलाल उड़ाकर जश्न मनाया और 32 देवी-देवताओं के शाही रथ खींचे गए हैं।

### हरियाणा के अंबाला में मिनी ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे श्रद्धालु

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला जिले में अधोया गांव के पास श्रद्धालुओं को ले जे रहे मिनी ट्रक का टायर फटने से वाहन पलट गया, जिस कारण कुछ यात्री घायल हो गए। पुलिस ने कहा- मिनी ट्रक में 18 श्रद्धालु त्रिलोकपुर माता मंदिर में माथा टेककर कैथल स्थित अपने घर लौट रहे थे। तभी अचानक ट्रक का टायर फट गया, जिससे सभी बाल-बाल बच गए।

# ईरान में फंसे 17 भारतीयों से जल्द मिल सकेंगे अधिकारी: जयशंकर

## जंग शुरू होने के बाद भारतीय दूतावास और ईरानी अधिकारियों के बीच जारी है बातचीत

**नई दिल्ली, एजेंसी**




भारत ने ईरान द्वारा जब्त किए गए पुर्तगाली मालवाहक जहाज पर सवार 17 भारतीयों को रिहा करने का आग्रह किया है। केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बताया कि भारतीय दूतावास और ईरानी अधिकारियों के बीच बातचीत हुई है।

उन्होंने कहा, मैंने कल रात अपने ईरानी समकक्ष हुसैन आमीर अब्दुल्लाहियन से बात की। मैंने उनपर दबाव डाला और उनसे कहा कि जहाज में 17 भारतीय सवार हैं। हम इन लोगों की रिहाई पर ईरानी सरकार से बात कर रहे हैं। हमने उनसे कहा कि इन लोगों को हिरासत में नहीं लिया जाए।

शनिवार को ईरानी सेना ने इस्राइल से जुड़े एक कार्गो जहाज को होर्मुज जलडमरूमध्य के पास जब्त कर लिया था। इस जहाज में 17 भारतीय भी सवार थे। जयशंकर ने आगे कहा, "मुझे कुछ रिपोर्ट मिले, लेकिन मैं चाहता हूं कि हमारे दूतावास के लोग वहां जाए और उन लोगों से मिले। यह मेरे लिए संतुष्टि का पहला पड़ाव होगा। मैं पूरी तरह से दबाव डालूंगा कि ये लोग भारत वापस आ जाए। मेरे ईरानी समकक्ष भी इससे बहुत हद तक सहमत थे।" जयशंकर ने बताया कि उन्होंने (ईरानी समकक्ष) कहा कि हम समझते हैं और हम कोशिश करेंगे और कुछ अच्छा करेंगे।

### हमले में प्रयोग किए 80 ईरानी ड्रोन को अमेरिका ने किया नष्ट



**वाशिंगटन।** पेंटागन ने रविवार को कहा कि अमेरिका ने ईरान द्वारा इजराइल पर दागे गए 80 से अधिक यूएवी और कम से कम छह बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट कर दिया। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि अमेरिकी यूरोपीय कमांड विध्वंसक द्वारा समर्थित अमेरिकी बलों ने शनिवार और रविवार को ईरान और यमन से इजरायल को निशाना बनाने वाले 80 से अधिक ड्रोन और कम से कम छह बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट किया है। सेंटकॉम ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा, "इसमें लॉन्चर वाहन पर एक बैलिस्टिक मिसाइल और यमन में ईरान समर्थित हूतियों द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों में लॉन्च से पहले जमीन पर नष्ट किए गए सात यूएवी शामिल हैं। ईरान ने इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागीं जिसे तेहरान ने सीरिया में ईरान के दूतावास पर एक अप्रैल को किए उसके हमले की प्रतिक्रिया बताया है। ईरान के लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को इजराइली, अमेरिकी और सहयोगी सेनाओं ने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले हवा में ही मार गिराया। एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि शनिवार और रविवार सुबह अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने 80 ड्रोन और कम से कम छह बैलिस्टिक मिसाइलें मार गिरायीं जो ईरान तथा यमन की ओर से इजराइल की ओर छोड़ी गई थीं।

## तनाव के बीच पाकिस्तान की यात्रा करेंगे ईरानी राष्ट्रपति

**इस्लामाबाद।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी 22 अप्रैल को पाकिस्तान की यात्रा करने वाले हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, रईसी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और सैन्य नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे।

बता दें, रईसी की यात्रा ऐसे समय होगी जब तेहरान ने कुछ दिन पहले ही सीरिया में दमिश्क स्थित अपने वाणिज्य दूतावास पर कथित हमले में इजराइल पर रविवार को मिसाइलों से जवाबी कार्रवाई की है। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया है कि, जनवरी में, ईरान के सीमा पार हमलों के जवाब में पाकिस्तान ने ईरानी क्षेत्र के अंदर आतंकवादियों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन और रॉकेट का उपयोग करके सटीक हमले किए थे। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सुन्नी बलूच आतंकवादी समूह दो ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया था। जैश अल-अदल 2012 में बनाया गया एक बलूच सुन्नी आतंकवादी समूह है जो ज्यादातर पाकिस्तान में सक्रिय है।

# ऑस्ट्रेलिया में फिर चाकू से हमला, पादरी समेत कई घायल

- पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिडनी, एजेंसी**



ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में चाकूबाजी की एक और घटना सामने आई है। वेकली में स्थित द गुड शेफर्ड चर्च में एक पादरी और इकट्ठा हुए कुछ और लोगों पर हमला किया गया है। चाकूबाजी में कई लोग घायल हुए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना चर्च सर्विस के दौरान हुई है। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही इलाके की घेराबंदी कर ली और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया है कि, आरोपी जांच में मदद कर रहा है।

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें बिशप मार मारी इमैनुएल चर्च की स्टेज पर खड़े हैं। इस दौरान काले जंपर पहने एक शख्स उनकी तरफ भागता है और उन्हें खींचकर सीने पर चाकू मार देता है। इसके बाद पादरी जमीन पर ही गिर जाते हैं और हमलावर उन्हें चार से पांच बार और चाकू मारता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पादरी व अन्य लोगों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में ही वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में शनिवार को चाकूबाजी और गोलीबारी के कारण हड़कंप मच गया था। इस घटना में पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए थे। इस घटना पर सिडनी पुलिस ने सोमवार को बड़े खुलासे किए हैं। पुलिस का कहना है कि हो सकता है कि हमलावर के निशाने पर सिर्फ महिलाएं थीं, क्योंकि घटना में मारे गए छह लोगों में से पांच महिलाएं हैं।

## ट्रंप की रैली में लगे बाइडन को खत्म करने के नारे

**न्यूयॉर्क।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के चलते अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के खिलाफ भी अमेरिका में भी नाराजगी बढ़ रही है। इसकी बानगी तब देखने को मिली, जब पेन्सिलवेनिया में डोनाल्ड ट्रंप एक रैली को संबोधित कर रहे थे, उसी दौरान कुछ लोगों ने जो बाइडन को खत्म करने के नारे लगाने शुरू कर दिए। जिसके बाद कई अन्य लोगों ने भी ऐसे ही नारे लगाए।

दरअसल डोनाल्ड ट्रंप रैली को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने 'जो बाइडन को खत्म करो' (जेनोसाइड जो) के नारे लगाने शुरू कर दिए। जिन्हें सुनकर डोनाल्ड ट्रंप ने अपना भाषण रोक दिया। इसके बाद कई और लोगों ने भी ऐसे ही नारे लगाने शुरू कर दिए।


## रूपाला का टिकट काटने का अल्टीमेटम...



**राजकोट:** गुजरात की राजकोट लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला के विवादित बयान से खफा क्षत्रिय समाज ने शक्ति प्रदर्शन किया। राजकोट के करीब रतनपर में समाज ने महादरबार (क्षत्रिय अस्मिता महासम्मेलन) लगाया। समाज के नेताओं ने अल्टीमेटम दिया है कि अगर 19 अप्रैल तक रूपाला का टिकट रद नहीं हुआ तो गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों का विरोध होगा। ● एजेंसी

# मणिपुर के विस्थापित लोगों की मांग सुनने से सुप्रीम इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा के लिए लगाई थी गुहार

उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर में जातीय संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित लगभग 18 हजार लोगों के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इस अदालत का हस्तक्षेप, विशेष रूप से इस विलंबित चरण में, मणिपुर के लिए लोकसभा के आगामी आम चुनावों के संचालन में महत्वपूर्ण बाधाएं पैदा करेगा। पीठ ने कहा, आप अंतिम समय में आये हैं। इस स्तर पर, वस्तुतः क्या किया जा सकता है? हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं कर सकते है। वहीं, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने कहा कि 18,000 आंतरिक रूप से विस्थापित लोग हैं। वे मणिपुर में चुनाव में मतदान करना चाहते हैं।

मणिपुर मई 2023 से हिंसा की चपेट में है। 3 मई को पहली बार राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 160 से अधिक लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग घायल हैं, जब पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्चका आयोजन किया गया था।

## सिंगापुर के अगले पीएम होंगे वोंग, ली सीन लूंग छोड़ेंगे पद



**सिंगापुर।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने सोमवार को कहा कि वह 15 मई को अपने पद से इस्तीफा देंगे। लॉरेंस वोंग को अगला प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाएगा। वोंग फिलहाल देश के उप प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान में हैंडओवर की तारीख की घोषणा की है। बयान के अनुसार, ली सीन 15 मई को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देंगे और डीपीएम लॉरेंस वोंग अगले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। ली 2004 से सिंगापुर के तीसरे प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी के महासचिव के रूप में कार्यरत हैं।

# गैंगस्टर लखबीर लांडा के 12 गुर्गे गिरफ्तार

- कारोबारी से मांगी थी दो करोड़ की रंगदारी, दो लग्जरी बाइक समेत हथियार बरामद

**कपूरथला, एजेंसी**



पकड़े गए सभी आरोपियों के साथ मौजूद पंजब पुलिस की टीम।

अमेरिका में बैठे गैंगस्टर लखबीर सिंह लंडा के 12 गुर्गों को कपूरथला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने लंडा और उसके यूके रहते साथी हरजीत सिंह भंडाल के कहने पर सुल्तानपुर लोधी के एक कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग करके दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी।

आरोपियों पर पहले भी कई लूटपाट व आर्म्स एक्ट के केस दर्ज हैं। इनसे पुलिस ने 7.65 बोर की एक पिस्टल, एक देसी रिवाल्वर 32 बोर, एक देशी पिस्तौल 7.62 बोर, 26 रौंद और 2 लग्जरी बाइक बरामद किए हैं। एससपी वत्सला गुप्ता ने बताया कि 10 मार्च को कपूरथला से संबंधित एक धनाढ्य व्यक्ति के घर के बाहर फायरिंग करके दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। पुलिस के पास मामला पहुंचने के बाद सीआईए स्टाफ कपूरथला, डीएसपी-डी और काउंटर इंटेलीजेंस जालंधर की टीम के साथ संयुक्त आपरेशन चलाया गया। इस दौरान तफ्तीश में मालूम हुआ कि अमेरिका बैठा गैंगस्टर लखबीर सिंह उर्फ लंडा निवासी हरिके जिला तरनतारन अपने यूके में रहते साथी हरजीत सिंह भंडाल निवासी गांव चिट्टी थाना लांबड़ा जिला जालंधर के जरिये जिला कपूरथला व इसके आसपास के एरिया में धनाढ्य व एनआरआई को धमकियां देकर रंगदारी की मांग कर रहे हैं। इस पर आपरेशन टीम ने इनपुट और तकनीकी आधार पर ट्रैप लगाकर 12 गुर्गों को सुल्तानपुर लोधी, तरनतारन, संगरूर, जालंधर और शाहकोट से काबू करने में सफलता हासिल की।

पहले मुख्य आरोपी जसवीर सिंह उर्फ जस्सा निवासी गांव गिल नकोदर, यूके रहते हरजीत सिंह का भाई मनिंदर सिंह निवासी गांव चिट्टी जालंधर, गुरजीत सिंह उर्फ ज्ञानी निवासी नकोदर को पहले गिरफ्तार किया गया।

## कांगो में आतंकी हमला, 11 लोगों को उतारा मौत के घाट

**किंशासा (कांगो)।** कांगो में आतंकी हमला हुआ है। इस दौरान हमलावरों ने पूर्वी कांगो में कम से कम 11 लोगों की हत्या कर दी। मीडिया के अनुसार, इस्लामिक स्टेट से जुड़े हमलावरों ने लोगों की हत्या करने के बाद वाहनों में भी आग लगा दी।

इस्लामिक स्टेट से जुड़े हमलावरों ने यह हमला पूर्वी कांगो के गांवों पर हमला किया, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। हमलावरों ने इस दौरान लोगों के संपत्ति पर भी कब्जा कर लिया गया। बता दें, कि यह हमला शनिवार को हुआ था। हालांकि, स्थानीय मेयर ने इसकी जानकारी रविवार को दी। इस्लामिक स्टेट से जुड़े कई ग्रुप युगांडा के आसपास सक्रिय हैं। संयुक्त राष्ट्र ने हाल ही में कहा था कि इस साल इस क्षेत्र में आतंकियों के हमले में करीब 200 लोग मारे गए हैं।

**विज्ञान** हजारों ग्रहों की खोज के बाद इस उपग्रह के समुद्र में मिले सूक्ष्म जीवन के साक्ष्य

# शनि के उपग्रह एन्सेलाडस में ठहरी जीवन की तलाश

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश शनिग्रह के उपग्रह पर जा ठहरी है। इस ग्रह के उपग्रह एन्सेलाडस के समुद्र में ऐसी कोशिकाएं (सूक्ष्म जीवन) के साक्ष्य मिले हैं, जो पृथ्वी के समुद्रतल में भी मौजूद हैं। इस खोज से पुष्टि होती है कि पृथ्वी के अलावा हमारे अपने सौर मंडल के दूसरे ग्रह में भी जीवन मौजूद है।

जीवन की तलाश मे वैज्ञानिक ब्रह्मांड की खाक छानने में जुटे हैं। हजारों ग्रहों की खोज के बाद अब जो सबूत मिले हैं, वह दूसरे ग्रहों पर जीवन बसाने की संभावनाओं को बल देता है। फिलहाल वैज्ञानिक मंगल पर जीवन बसाने की योजनाओं में जुटे हुए हैं, जबकि मंगल पर अभी तक जीवन के कोई ठोस चिन्ह नही मिले हैं। मगर एन्सेलाडस मे सूक्ष्म जीवन की मौजूदगी से उम्मीद जताई जाने लगी है कि भले ही जीवन बसाने का लक्ष्य मंगल ग्रह हो, लेकिन भविष्य में अधिक संभावनाएं शनि ग्रह के उपग्रहों में नजर आती है। बहरहाल एन्सेलेडस की सतह में समुद्र हैं और जलवाष्प के फब्बारे निकलते हैं। नासा के अंतरिक्ष यान कैसिनी के जरिए इसका पता चल पाया है। कैसिनी से प्राप्त डेटा के नए अध्ययन में सब-माइक्रोमीटर कणों के प्रमाण मिले हैं जो पृथ्वी के महासागरों में हाइड्रोथर्मल वेंट में जीवाणु कोशिकाओं के समान आकार के हैं। एन्सेलाडस की सतह पर बर्फ की दरारों से निकलने वाले फब्बारों के आंतरिक भाग में एक तरल महासागर है।



शनि ग्रह के उपग्रह एन्सेलाडस के समुद्र से निकलते फब्बारों की तस्वीर।

### समाप्त हो चुका है कैसिनी का मिशन

नासा का अंतरिक्ष मिशन कैसिनी का मुख्य उद्देश्य शनि व इसके उपग्रहों की जांच पड़ताल करना था। इस अंतरिक्ष यान ने शनि के उपग्रहों के करीब पहुंचकर महत्वपूर्ण तस्वीरों को कैमरे में कैद किया और शनि समेत इसके उपग्रहों के अनेक राज हम तक पहुंचाए हैं। जिनका अध्ययन कर वैज्ञानिक आज भी नित नई जानकारी जुटा रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी मिशन का समय अब खत्म हो चुका है।

शनि ग्रह का उपग्रह एन्सेलाडस एक दिलचस्प छोटी सी दुनिया है, जिसकी बाहरी बर्फ की परत के नीचे खारे पानी का एक वैश्विक महासागर छिपा हुआ है। यह खोज पोलैंड के तीन वैज्ञानिकों द्वारा सामूहिक रूप से की गई है।